राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

11 पलक तिवारी ने स्ट्रैप-लैस गाउन में...

संचार साथी ऐप पर विरोध को लेकर... 12

गाजियाबाद, बुधवार 03 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 270, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### तमिलनाडु में चक्रवात दित्वाह का असर, चेन्नई समेत कई जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के तट पर पहुंचे चक्रवात दित्वाह का मौसम पर असर बना हुआ है। मंगलवार को यहां कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अलर्ट के बाद राजधानी चेन्नई समेत तिरुवल्लूर और कांचीपुरम जिलों में स्कूल और कॉलेज 2 दिसंबर को बंद कर दिए गए हैं।



तीनों जिलों के अधिकारियों ने सोमवार देर रात एहतियाती कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया है। मौसम को देखते हुए अगला निर्णय लिया जाएगा। जिला अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और आपदा प्रबंधन एजेंसियों द्वारा जारी की गई सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। आईएमडी ने तमिलनाडु और पुडुचेरी तटों के निकट बने चक्रवाती तूफान दित्वाह के कारण चेन्नई और तिरुवल्लूर जिलों में मंगलवार सुबह तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और चेन्नई जिलों में अड्यार, कोसस्थलैयार, अरनियार नदियों में बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है। तमिलनाडु के आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने रविवार को बताया था दित्वाह के कारण बारिश से संबंधित घटनाओं में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार को भी चेन्नई और उसके आसपास के जिलों में लगातार बारिश से सड़कें, राजमार्ग और निचले इलाकों की आवासीय कॉलोनियों में जलभराव हो गया। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कृषि, पशु, घर और मानव हानि के लिए पीड़ितों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से तत्काल मुआवजा देने का आदेश दिया है।

### कुवैत से हैदराबाद की इंडिगो उड़ान को मानव बम से उड़ाने की धमकी, मुंबई भेजी गई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य पूर्वी देश कुवैत से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद आ रही इंडिगो की उड़ान में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब उसे मानव बम से उड़ाने की धमकी मिली। हैदराबाद हवाई अड्डे को एक विस्तृत ईमेल मिला था, जिसमें विमान को मानव बम से उड़ाने की बात लिखी गई थी। धमकी को गंभीरता से लेते



हुए तुरंत हैदराबाद जा रही उड़ान को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। विमान सुरक्षित उतर गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंडिगो की उड़ान 6ई1234 कुवैत से हैदराबाद के लिए सोमवार रात 1:30 बजे निर्धारित समय पर रवाना हुई थी। उड़ान को मंगलवार सुबह 8:10 बजे हैदराबाद हवाई अड्डे पर उतरना था। बम की धमकी के कारण उड़ान को मुंबई हवाई अड्डे पर कड़ी सुरक्षा के बीच उतारा गया है। हवाई अड्डे पर बम निरोधक दस्ता तैनात है। मानव बम की सूचना होने के कारण सभी यात्रियों की गहन जांच की जाएगी। सोमवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड क्षेत्र में एक निजी स्कूल को बम विस्फोट की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस ने किसी भी संदिग्ध वस्तु की तलाश शुरू की, जो एक अफवाह निकली। इससे पहले 12 नवंबर को मुंबई से वाराणसी एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम होने की धमकी से अफरा-तफरी मच गई। विमान हवा में था, तभी वाराणसी एटीसी को धमकी वाला ईमेल आया था। विमान की वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी।

### चेन्नई मेट्रो में आई तकनीकी खराबी, सुरंग के अंदर चलकर बाहर निकले यात्री

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में मंगलवार की सुबह अपने काम से जाने वाले लोगों को चेन्नई मेट्रो ने रुला दिया। दरअसल, ब्लू लाइन पर मेट्रो विमको नगर डिपो और चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच चलने वाली मेट्रो में मंगलवार तड़के तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद मेट्रो एक सब-वे के अंदर फंस गई। पूरी मेट्रो में अंधेरा छा गया। बाद में यात्रियों को सुरंग के रास्ते से पैदल चलाकर बाहर निकाला गया। मेट्रो में सेंट्रल मेट्रो और हाई कोर्ट स्टेशन के बीच सब-वे में फंसी थी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें यात्री अंधेरे में मेट्रो कोच के अंदर रेलिंग को पकड़े दिख रहे हैं।

# बिहार विधानसभा की कार्यवाही स्थगित, स्पीकर बने भाजपा के प्रेम कुमार

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव हो गया है। मंगलवार को सर्वसम्मति से भाजपा के डॉक्टर प्रेम कुमार को स्पीकर चुना गया है। उनके चयन की औपचारिक घोषणा के बाद सदन में हर-हर महादेव और जय श्रीराम के नारे लगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव प्रेम को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उनको बैठाया। नीतीश कुमार ने प्रेम के चयन पर सभी नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी है। गयाजी के रहने वाले प्रेम कहार जाति से हैं। वे चंद्रवंशी समुदाय से आते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और बेटी हैं। दोनों की शादी हो



चुकी है। उनका बेटा भी भाजपा से जुड़ा है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा में पदाधिकारी है। प्रेम सहज और अपने इलाके में हमेशा उपलब्ध रहने वाले नेता माने जाते हैं। यही कारण है कि पिछले 35 साल से प्रेम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। वर्ष 1990 से 65 वर्षीय प्रेम लगातार चुनाव जीत रहे हैं। इस बार उन्होंने मुख्य प्रतिद्वंद्वी, कांग्रेस के अखौरी ओनकार नाथ को 26,423 वोट से हराया था। कुमार को 90,878 वोट मिले थे। प्रेम ने 1990 के बाद 1995, 2000, 2005 और इसके बाद फिर हुए 2005 के चुनाव में जीत दर्ज की। फिर 2010, 2015, 2020 और 2025 में भी चुनाव जीता है। प्रेम कृषि, पशुपालन, पर्यटन, सहकारिता, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण विभाग संभाल चुके हैं। बिहार की गया सीट पर कभी कांग्रेस का वर्चस्व था, जिसे 1990 में प्रेम ने तोड़ दिया। जब बिहार में भाजपा अपनी जगह बना रही थी, तब प्रेम ने पार्टी का साथ दिया और आज तक उनका साथ जारी है। 1990 से पार्टी ने अपना गयाजी टाउन से उम्मीदवार नहीं बदला है और जनता का भी साथ बना रहा। अपने पहले चुनाव में प्रेम ने कम्युनिस्ट पार्टी के शकील अहमद खान को करीब 5,000 वोट से हराया था।

> **अपने पहले चुनाव में प्रेम ने कम्युनिस्ट पार्टी के शकील अहमद खान को करीब 5,000 वोट से हराया था**

### आसाराम की जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका, पीड़िता के पिता ने कहा-दोबारा भेजा जाए जेल

**शाहजहांपुर (आरएनएस)।** यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी कथावाचक आसाराम इलाज के लिए जमानत पर है. आसाराम की जमानत के खिलाफ यूपी की पीड़िता के पिता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. आसाराम को दोबारा सलाखों के पीछे भेजने के लिए पीड़िता के पिता ने सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है. कहा है कि आसाराम को कोई बीमारी नहीं है, फिर विशेष ट्रीटमेंट क्यों दिया जा रहा है? शाहजहांपुर के रहने वाले पीड़िता के पिता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका बेल खारिज करने के लिए दी है. आसाराम बीमारी का बहाना कर अपने लोगों के साथ मिलता-जुलता है, सत्संग करता है. अगर कोई बीमारी है तो जेल में डॉक्टर से इलाज कराया जाए. और भी कैदी बीमार होते हैं तो वह जेल में ही इलाज करवाते हैं. आसाराम को क्यों विशेष ट्रीटमेंट दिया जा रहा है? विशेष रियायत क्यों दी जा रही है? इसलिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की है कि शुक्रवार को सुनवाई हो. आसाराम के के बाहर रहने से मेरे पूरे परिवार को जान का खतरा है. सारे गवाहों को खतरा है। पीड़िता के पिता ने कहा कि पहले सुरेशानंद और भोलानंद, अब गवाह राहुल सचान गवाह भी गायब है।



## एसआईआर याचिकाओं पर चुनाव आयोग का सुप्रीम में जवाब

### कहा-प.बंगाल में बड़े पैमाने पर वोटर डिलीट करने के आरोप झूठे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर वोटर डिलीट करने के बारे में झूठे आरोप लगाए गए हैं और यह अपने राजनीतिक फायदे को आगे बढ़ाने की कोशिश है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने 11 नवंबर को कांग्रेस की पश्चिम बंगाल यूनिट और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की तरफ से राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। चुनाव आयोग ने पिछले हफ्ते तृणमूल कांग्रेस की सांसद डोला सेन और दूसरों की याचिका पर 81 पेज का जवाबी हलफनामा दाखिया किया. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी तक वोटरों के नाम बाहर होने के आरोपों को गलत बताया. चुनाव आयोग ने कहा कि 99.77 फीसदी मौजूदा वोटरों को पहले से भरे हुए गणना फॉर्म दिए जा चुके हैं



और 70.14 प्रतिशत फॉर्म वापस मिल गए हैं. चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसे बदलाव करने की उसकी शक्तियां संविधान के आर्टिकल 324 और 326, और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और वोटर्स के रजिस्ट्रेशन के नियम के अलग-अलग प्रावधानों में मजबूती से शामिल है. चुनाव आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर वोट न मिलने का आरोप निहित राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए बढ़ाया जा रहा है.

इसमें कहा गया, यह कहा जाता है कि आरपी एक्ट 1950 के सेक्शन 16, 19, और 22 के साथ आर्टिकल 324 और 326 को नियम 21ए के साथ पढ़ने पर यह साफ हो जाता है कि चुनाव आयोग के पास वोट देने के संवैधानिक अधिकार को लागू करने के लिए वोटर्स की नागरिकता सहित योग्यता का आकलन करने की शक्ति है.

चुनाव आयोग ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर अभियान के बारे में जारी गाइडलाइंस संवैधानिक है और वोटर लिस्ट की शुद्धता बनाए रखने के हित में हैं जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए एक शर्त है और संविधान का एक बुनियादी हिस्सा है. सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने मोदी डॉक्यूमेंट्री पर बीबीसी के खिलाफ मामले में एनजीओ को लगाई फटकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चलाई गई एक डॉक्यूमेंट्री के लिए ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के खिलाफ 10,000 करोड़ रुपये के मानहानि के मामले में बार-बार स्थगन मांगने को लेकर गुजरात स्थित गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) जस्टिस ऑन ट्रायल को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एनजीओ को मामले को सुनवाई योग्य होने के पीछे तर्क देने के लिए अब आखिरी मौका दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में निर्धारित की है। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह मामला 2023 का था और कोर्ट ने मामले की सुनवाई पर सवाल उठाए थे। हालांकि, तब से वादी ने बार-बार स्थगन की मांग की है। न्यायालय ने कहा कि वह एनजीओ को यह तर्क देने का अंतिम अवसर देगा कि मामला किस प्रकार स्वीकार्य है। उसके बाद मामले का निस्तारण किया जाएगा। एनजीओ वकील ने कहा कि स्थगन मांगने का कारण एक वरिष्ठ व्यक्ति को नियुक्त करने की प्रक्रिया जारी होना है। अप्रैल 2023 में बीबीसी ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर दो भागों में इंडियाः द मोदी क्वेश्चन शीर्षक से डॉक्यूमेंट्री प्रसारित की थी। इसमें गुजरात दंगों को लेकर सवाल उठाए गए थे। इसको लेकर एनजीओ ने दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का दावा करते हुए तर्क दिया था कि बीबीसी की दो भागों वाली डॉक्यूमेंट्री ने भारत, इसकी न्यायपालिका और प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा पर कलंक लगाया है। उसने बीबीसी से 10,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने की मांग की थी।








हिमाचल प्रदेश के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला अपनी पत्नी जानकी शुक्ला के साथ मंगलवार, 2 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले।

## ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी नौसेना ने क्यों नहीं की कार्रवाई ?भारतीय नौसेना प्रमुख ने किया खुलासा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत की ओर से मई में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने अपनी सेना और वायुसेना का जवाबी कार्रवाई में इस्तेमाल किया था, लेकिन उसकी नौसेना पूरी तरह से कार्रवाई से बाहर रही थी। अब भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने बताया कि उस दौरान नौसेना ने आक्रामक रुख के माध्यम से पाकिस्तानी नौसेना अपने बंदरगाहों के करीब रहने के लिए मजबूर हुई थी।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आक्रामक रुख और युद्धक विमानवाहक समूह की तैनाती की तत्काल कार्रवाई ने पाकिस्तानी नौसेना को अपने बंदरगाहों या मकरान तट के पास रहने के लिए मजबूर कर दिया। भारतीय नौसेना प्रमुख ने यह भी दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और वास्तव में समाप्त नहीं हुआ है। पाकिस्तान की किसी भी नापाक हरकत का जवाब देने के लिए देश की तीनों सेनाएं हमेशा तैयार खड़ी है। इधर, रक्षा मंत्री



राजनाथ सिंह ने शनिवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएनए) में 100वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य एकीकरण का एक उल्लेखनीय उदाहरण है, जहां प्रशासनिक मशीनरी ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने और जनता का विश्वास बनाने के लिए सशस्त्र बलों के साथ निर्बाध रूप से काम किया। उन्होंने युवा सिविल सेवकों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने का भी आह्वान किया।

राजनाथ ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों ने संतुलित और बिना किसी उकसावे वाली प्रतिक्रिया के साथ पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, लेकिन यह पड़ोसी देश का दुर्व्यवहार था, जिसने सीमा पर स्थिति को सामान्य नहीं होने दिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी संप्रेषित की और देश भर में मॉक ड्रिल का सफल संचालन सुनिश्चित किया। बता दें कि अप्रैल में पहलगाम में आतंकी हमला होने के बाद भारत ने 7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए पाकिस्तान और पीओके में संचालित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था।

इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। उसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर जवाबी हमला किया था, लेकिन भारतीय सेना ने उसके सभी हमलों को नाकाम कर दिया। उसके बाद दोनों देश संघर्ष विराम पर सहमत हो गए थे।

**विरोध** केंद्र के संचार साथी ऐप पर देश में एक बड़ा सियासी बवाल खड़ा

# विपक्ष कर रहा इसका विरोध ?

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय द्वारा नए संचार साथी ऐप को लेकर दिए आदेश ने देश में एक बड़ा सियासी बवाल खड़ा कर दिया है। इस आदेश के तहत, भारत में बिक्री के लिए निर्मित या आयात किए जाने वाले सभी नए मोबाइल हैंडसेट में इस ऐप का पहले से ही इंस्टॉल करना अनिवार्य किया गया है। विपक्ष ने इसे नागरिकों के निजता के मौलिक अधिकार पर सीधा हमला बताया है। संचार साथी ऐप सरकार द्वारा बनाया गया एक सुरक्षा टूल है, जिससे उपयोगकर्ता अपने चोरी या खोए हुए मोबाइल को तुरंत ब्लॉक कर सकते हैं। इस ब्लॉकिंग के बाद फोन कहीं भी इस्तेमाल होगा तो एजेंसियां उसकी लोकेशन पता कर सकेंगी। ऐप में कई फीचर हैं, जहां लोग फर्जी कॉल, नकली एसएमएस या गलत व्हाट्सऐप मैसेज की रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके अलावा, उपयोगकर्ता अपने नाम पर रजिस्टर्ड सभी मोबाइल नंबर भी आसानी से चेक कर सकते हैं।





सरकार का दावा है कि ऐप में महत्वपूर्ण फीचर केवाईएम है, जो किसी मोबाइल फोन की असलियत बताता है और यह जांचता है कि उसका आईएमईआई नंबर असली है या नकली। सरकार मानती है कि नकली आईएमईआई नंबरों का इस्तेमाल कई धोखाधड़ी और मोबाइल नेटवर्क के गलत उपयोग में किया जाता है। ऐसे में इस ऐप की मदद से उपयोगकर्ता साइबर धोखाधड़ी से बच सकेंगे और उनकी मोबाइल सुरक्षा भी पहले की तुलना में मजबूत हो सकेगी।

मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में ऐपल, सैमसंग, वीवो और ओप्पो जैसी सभी स्मार्टफोन कंपनियों को अपने सभी नए स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप पहले से ही इंस्टॉल करने का आदेश दिया है। इसी तरह पुराने स्मार्टफोन में नए अपडेट के साथ यह सुविधा मुहैया कराने को कहा है। सरकार ने कंपनियों को इसके लिए 90 दिन का समय दिया है। बड़ी बात यह है कि उपयोगकर्ता इस ऐप को हटाने या उसमें बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी।

सरकार के इस आदेश का बड़े स्तर पर विरोध शुरू हो गया है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और लोगों पर सरकारी निगरानी को बढ़ावा देने का प्रयास बताया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इस आदेश की तुलना बिग बॉस निगरानी से करते हुए कहा कि सरकार छिपे हुए तरीकों से व्यक्तिगत फोनों में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। संचार मंत्रायल मजबूत शिकायत निवारण प्रणालियां बनाने की जगह निगरानी प्रणालियां बना रहा है।

### आईआईटी ने नौकरी के ऑफर रद्द करने पर 20 कंपनियों को प्लेसमेंट अभियान से प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी ) के प्रमुख संस्थानों में प्लेसमेंट अभियान शुरू हो चुका है, लेकिन



इस बार इसमें 20 से अधिक कंपनियां भाग नहीं ले सकेंगी। संस्थान ने इन कंपनियों को प्रतिबंधित किया है। दरअसल, इन कंपनियों ने पिछले शैक्षणिक वर्ष में जिन छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव दिए थे, उनको अंतिम समय में रद्द कर दिया है, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि कंपनियों के इस व्यवहार का असर छात्रों के प्रदर्शन पर पड़ता है। सूत्रों ने बताया कि कई आईआईटी में जिन छात्रों को किसी कंपनी से नौकरी का प्रस्ताव मिल जाता है, उन्हें आगे अन्य कंपनी के साक्षात्कार में बैठने की अनुमति नहीं होती है। ऐसे में अगर छात्रों का अंतिम समय में प्रस्ताव रद्द होता है, तो इससे छात्रों पर नकारात्मक असर पड़ता है और उनके करियर भी खतरे में होता है। इसलिए आईआईटी संस्थानों ने सर्वसम्मति से कंपनियों को मौजूदा प्लेसमेंट चक्र से प्रतिबंधित करने का फैसला किया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** मोहल्ला रामनगर निवासी रुकसार पुत्री गुलजार ने अपने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में रुकसार ने बताया कि उसकी शादी जाविद पुत्र ईदरीश निवासी गाजियाबाद के साथ 4 मई 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुई थी। शादी में उसके पिता ने करीब 15 लाख रुपये खर्च किये थे, जिसमें एक अपाची मोटर साईकिल, नकदी व दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी में मिले दान दहेज से उसके ससुराल वाले पति जाविद, जेठ तारीफ, जिठानी जेबा, नन्द शबनम, हिना (जिठानी की लड़की) खुश नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज में स्विफ्ट कार की माँग करने लगे। मांग पूरी नही होने पर उसका शारिरिक व मानसिक उत्पीडन करने लगे। विवाहिता ने अपने जेठ पर अश्लील हरकतें करने का भी आरोप लगाया। ससुराल वालों ने एक दिन उसे जान से मारने की नियत से गले में दुपट्टे का फंदा लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दिशा-निर्देश** — पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

# एसपी देहात द्वारा (मंगलवार) परेड की सलामी ली गई

बुलन्द सदेश ब्यूरो





**बुलंदशहर।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तेजवीर सिंह द्वारा मंगलवार की परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर कर्मचारियों का टर्न आउट चैक किया गया तथा रिक्रूट आरक्षियों के रहन-सहन व खाने-पीने की व्यवस्था का ध्यान रखने हेतु संबंधित को दिशा निर्देश दिये गये, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया, आदेश कक्ष में संबंधित को दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन परिसर में हमेशा स्वच्छता रखने, सरकारी संपत्ति की देखभाल करने व अभिलेखों को अध्यावधिक कर संभालकर रखने सहित सरकारी वाहनों की समय-समय पर चैकिंग करने के सम्बन्ध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास की मिसाल बने रॉबिन नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कृष्णा फाउंडेशन की विशेष उपलब्धियाँ चर्चा में दिव्यांग जनों के उत्थान और पुनर्वास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए रॉबिन नागर द्वारा संचालित कृष्णा फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र, बुलंदशहर आज क्षेत्र में उम्मीद और परिवर्तन का प्रतीक बन चुका है। संस्था ने दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, उपचार और प्रशिक्षण की व्यापक सेवाएँ उपलब्ध कराकर अनेक परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई है।
संस्था की प्रमुख सेवाएँ विशेष शिक्षा, फिजियोथेरेपी, स्पीच एवं लैंग्वेज थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श, व्यवहारिक एवं कौशल प्रशिक्षणकृष्णा
**फाउंडेशन की विशेष उपलब्धियाँ**
अब तक 500+ दिव्यांग बच्चों का सफल पुनर्वासफाउंडेशन ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं वाले बच्चों को स्वतंत्र व आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में अग्रसर किया है।
500से अधिक दिव्यांग जनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया।
जैस-दिव्यांग पेंशन, सहायता उपकरण, सहायक उपकरण वितरण आदि।
50 से अधिक बच्चों में उल्लेखनीय सुधारजिनमें बोलने, चलने, सीखने और दैनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई। स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान स्कूलों, पंचायतों और सामाजिक कार्यक्रमों में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए।

**निःशुल्क उपकरण वितरण**
व्हीलचेयर, कैलिपर्स, हियरिंग एड और अन्य सहायक उपकरण जरूरतमंद बच्चों तक पहुँचाए गए।

**विशेष मातापिता प्रशिक्षण कार्यक्रम**
अभिभावकों को घर पर थेरेपी और व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए नियमित वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं।समाज और प्रशासन द्वारा सम्मानित सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए रॉबिन नागर और उनकी टीम को कई मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। हमारा उद्देश्य सिर्फ उपचार देना नहीं, बल्कि हर दिव्यांग बच्चे को शिक्षा, सम्मान और अवसरों से जोड़कर उसे अपने पैरों पर खड़ा करना है।
कृष्णा फाउंडेशन के ये प्रयास दिव्यांग जनों की जिंदगी बदलने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। श्रीमती रॉबिन नागर ने बताया कि संस्था के सभी दिव्यांग बच्चों को में मां जैसा प्यार देती हु और सभी दिव्यांग जन मुझे मम्मी कहकर ही बुलाते है दिव्यांग जनों की शिक्षा और पुनर्वास हेतु मेरे परिवार का मुझे पूरा सहयोग मिलता है।

# बाइक सवार युवक को बदमाशों ने मारी गोली हायर सेंटर रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** क्षेत्र में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब हमलावरों ने सरेआम बाइक सवार युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। जिसमें युवक गोली लगने से घायल हो गया। जबकि हमलावर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के द्वारा मौके से साक्ष्य जुटाकर हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है।
कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के मौहल्ला अहीरपाड़ा निवासी दीपक पुत्र गणेश पाल ने बताया कि उसका 20 वर्षीय छोटा भाई अर्जुन उर्फ अन्नू पिता के साथ नोएडा में रहता है। पिता एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। जबकि अर्जुन बाइक टैक्सी चलाता है। वह शनिवार को घर आया था। उसके खिलाफ मई 2024 में हत्या के प्रयास में एक मामला दर्ज हुआ था। जिसकी तारीख करने वह मंगलवार को खुर्जा न्यायालय में गया था। जब वह बाइक पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। तभी अज्ञात हमलावरों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद बदमाशों ने सरेआम उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली अर्जुन की कमर पर बाईं ओर जबकि दूसरी गोली बाएं कंधे पर जा लगी। बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सरेआम गोलीबारी से इलाके में भगदड़ मच गई। आनन फानन में घायल युवक को जटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैलाश अस्पताल और वहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार अत्री कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, खुर्जा देहात थाना प्रभारी मनोज कुमार व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ करते हुए जांच पड़ताल की। साथ ही फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। मामले में एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को ककराला चौराहा के पास एक युवक को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई। थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे हायर सैन्टर रैफर कर दिया गया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि इस युवक की कुछ लोगों से पुरानी रजिंश चल रही थी। घायल युवक हत्या के प्रयास मामले में पूर्व से अभियुक्त है। पुलिस को जांच पडताल में काफी अहम सुराग मिले है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई है। जल्द ही गिरफ्तार करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल में कैरियर मेला का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सोमवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव जखैता में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल में कैरियर मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ साथ डॉ आशीष शर्मा कोतवाली शिकारपुर से पुनीत कुमार एस आई वर्तमान जखैता ग्राम प्रधान लीलू चौधरी महिला आरक्षी प्रतिभा कुंतल व आरती कुमारी सनी फौजी तथा प्रधानाचार्य डॉ प्रताप भान सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के साथ साथ उपस्थित सभी जनों को सम्मानित किया गया।



# भाकियू आजाद की बैठक, एसआईआर फॉर्म प्रक्रिया को तीन महीने बढ़ाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** एसआईआर के तहत मतदाता फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि को 3 महीने बढ़ाने की मांग को लेकर भाकियू आजाद की बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शादाब चौधरी ने कहा कि संगठन के द्वारा एसआईआर प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद एसआईआर की अंतिम तारीख 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया है। परंतु यह पर्याप्त नहीं है। एसआईआर प्रक्रिया को 3 महीने और बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब चौधरी ने कहा कि जानकारी के अनुसार अभी तक 50% से भी काम फॉर्म जमा हो पाए हैं। फॉर्म भरने में मतदाताओं और कार्यकताओं को कठिनाई आ रही है। इसीलिए समय सीमा कम से कम तीन माह बढ़ाई जानी चाहिए। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी लंबा समय है। मतदाता सूची में संशोधन हेतु समय सीमा बढ़ने से बीएलओ और मतदाताओं को परेशानी नहीं होगी। राष्ट्रीय महासचिव युवा मोर्चा जकी गौहरी ने कहां की एसआईआर प्रक्रिया आसान पारदर्शी और जनता के अनुकूल रहे। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान जितने भी बीएलओ ने आत्महत्या की है, उनके परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता मिले। प्रदेश सचिव सलमान कुरेशी ने कहा कि इतनी बड़ी जनसंख्या वाले प्रदेश में सिर्फ एक हफ्ते की समय सीमा बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। इसलिए समय सीमा 3 महीने तक बढ़े। इस अवसर पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महाराज राव, मोहसिन कुरेशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉड्र्स द्वारा डीएम श्रुति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को श्रेष्ठता का प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद ने एक बार फिर पूरे देश में अपना परचम लहराते हुए इतिहास रचा है। हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा जनपद की जिलाधिकारी श्रुति एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बुलंदशहर डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय को Certificate of Excellence से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एक ही दिन में आयोजित किए गए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सबसे बड़े सामूहिक गायन कार्यक्रम के सफल, अनुशासित और प्रेरणादायक आयोजन के लिए प्रदान किया गया है, यह आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख से संपन्न हुआ था। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी के नेतृत्व में 13 अगस्त 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम में अभूतपूर्व जनभागीदारी देखने को मिली। जनपद के 1,888 विद्यालयों में एक ही समय पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम सामूहिक रूप से गाया गया, जिसने पूरे प्रदेश में बुलंदशहर को विशिष्ट पहचान दिलाई।
इस अवसर पर कुल 1,94,228 प्रतिभागियों ने एक स्वर में राष्ट्रीय गीत गाकर देशभक्ति का अद्वितीय संदेश दिया। इनमें 1,80,984 छात्र, 10,217 शिक्षक तथा 3,027 अभिभावक शामिल थे। यह आयोजन जनपद के इतिहास में ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरक मिसाल बन गया। हिन्दुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड में इस आयोजन को दर्ज कराने के बेसिक शिक्षा विभाग, बुलंदशहर ने आवेदन किया था। हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इस उपलब्धि को राष्ट्रीय गौरव, एकता, सांस्कृतिक जुड़ाव और जनसहभागिता का सर्वोत्तम उदाहरण बताते हुए आधिकारिक रूप से रिकॉर्ड में दर्ज किया है। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय जिलाधिकारी की दूरदर्शिता, सूझबूझ, प्रभावी नेतृत्व क्षमता तथा बेसिक शिक्षा विभाग के साथ - साथ समस्त विद्यालयों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों को जाता है।
यह उपलब्धि न केवल बुलंदशहर की प्रशासनिक दक्षता को प्रमाणित करती है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि जब जनपद एकजुट होकर कार्य करता है, तो विश्वस्तरीय उपलब्धियाँ भी संभव हैं। यह रिकॉर्ड आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सहभागिता की भावना को सशक्त बनाएगा। बुलंदशहर जनपद को यह सम्मान प्राप्त होना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति तथा राष्ट्रीय एकता का सशक्त उदाहरण है।



# एसआईआर के लिए जागरूक करने को चेयरपर्सन ने चलाया "कुंडी खटकाओ अभियान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत शिकारपुर विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिषद शिकारपुर की चेयरपर्सन राजबाला सैनी और कोतवाल शिकारपुर चंदगीराम के द्वारा बूथ संख्या-120 पर तैनात बीएलओ मनोज चौधरी के साथ घरझघर जाकर मतदाताओं से "कुंडी खटकाओ अभियान" के माध्यम से तत्काल गणना फॉर्म भरकर जमा करने की रात्रि के समय घर घर जा कर अपील की। कई परिवारों के भरे हुए फॉर्म तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराए गए तथा लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर वीरेंद्र सैनी सिटी इंचार्ज कौशल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# एसडीएम ने 05 बीएलओ व दो सुपरवाइजरों को एसआईआर का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा एसआईआर यानी गणना करायी जा रही है। यह गणना 4 नवम्बर 25 से शुरू हो चुकी है। सरकार के आदेशानुसार बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार के सभी मतदाताओ को गणना प्रपत्र की डबल कॉपी देने का आदेश दिया गया है। मगर बीएलओ कही पर गणना प्रपत्र की एक ही कॉपी दे रहे है और कही पर दो कॉपी दे रहे है। जिसकी शिकायत नगर एसडीएम को मतदाता कर रहे है। उसी शिकायत को ध्यान में रखकर एसडीएम ने नगर के बूथों पर जाकर औचक निरीक्षण कर सटीक जानकारी जुटाने में जुटे हुए है और गणना प्रपत्र भरने की विस्तृत जानकारी दे रहे है और कुछ महिला बीएलओ मेहनत से कार्य पूर्ण कर चुकी है। उसी क्रम में सोमवार 01 दिसंबर 25 को सिकंदराबाद एसडीएम दीपक कुमार पाल ने 05 बीएलओ व सुपरवाइजरों को 100 % गणना प्रपत्र जमा करने पर उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।एसडीएम ने बताया है कि सिकंदराबाद क्षेत्र में जो गणना प्रपत्र बीएलओ व सुपरवाइजरों द्वारा वितरण कर भरवाये जा रहे थे उनमें से 02 पुरुष जयकरण, मुकेश व 05 महिला बीएलओ राजकुमारी नीलम भाटी अमीता सरिता मिथलेश ने अपने-अपने क्षेत्र का 100% कार्य पूर्ण कर संबंधित कार्यालय में जमा करा दिये गये है।



**जनसंवाद** — यूपी से भाजपा की विदाई तय, एसआईआर पर चुनाव आयोग की मंशा खराब : प्रदीप नरवाल

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने एसआईआर पर सिकंदराबाद में किया जनसंवाद, लोगों ने गिनाई समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** एसआईआर को लेकर कांग्रेस का नेतृत्व लगातार लोगों से चर्चा कर रहा है। मंगलवार को सिकंदराबाद नगर के एमएस कॉलेज एवं जैन इंटर कॉलेज के बूथों पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी प्रदीप नरवाल ने लोगों और कांग्रेस के बूथ अध्यक्षों से जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विस्तृत बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से अपने मताधिकार की रक्षा करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग रहने का आव्हान किया। कांग्रेस के बूथ अध्यक्षों और स्थानीय नागरिकों ने गंभीर समस्याओं को उठाया। लोगों ने बताया कि 2003 की मतदाता सूची में कई नाम छूटे हुए हैं, जिसके कारण वोटर सूची संशोधन में कठिनाइयाँ आ रही हैं। साथ ही इछड द्वारा फॉर्म जमा करने पर रसीद (रिसीविंग) न देने की शिकायत भी दर्ज कराई गई। नागरिकों ने इन मुद्दों पर तत्काल हस्तक्षेप और समाधान की मांग की। कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि आनन फानन में एसआईआर कराकर चुनाव आयोग भाजपा के लिए पिच तैयार करना चाहता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बीएलओ आत्महत्या कर रहे हैं यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं, यूपी से इस बार भाजपा की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही भाजपा और आरएसएस के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, यूपी के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।
जनसंवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने की। जियाउर्रहमान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और रक्क़ प्रक्रिया में आ रही तमाम अनियमितताओं को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं एवं नागरिकों से बूथ स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर में एक एक वोट की रक्षा और निगरानी महत्वपूर्ण है। इससे पहले लुहारली टोल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदीप नरवाल का फूल मालाओं से स्वागत किया।
जनसंवाद को पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राकेश भाटी, जिला उपाध्यक्ष नितिन भटनागर, शकील अहमद, नगर अध्यक्ष मौ फाजिल, मजहर अली, आशु कुरैशी ने भी संबोधित किया।
इस अवसर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राकेश भाटी, जिला उपाध्यक्ष नितिन भटनागर, प्रशांत बाल्मिकी, शकील अहमद, देशदीपक भारद्वाज, राजकुमार पंडित, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, नगर अध्यक्ष मौ फाजिल, आशु कुरैशी, नईम मंसूरी, सय्यद अमान, मजहर अली, कुंवर आदिल, किशन सिंह चौधरी, ज्ञानेंद्र राघव, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, इस्लाम मलिक, अल्लाह दिया, तरन्नुम नकवी, विजय स्वरूप राही, एसपी सिंह राजौरा, मौ इसरार, अफसान राणा, इरफान कुरैशी आदि मौजूद रहे।।



# दबंगों ने खेत की मेड तोड़ी रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अहमदगढ़।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद जगदीशपुर में खेत की मेड तोड़ने पर कराई रिपोर्ट दर्ज। प्राप्त जानकारी के अनुसार रनवीर पुत्र राम प्रसाद निवासी गांव नौरंगाबाद जगदीशपुर ने बताया है कि लेखपाल और कानूनगो द्वारा खेत नंबर 91 की मेड को नापतोल कर 7 मीटर खेत का रकबा निकलकर मेड बनवाई गई थी उक्त विपक्षी द्वारा दोबारा से मेड को तोड़ दिया गया है और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसमें गौरव कुमार व यशपाल सिंह पुत्र अशोक कुमार तथा अशोक कुमार पुत्र रण सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मुख्यालय में आने जाने की व्यवस्था सुचारू करने हेतु तीसरी लिफ्ट शुरू

# महापौर व नगर आयुक्त ने लिफ्ट का काटा रिबन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम मुख्यालय में शहरवासियों का मूल सुविधाओं के लिए आना जाना लगा रहता है व आये हुए आंगतुकों के लिए नगर निगम अच्छी व्यवस्था दे ऐसा प्रयास भी रहता है और इसी के क्रम में मुख्यालय में आने जाने हेतु लिफ्ट का कार्य कराया जा रहा था जिसका कार्य पूर्ण हुआ एवं महापौर व नगर आयुक्त ने रिबन काटकर लोकार्पण किया है जिससे आने वाले आंगतुकों को सुविधा मिल सके। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया कि नगर निगम में विभिन्न प्रकार से आने वाले लोगो को प्रथम तल से पंचम तल तक आना जाना पड़ता है और कुछ बुजुर्ग व महिलाएं भी आती जाती हैं जिनको सीढ़ी से आने जाने में समस्या होती है एवं अधिक लिफ्ट न होने के कारण एक लिफ्ट पर बहुत भार रहता है इसलिए एक और लिफ्ट की व्यवस्था की गई है जिससे आने वाले सभी लोगो को आसानी हो सके और सुचारू व्यवस्था भी मिल सके। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार,नजारत प्रभारी विपुल कुमार,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**रबूपुरा।** सोमवार देर शाम कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक सोमवार देर शाम कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर खेड़ा मोहम्मदाबाद गांव के समीप गस्त कर रही थी। तभी एक युवक पुलिस टीम को देख भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर धर दबोचा । जिसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रोहित निवासी मोहल्ला मीणा ठाकुरान कस्बे रबूपुरा के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# विद्युत विभाग ने एक मुश्त समाधान योजना को लेकर लगाया कैंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर विद्युत विभाग ने मंगलवार को कस्बे के टप्पल रोड पर एक मुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत कैंप लगाया गया। कैंप मे भारी संख्या मे लोग पहुंचे और इस योजना का लाभ उठाया।

जेई कपिल कुमार शर्मा ने बताया कि कैंप टप्पल रोड पर बैटरी वाले की दुकान के पास ये कैंप लगाया गया, यह कैंप प्रतिदिन लगाया जायेगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच एक कैंप का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर प्रमोद चौधरी, सतीश चंद्र, कपिल कुमार शर्मा दिनेश चंद शर्मा, गजेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।



## आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के प्राप्त निर्देशो के अनुपालन में अपर जिला जज/ सचिव(पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13/12/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

# एसआईआर को लेकर गिरीश मथूरिया ने किया गांवों में जनसंपर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी द्वारा संचालित एसआईआर महाअभियान को गति देने के लिए सपा के वरिष्ठ नेता गिरीश मंथूरिया सैन ने अलग-अलग गांवों में व्यापक जनसंपर्क किया उनकी अगुवाई में पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं ने कई गांवों में पहुंचकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

जनसंपर्क की शुरूआत ग्राम विद्यापुर से हुई, जहां सपा नेता संदीप चौधरी के साथ बैठक में स्थानीय मुद्दों और संगठन की सक्रियता पर विमर्श किया गया। इसके बाद टीम ग्राम तलाहैटा पहुंची, जहां नईम खान ने गांव में अभियान की तैयारियों की जानकारी दी। ग्राम नहाली में प्रधान एहसान चौधरी के नेतृत्व में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम प्रधानों, स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ के साथ संवाद के दौरान गिरीश मथुरिया ने कहा कि किसी भी राजनीतिक अभियान की सफलता बूथ प्रबंधन और सतत संपर्क पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ता हर बूथ पर मजबूत भूमिका निभाएं और लोगों तक सही संदेश पहुंचाएं, तो अभियान न केवल सफल होगा बल्कि संगठन को टिकाऊ आधार भी मिलेगा। गांव-गांव की यह सक्रियता उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गिरीश मथुरिया ने कहा कि अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के मुद्दों से जुड़ा एक जागरूकता प्रयास है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी अनिवार्य है। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष (ओबीसी वर्ग) बल्लू सीकरी, राजेश जाटव, अल्पसंख्यक विधानसभा अध्यक्ष फिरोज सीकरी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे ।

# गुरु तेगबहादुर स्मृति में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** हापुड़ रोड स्थित गांधी ग्राउंड में गुरु तेगबहादुर की स्मृति में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों से पहुंचे धावकों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। मैदान के चारों तरफ सुबह से ही अभिभावकों और खेल प्रेमियों की भीड़ देखने को मिली।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली तथा रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव दीपक चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि पहले नीरपाल सिंह ने कहा कि खेल आयोजनों को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समाज में ऊर्जा निर्माण का माध्यम समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को मैदान से जोड़ना किसी भी शहर के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि खेल अनुशासन और आत्मविश्वास को आकार देते हैं। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि मोदीनगर जैसे औद्योगिक नगर में खेलों का विस्तार जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल के अवसर देना भविष्य में अपराध, नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूरी बनाने का सबसे प्रभावी तरीका



है। रालोद वरिष्ठ नेता दीपक चौधरी ने कहा कि खेल आयोजन किसी भी समुदाय में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक वातावरण पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों में टीमवर्क, नेतृत्व और धैर्य जैसी गुणों को विकसित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज के संतुलन के लिए आवश्यक हैं। प्रतियोगिता के संयोजक विकास भारतीय ने कहा कि अगले वर्ष दौड़ और बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर दुर्गा प्रसाद शर्मा, पुरु चौधरी, उपेंद्र चौधरी, अमित चौधरी, मोनू चौधरी, खुशाल सिंह नेगी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एमआईटी मोदीनगर में ट्रिपल तलाक केस का मूट कोर्ट मंचन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निवाड़ी रोड स्थित एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में ह्यसायरा बानो बनाम भारत संघ (2019) मामले पर आधारित मूट कोर्ट का विस्तृत मंचन आयोजित किया गया। इस कानूनी अभ्यास का उद्देश्य छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की व्यवहारिक समझ देना, महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विश्लेषणात्मक क्षमता को मजबूत करना था। तीन तलाक केस की अदालतनुमा प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागियों ने तर्क-वितर्क, प्रतिप्रश्न और कानूनी संदर्भों का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और सवाल-जवाब के दौर में अपनी तत्परता एवं तकनीकी दक्षता से सत्र को अत्यंत रोचक बना दिया। मुख्य अतिथि विधायक मंजू शिवाच ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मूट कोर्ट जैसे अभ्यास कानून के छात्रों को न्यायिक प्रणाली की गहराई समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को समझने में नई पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करते हैं। संस्थान के चेयरमैन अजय ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि उनके संस्थान एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में मोदीनगर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नैनोटेक इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी तथा एमआईटी कॉलेज ऑफ लॉ एंड जस्टिस शामिल हैं। यह क्षेत्र का प्रमुख शिक्षण संस्थान है। संस्थान बीटेक, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, एमबीए, डी-फार्मा, बीए-एलएलबी, बीकॉम-एलएलबी और एलएलबी जैसे विविध पाठ्यक्रमों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर संस्थान की प्रबंधन समिति से अभिषेक राय, देवेंद्र ढींगरा और श्रुति राय आदि के अतिरिक्त आदर्श कन्या गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या शिवाली बंसल, स्वेता सिंह सहित अनेक शिक्षिकाएँ और छात्राएँ भी मौजूद थीं।



# कबड्डी जूनियर बालक ट्रायल: गौतमबुद्धनगर के 14 खिलाड़ियों का जिला स्तर पर चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**गौतमबुद्धनगर।** जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्धनगर द्वारा मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय समन्वय कबड्डी जूनियर बालक खिलाड़ियों का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ट्रायल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभावान खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया, जिसमें से कुल 14 खिलाड़ियों का चयन आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया।

चयनित खिलाड़ीः आशीष, दीपक, गौरव, मनीष, पंकज, अमित ठाकुर, इंद्रजीत, आदिल, करण, अजय शर्मा, विक्की, सागर, अंकित, सुमित चयन प्रक्रिया का संचालन चयनकर्ता समिति के सदस्य योगेश नागर और जितेंद्र नागर द्वारा किया गया। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ी अब आगामी मंडल स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे, जिसका आयोजन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय मेरठ द्वारा 3 दिसंबर को कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यालय सहायक देवेंद्र कौशिक एवं रेसलिंग कोच अंजुम मालिक भी उपस्थित रहे।

# संभव में नगर आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं, समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संभव जनसुनवाई में जन समस्याओं को सुना गया तथा मौके पर ही अधिकारियों को कार्यवाही के

### संभव में प्राप्त हुए 13 संदर्भ स्वास्थ्य और उद्यान के प्राप्त हुए अधिकांश पत्र, कार्यवाही हेतु मौके पर भेजी गई टीम

निर्देश दिए गए संभव में 13 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश संदर्भ स्वास्थ्य और उद्यान विभाग से संबंधित प्राप्त हुए, नंदग्राम, दीनदयाल पुरी, दीना गड़ी, स्वर्ण जयंतीपुरम गोविंदपुरम, सेक्टर 23 संजय नगर, विजयनगर, शक्ति खंड इंदिरापुरम, रईसपुर व अन्य क्षेत्र से आए हुए शिकायतकताओं द्वारा अपनी समस्याएं नगर आयुक्त के समक्ष रखी गई 'नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि नगर निगम मुख्यालय में प्रत्येक मंगलवार की भांति संभव दिवस का आयोजन हुआ जिसमें सभी समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जिनके साथ आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया तथा कार्यवाही के लिए मौके पर ही टीम भेज कर समाधान के निर्देश दिए गए, जिसके क्रम में मौके पर टीम पहुंची आवश्यक कार्यवाही को कार्य प्रारंभ कराया गया, निर्माण विभाग से 1 संदर्भ स्वास्थ्य विभाग से 3 संदर्भ, उद्यान विभाग से 3 संदर्भ, प्रकाश विभाग से 2 संदर्भ, संपत्ति विभाग से 1 संदर्भ, नजारत विभाग से 1 संदर्भ जलकल विभाग से 1 संदर्भ तथा अतिक्रमण संबंधित 1 संदर्भ प्राप्त हुआ ' संभव जनसुनवाई के दौरान मौके पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को संभव में प्राप्त समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए निर्देश दिए, संभव के दौरान कई पार्षदों द्वारा भी अपने सुझाव अधिकारियों को दिए तथा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के बारे में चर्चा की गई।



**सम्मान** — एयरपोर्ट से प्रभावित युवाओं का नौकरी के लिए नही हो सका इंटरव्यू, युवाओं ने पहले दी जाने वाली नौकरी की मांगी जानकारी

# युवाओं ने किया अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर विधायक से की मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर मे बन रहे एयरपोर्ट से प्रभावित ग्रामीण परिवार के युवाओं का एयरपोर्ट मे नौकरी के लिए होने वाला इंटरव्यू मंगलवार को नही हो सका। युवाओं ने इंटरव्यू से पहले दी जानी वाली नौकरी की पूरी डिटेल मांगी और ऐसा न होने पर युवाओं ने धरना प्रदर्शन किया। युवाओं ने विधायक से मुलाकात कर अपनी मांगों को उनके सामने रखा। वहीं विधायक ने बुधवार को युवाओं की अधिकारियों से वार्ता करा उनकी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। जेवर मे बन रहा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है और इसका जल्द उद्घाटन होने जा रहा है। लेकिन एयरपोर्ट के प्रथम चरण से प्रभावित ग्रामीण जिन्होंने साढ़े पांच लाख रुपए न लेकर नौकरी को चुना था अभी तक उन युवाओं को नौकरी नहीं मिली है और युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। युवा स्थाई नौकरी आदि मांगों को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं मंगलवार को इन युवाओं को नौकरी के लिए एयरपोर्ट साईट पर बुलाया गया था, जहां युवा सुबह करीब 10 बजे पहुंचे और जहां करीब 12 बजे जब इंटरव्यू शुरू हुए तो युवाओं ने उनको दी जाने वाली नौकरी की सभी डिटेल मांगी और स्थाई नौकरी की मांग की। युवाओं ने कॉन्ट्रैक्ट मे नौकरी करने से मना कर दिया। जिसके बाद वहां हंगामा शुरू हो गया। जिसके बाद युवाओं से कुछ दिन बाद बुलाने की बात कहते हुए बाहर भेज दिया गया। जिसपर युवाओं ने अपनी मांग को लेकर पहले एयरपोर्ट साईट पर प्रदर्शन शुरू किया और फिर बाहर आकर एयरपोर्ट के गेट के पास स्थिति गांव किशोरपुर के एक मंदिर परिसर मे पहुंच धरना प्रदर्शन किया। इसी बीच युवाओं को जानकारी मिली की विधायक धीरेन्द्र सिंह यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा साईट से आ रहे हैं। जिसपर युवा जेवर इंटर चेंज पर पहुंचे और विधायक धीरेन्द्र के आने पर उनको सारी जानकारी दी गईं। जिसपर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बुधवार को एयरपोर्ट साईट पर अपने साथ ले जाकर युवाओं की अधिकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद युवा शांत हुए।





# भविष्य के ओलंपियन तैयार करने की दिशा में कदमः आरकेजी ग्लोबल स्कूल में 5-दिवसीय आह्वान स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी )।** उत्तर प्रदेश 2 दिसंबर 2025 आरकेजी ग्लोबल स्कूल (राज कुमार गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस द्वारा संचालित) में आज 5-दिवसीय भव्य खेल महोत्सव आह्वान दि स्पोर्ट्स मीट का शानदार शुभारंभ हुआ। 2 दिसंबर से 6 दिसंबर 2025 तक चलने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। शुभारंभ और उद्घाटन समारोह उद्घाटन समारोह की शुरूआत अतिथियों के हार्दिक स्वागत स्कूल बैंड और एनसीसी कैडेट्स व छात्र दलों की सुसंगठित, आकर्षक और तालबद्ध मार्च-पास्ट से




हुई, जिसने विद्यालय के गर्व और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह और वाइस चेयरवुमन श्रीमती आंचल गोयल द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया। उनके प्रेरणादायक संदेशों ने आने वाले दिनों के लिए उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा को और बढ़ाया, साथ ही विद्यालय द्वारा खेलों के माध्यम से समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने निष्ठा, सत्यनिष्ठा और खेलभावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प लिया। पांच विधाएं एक लक्ष्यआने वाले पाँच दिनों में विद्यालय का परिसर ऊर्जा और उत्साह से भर जाएगा। विद्यार्थी पाँच प्रमुख खेल विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे एथलेटिक्स, क्रिकेट, शूटिंग, ताइक्वांडो,खो-खो,शूटिंग और ताइक्वांडो जैसे विशेष खेलों को पारंपरिक खेलों,क्रिकेट और खो-खो,के साथ शामिल करना इस बात का प्रमाण है कि आरकेजी ग्लोबल स्कूल विद्यार्थियों को विविध खेलों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिभा का उत्सव आह्वान केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आने वाले कल के खेल सितारों को पहचानने और उन्हें निखारने का एक महत्त्वपूर्ण मंच है।

# जिला एवं सत्र न्यायालय, आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल से जुड़कर लें आवश्यक सूचनाओं का लाभः जिला एवं सत्र न्यायालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद ने न्यायिक व्यवस्था में पारदर्शिता और सुगमता को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए अपना आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल शुरू किया है। इस चैनल के माध्यम से नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा न्यायालय से जुड़े अन्य व्यक्तियों को न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएँ, सूचनाएँ एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी सीधे उनके मोबाइल पर प्राप्त हो रही हैं। इस सम्बंध में सभी नागरिकों से अपील है कि वे भी इस आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें और न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाएँ, सूचनाएँ एवं नवीनतम अद्यतन जानकारी लेकर उसका लाभ प्राप्त करें।

जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद के अनुसार, इस चैनल का उद्देश्य केवल सूचनात्मक जानकारी साझा करना है। इसमें किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत संवाद या शिकायत निवारण नहीं किया जाएगा। चैनल के माध्यम से न्यायालय की कार्यप्रणाली, अवकाश संबंधी सूचनाएँ, महत्वपूर्ण न्यायिक आदेशों की जानकारी, और अन्य प्रशासनिक घोषणाएँ समय-समय पर साझा की जा रही हैं। जिला एवं सत्र न्यायालय, गाजियाबाद का कहना है कि इस पहल से जनता को त्वरित सूचना प्राप्त करने में सुविधा होगी और न्यायिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। डिजिटल माध्यम से जानकारी साझा करने की यह पहल न्यायालय के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस तरह की डिजिटल पहलें न्यायिक तंत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के साथ-साथ जनता तक न्यायालय की उपयोगी सूचनाओं को तेजी और पारदर्शी तरीके से पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रही हैं।

# गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में आयोजित जनसुनवाई में

## उपाध्यक्ष की सख़्त पहल हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उपाध्यक्ष ने जनसुनवाई में सुनीं आम जनता की समस्याएँ, त्वरित समाधान के दिए निर्देश विकास प्राधिकरण (जीडीए) में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष ने उपस्थित नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक प्रकरण का बिंदुवार संज्ञान लिया। आम जन की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मामलों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उपाध्यक्ष ने विभागों को यह भी निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की



प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके और नागरिकों को बेहतर सेवा अनुभव प्राप्त हो। जनसुनवाई में आए लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे उपाध्यक्ष महोदय के समक्ष रखकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। प्राधिकरण द्वारा इस पहल को शहर में सुशासन और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से मिलने के लिए एडीएम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार ,देश के प्रत्येक बच्चे को सस्ती और सुलभ शिक्षा के सपने को साकार करने एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिये लंबे समय से निस्वार्थ भाव से राष्ट्र हित मे

**आईपीए ने शिक्षा व्यवस्था पर वार्ता के लिए राष्ट्रपति से मांग मुलाकात का समय**

कार्य कर रही है आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है आज देश की शिक्षा व्यवस्था को एक सूत्र में बांधने और शिक्षा के बढ़ते व्यापारीकरण को रोकने लगाने के लिये "एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड" के



गठन की तत्काल आवश्यकता है जिससे कि देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक के प्रत्येक बच्चे को "सस्ती और सुलभ और समान शिक्षा" मिल सके।

देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार , शिक्षा के व्यापारिकरण पर रोक, आरटीई अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने , देश के समस्त विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने जैसे अहम मुद्दों पर वार्ता करने के लिए आईपीए ने महामहिम राष्ट्रपति जी से मिलने के लिए समय का अनुरोध करते हुए एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या को ज्ञापन पत्र दिया है आईपीए महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध करती है कि वो अपने बहुमूल्य समय से कुछ समय वार्ता करने के लिए दें जिससे कि आईपीए राष्ट्रपति जी को देश के अभिभावक ,छात्र- छात्राओं एवम शिक्षा से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत करा उनमें सुधार करा सके हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को शिक्षा के महत्पूर्ण मुद्दे पर वार्ता करने के लिए राष्ट्रपति जी से मिलने का गौरव प्राप्त होगा ।

जिले की एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या जी ने आश्वस्त किया है कि वो तत्काल इस पत्र को राष्ट्रपति जी तक पहुंचाने के लिए प्रयास करेंगी जिसके लिए आईपीए ज्योति मौर्या जी का धन्यवाद करती है इस मौके पर अजीत कुमार , सोनू शर्मा , राहुल शर्मा , टिल्लू चौधरी , विवेक कुमार, अजित सिंह ,माजिद आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक आहूत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** जनता को राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बंधित लाभों के प्रति किया जाएं जागरूकः गौरव शर्मा एडीजे,नोडल अधिकारी लोक

**राष्ट्रीय लोक अदालत जनता की सेवा का एक सर्वोत्तम माध्यमः एन,सी,पाण्डेय एडीजे प्रथम**

अदालत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 13.12.2025 दिन शनिवार को समय प्रातः 10:00 स्थान जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला कचहरी गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसके सम्बंध में नई ?बिल्डिंग, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला कचहरी में एन सी पाण्डेय एडीजे प्रथम एवं गौरव शर्मा एडीजे,नोडल अधिकारी लोक अदालत की संयुक्त अध्यक्षता में व श्रीमती नेहा भनोदिया प्रभारी सीजेएम व कुमार मिताक्षर सचिव डीएलएसए



की गरिमामयी उपस्थित में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक आहूत हुई। एन,सी,पाण्डेय एडीजे प्रथम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायें। राष्ट्रीय लोक अदालत जनता की सेवा का एक सर्वोत्तम माध्यम है। इसी के माध्यम से हम लोगों को उनकी आगामी समस्याओं से बचाने का प्रयास करते हैं। इसलिए सभी विभाग राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

गौरव शर्मा एडीजे,नोडल अधिकारी लोक अदालत ने कहा कि अधिक आवाजाही वाले संस्थानों में राष्ट्रीय लोक अदालत की सूचना एवं इसके लाभ के सम्बंध में सूचना पट,बैनर,होडिंग्स लगवायें, जिससे जनता में जागरूकता आएं और वे अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंच सके और इसका लाभ लें पाएं। बैठक में जीडीए, नगर निगम गाजियाबाद, सूचना, एलडीएम, जिला पूर्ति, स्वास्थ्य, बाट माप, नगर पालिका मोदीनगर, एआरटीओ, बीएसएनएल सहित श्रम विभाग के अधिकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# थाना विजय पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर हरिराम की हत्या का खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कोतवाली, विजयनगर के थाना विजय पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर हरिराम की हत्या का खुलासा हरिराम का शव उसकी स्विफ्ट डीजायर टैक्सी गाड़ी में पीछे की सीट पर मिला था। गोविंदा और शनि ने 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने की योजना बनाई थी, जिसके लिए उन्हें चोरी की गाड़ी की आवश्यकता थी। हरिराम की गाड़ी चोरी करने के लिए उन्होंने उसकी गाड़ी 3200 में बुक की थी। जब हरिराम गाड़ी से लेकर उन्हें चला तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी और शव को गाड़ी में ही रखकर बच्चों के अपहरण के लिए पहुंच गए। जब बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा तो वह थाना विजयनगर क्षेत्र में अंतरिक्ष बिल्डिंग के सामने गाड़ी और शव को छोड़कर



मौके से फरार हो गए। एसीपी कोतवाली रितेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोविंदा और शनि को गिरफ्तार कर लिया गया है। 11 वर्षीय बच्चे विपुल के अपहरण की योजना के लिए इन्होने हरिराम की हत्या की थी। हरिराम की हत्या कर वह इसकी गाड़ी का प्रयोग अपहरण के लिए करना चाहते थे। अपहरण करने के लिए वह हरिराम की गाड़ी को बुक कर नजफगढ़ उसके साथ गाड़ी में सवार हो गए। मौका देखते ही दोनों ने हरिराम का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और उसके बाद शव को गाड़ी में रखकर बच्चे के अपहरण करने के लिए पहुंचे गए। जब वह बच्चे के स्कूल पहुँचे तो बच्चा स्कूल नहीं पहुंचा था, जिस कारण इनकी अपहरण की योजना फैल हो गई।फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एटीएस निडौरी-गाजियाबाद की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जॉन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 जो कि आंवला ,बरेली में दिनांक 26 नवंबर 2025 से लेकर 28 नवंबर 2025 तक सम्पन्न हुई जिसमें जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय निडौरी गाजियाबाद की छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर बाजी मारी जिसकी जो कि निम्न प्रकार से है1 वॉलीबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया '2 कबड्डी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ल 3 सुहानी ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया '4, 100 मीटर की रेस में ईशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया '5, 200 मीटर की रेस में सुहानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया '6, 400 मीटर की रेस में खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया '7 बैडमिंटन में खुशी पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया लिए8 लंबी कूद में अक्सा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया '9 भाला फेंक में खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रधानाचार्या वंदना यादव द्वारा सभी विजेताओं एवं टीम इन्चार्ज व्यायाम शिक्षिका रचना सिंह का और श्रीमती उषा किरण का और धर्मेंद्र सिंह का फूल माला पहनकर और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया जिसमें समस्त स्टाफ मौजूद रहा तथा सभी का कार्य सराहनीय रहा।



## हरियाणा के राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में 5 दिवसीय स्काउट्स प्रशिक्षण

# असुरों के संघार के लिए संत और सैनिक को गदा भेंट किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** गीता भवन, ऋषिकेश, उत्तराखंड : आज यहां हिंदुस्तान स्काउट्स के हरियाणा प्रदेश सचिव और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा विंग के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नवीन जय हिंद ने 5 दिवसीय 500 स्काउट्स के कैंप का समापन किया । ये स्काउट्स हरियाणा के 22 जिलों के स्कूलों से एकत्रित हुए थे । स्काउट्स ने तरह तरह की गांठ बांधने, अस्थाई पुल और शेल्टर बनाने, आग के गोले से बाहर निकलने, योग और पिरामिड जैसी कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया । बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए परमार्थ निकेतन आश्रम की संचालिका साध्वी भारती ने कहा युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए,दूसरों को परास्त करने से अधिक धर्म की रक्षा के लिए । साध्वी भारती ने स्कॉट्स को अध्यात्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया



की अपने स्वार्थ को छोड़कर दुनिया की सेवा करना सबसे बड़ा अध्यात्म है स्वामी चिदानंद सरस्वती और परमार्थ निकेतन आश्रम 247 इसी मूहिम में लगा है 'कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने स्काउट्स को बताया की First Aid का पहला चरण RICE से प्रारंभ होता है । फका मतलब रेस्ट यानी पेशेंट के जूते उतारो और उसे आराम की मुद्रा में लाओ। क का मतलब ice यानी चोट की जगह को ठंडक पहुंचाओ चाहे तो गीले कपड़े से ही सही । C का मतलब कंप्रेस यानी चोट की जगह के आस पास थोड़ा दबाओ । E का मतलब Elevateयानी शरीर के जिस हिस्से में चोट लगी है उसे उसकी स्थिति से थोड़ा ऊंचा उठा दो । इसी तरह के जुगाड़ सिपाही या स्काउट् को देश काल पात्र के अनुसार कर लेने चाहिए ' कार्यक्रम के संयोजक नवीन जय हिंद ने बताया की ये स्काउट्स 5 लाख पौधे लगा चुके हैं,कई बार रक्तदान कर चुके हैं और सरकार की कानून व्यवस्था को कायम रखने में बार बार सहयोग करते रहे हैं । सभी पदाधिकारी ये मानते है की राष्ट्रिय स्तर पर पूर्व सैनिकों और देश भक्त नागरिकों के राष्ट्रीय सैनिक संस्था जैसा धवल चरित्र और गतिशील संगठन आज देश में कोई दूसरा नहीं है ।

**तैयारी** | नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर वासियों के लिए एक ओर प्रोजेक्ट ला रहा है नगर गाजियाबाद में बनने जा रही है उत्तर प्रदेश की पहली एलिवेटेड ट्रेल

# बी.ओ.टी.मॉडल पर आधारित होगा साइ उपवन एलिवेटेड ट्रेल प्रोजेक्ट,निगम का बढ़ाएगा राजस्वः नगर आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजना के क्रम में नगर निगम शहर वासियों के लिए एक और नया प्रोजेक्ट ला रहा है जिसके क्रम में साइ उपवन में 650 मीटर लंबी तथा 1.5 मीटर चौड़ी एलिवेटेड ट्रेल को बनाने की तैयारी चल रही है जिसके लिए नगर निगम द्वारा बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर के आधार पर प्रोजेक्ट की निविदा आमंत्रित की गई है जिसको 11 दिसंबर को खोला जाएगा,जिसमें बहुत ही सुंदर और अद्भुत एलिवेटेड ट्रेल बनाई जाएगी, जिसमें बास्केटबॉल पिकल बॉल बॉक्स क्रिकेट की भी व्यवस्था की जाएगी पब्लिक टॉयलेट के साथ-साथ पार्किंग स्पेस की व्यवस्था भी की जाएगी तथा कैसे एरिया भी बनाया जाएगा ' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि एलिवेटेड ट्रेल बनाने वाला उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम गाजियाबाद है जो की शहर वासियों के लिए बहुत








ही गर्व का विषय होगा, खिलाड़ियों तथा आमजन की सुविधाओं से युक्त एलिवेटेड ट्रेल में पार्किंग तथा पब्लिक टॉयलेट के साथ कैफे एरिया का भी स्थान दिया गया है प्रोजेक्ट की कास्ट लगभग 5 करोड़ रखी गई है, निविदा आमंत्रित की जा चुकी है उक्त प्रोजेक्ट से गाजियाबाद नगर निगम का राजस्व भी बढ़ेगा बीओटी के आधार पर प्रोजेक्ट की निविदा आमंत्रित की गई है, शहर वासियों के लिए उक्त योजना लाभदायक सिद्ध होगी न केवल टेंडर लेने वाली फर्म एलिवेटेड ट्रेल का निर्माण कराएगी बल्कि संचालन भी करेगी जिसमें से गाजियाबाद नगर निगम को रेवेन्यू भी मिलेगा ' नगर आयुक्त लगातार शहर वासियों के लिए नई-नई योजना शहर में ला रहे हैं जिसके क्रम में एलिवेटेड ट्रेल साइ उपवन में बनाई जाएगी जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है, एलिवेटेड ट्रेल आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी तथा शहर के ही नहीं बल्कि दूसरे शहर के लोग भी गाजियाबाद आगमन पर एलिवेट ट्रेल का आनंद उठाएंगे ।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने पदभार ग्रहण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया,क्षेत्रीय महामंत्री डा.विकास अग्रवाल व

- जिलाध्यक्ष ने महापुरुषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया
- जिलाध्यक्ष निज निवास से जुलूस के साथ पहुंची जिला कार्यालय
- शहर में विभिन्न स्थानों पर जुलूस पर लोगों ने पुष्प वर्षा की
- मोदी,योगी ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है: कविता माधरे

भाजपा विधायकों की मौजूदगी में कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। जिला कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। वहीं जिलाध्यक्ष अपने निज निवास से जुलूस के रूप में भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंची। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आपको बता दें,कि मंगलवार की सुबह नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे अपने निज निवास से जुलूस के रूप में पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पदभार ग्रहण करने के लिए निकली। रेलवे रोड पर उनका काफिला आने पर पदाधिकारी व कार्यकताओं की भारी भीड़ लग गयी। जुलूस अतरपुरा चौपला,गढ़ दिल्ली रोड,तहसील चौराहा,मेरठ तिराहा व एचपीडीए चौराहा होते हुए प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचा,जहां जिलाध्यक्ष कविता माधरे का भव्य स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया,क्षेत्रीय महामंत्री डा.विकास अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश तोमर व विधायक धर्मेश सिंह तोमर,विजयपाल आढ़ती व हरेन्द्र तेवतिया,पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मदन चौहान की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। जिला कार्यकताओं ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।











**मोदी योगी ने महिलाओं का हमेशा सम्मान किया**

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने हापुड़ जनपद का जिलाध्यक्ष बनाने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा व मोदी व योगी महिलाओं को सम्मान देने का कार्य करते है। यह सम्मान उनका नहीं बल्कि देश की प्रत्येक बहन बेटी का सम्मान है।

**महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया**

भाजपा से नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने अतरपुरा चौपला स्थित प.श्यामा प्रसाद मुखर्जी,नगर पालिका परिषद के प्रांगण में स्थित दीन दयाल उपाध्याय,अटल गौरव पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी,तहसील चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व मेरठ तिराहा स्थित डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**जुलूस पर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा की**

भाजपा की नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कविता माधरे के जुलूस पर लोगों ने पटेल नगर, रेलवे रोड, शिवपुरी, अतरपुरा चौपला, गढ़ दिल्ली रोड, भैरों मंदिर, एसएसवी इंटर कालेज,सबली गेट व चमरी के बाहर पुष्प वर्षा की।

**कार्यक्रम में उपस्थिति**

कार्यक्रम में जिला कार्यालय पर जिला महामंत्री मोहन सिंह, पुनीत गोयल,प्रफुल्ल सारस्वत,राजीव सिरोही, प्रमोद नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय त्यागी,अशोक पाल, पूर्व विधायक डा.कमल मलिक,कृष्णवीर सिंह,पिलखुवा पालिका चेयरमैन विभु बंसल,गढ़ पालिका चेयरमैन राकेश बजरंगी,राजीव कुमार, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.पायल गुप्ता, नीलम हरेन्द्र सिंह,मालती भारती,जय भगवान शर्मा, राज सुन्दर तेवतिया,ब्लाक प्रमुख निशांत शिशौदिया, पवन गर्ग, सुनील वर्मा, प्रिंस पंडित, संजय सहारनपुरिया, मनोज कर्णवाल,ब्रिजेश कुमार ब्रिजू, सभासद आदित्य सूद, रुद्राक्ष त्यागी, नितिन पराशर,सचिन सिरोही, महेश तोमर,श्यामेन्द्र त्यागी, राकेश त्यागी,दानिश कुरैशी, पिंकी त्यागी, राहुल शर्मा, सुमित पार्चा, संदीप कुमार,सुयश वशिष्ठ, सुधीर त्यागी, मुनेश त्यागी,पवन सैनी, जीत सैनी, योगेन्द्र पंडित, सुनील सैनी,सांसद प्रतिनिधि अशोक बबली, विनोद गुप्ता, कपिल एसएम, कुणाल चौधरी, प्रवीण सेठी, अनिल त्यागी,अमित शर्मा,कपिल पाल,कपिल सिंहल,आदि मौजूद रहे।

# एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास )।** मंगलवार को एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत




छात्राओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गईं मिशन शक्ति प्रभारी डॉक्टर रितु भटनागर ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार की कई योजनाएं चल रही है जिनमें वित्तीय समावेशन जैसे जन धन योजना, सामाजिक सुरक्षा जैसे अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्वास्थ्य जैसे आयुष्मान भारत और रोजगार सृजन जैसे पी एम स्वनिधि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना जैसे प्रमुख योजनाएं शामिल है इसके अलावा आवास स्वच्छता शिक्षा और महिला सशक्तिकरण से संबंधित भी कई योजनाएं हैंइस कार्यक्रम में 50 छात्राएं उपस्थित रहीं।

## राया बुजुर्ग में नव भारत फर्टिलाइजर ने किसान गोष्ठी का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** मंगलवार को क्षेत्र के राया बुजुर्ग गांव में किसान हाजी इकराम की अध्यक्षता में आयोजन नव भारत





फर्टिलाइजर कंपनी की टीम सौरभ कुशवाह, विनोद कुमारा, पुष्पेंदव नूर आलम के साथ किया गया। किसान हाजी इकराम ने नव भारत फर्टिलाइजर कंपनी के उत्पादों से अपने आलू की बिजाई की थी। जिसका निरीक्षण के दौरान कृषि सलाहकार सौरभ कुमार ने बदलते मौसम को देखते हुए किसानों को ज्यादा देखभाल व पानी का उचित प्रबंध करने के लिए बताया वी प्रोम, दोस्त पोटाश विजेता ,विंजाइम जी उत्पादों का उपयोग कराया था तथा किसानों को प्रयोग करने की सलाह दी कि आज ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को जागरूक करने और प्राकृतिक कृषि पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैविक खेती विषय पर एक किसान गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर किसान याकूब , जियाउद्दीन, अब्बास, अबरार, अल्तमस सहित बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# धौलाना सीएचसी में विश्व एड्स दिवस पर चला हस्ताक्षर अभियान, लोगों को जागरूक करने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर धौलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों, छात्रों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, जागरूकता फैलाने और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति रखने का संकल्प लिया।अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. रोहित मनोहर सिंह ने किया। उनके दिशा-निर्देशन में सीएचसी धौलाना पर तैनात चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने हस्ताक्षर कर जागरूकता अभियान को सफल बनाया। इस दौरान सभी ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ भी ली।कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन बलराम सिंह नागवंशी, राजेश कुमार, संकेत कुमार, मनीष कश्यप, नंदकिशोर, रजनी शर्मा, संजय चौधरी, निसार अहमद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने बताया कि समाज में एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करना और समय पर जांच व इलाज के प्रति लोगों को प्रेरित करना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आगे भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति संवेदनशील बनाया जा सके।







# रक्तदान शिविर में 35 रक्तवीरों के साथ ही पति-पत्नी,पिता-पुत्र और भाई-बहन की जोड़ियों ने रक्तदान कर बढ़ाया उत्साह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** समर्पित युवा समिति व समर्पित महिला शक्ति ने एचडीएफसी बैंक के सहयोग से देवोपम किड्स गार्डन स्कूल लिंक रोड पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 35 रक्तवीरों व वीरांगनाओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया।
शिविर में पहली बार रक्तदान करने वालों की संख्या उल्लेखनीय रही।समिति के संस्थापक सदस्य संजीव अरोड़ा ने बताया कि एचडीएफसी बैंक देशभर में रक्तदान अभियान चला रहा है और मुजफ्फरनगर में यह शिविर समिति के सहयोग से आयोजित किया गया।समिति सदस्य अमित पटपटिया ने बताया कि नए रक्तदाताओं को जोड़ने के अभियान के तहत आज पति-पत्नी,पिता-पुत्र और भाई-बहन की कई जोड़ियों ने रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया। एचडीएफसी बैंक के रक्त संयोजक शशांक जैन ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय से समिति रक्तदान सेवा में सक्रिय है और भविष्य में भी बैंक उनके साथ जनहित के कार्य करेगा।देवोपम किड्स गार्डन की प्रधानाचार्य नेहा अरोड़ा और प्रबंधक राजीव मुंजाल ने सभी रक्तदाताओं व आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में समर्पित युवा समिति व समर्पित महिला शक्ति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# विश्व प्रदूषण रोकथाम दिवस: सरस्वती अस्पताल ने किया ग्रामीणों को जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र मुकीमपुर में विश्व प्रदूषण रोकथाम दिवस पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम रही ग्रीन हैबिट्स, क्लीन हैबिट्सः ग्रीन एक्शन फॉर ए ब्लू प्लेनेट।
जागरूकता सत्र का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर-कम-स्टैटिस्टिशियन शुभम कुमार शर्मा और डॉ. वैभव त्यागी (JR-3) ने किया। दोनों ने वायु, जल, ध्वनि और मिट्टी प्रदूषण के कारणों, इनके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव तथा रोकथाम के सरल उपायों जैसे प्लास्टिक का सीमित उपयोग, कचरा पृथक्करण, जल संरक्षण, पौधरोपण और वाहन प्रदूषण में कमी पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में एमबीबीएस 2023 बैच के विद्यार्थियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की दैनिक आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. विनीत रस्तोगी ने कार्यक्रम को सराहते हुए कहा कि ग्रामीण समुदाय को प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में जागरूक करना समय की मांग है। संस्थान के वरिष्ठ नेतृत्व – प्रिंसिपल डॉ. बरखा गुप्ता, सीनियर एडवाइजर डॉ. आर.के. सेहगल, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन रघुवर दत्त तथा जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन – ने भी प्रयासों की प्रशंसा की। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन रम्या रामाचंद्रन ने टीम को शुभकामनाएँ दीं। अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ और हरित पर्यावरण के लिए सामूहिक संकल्प लिया।






**संवाद** | ग्रामीण अंचलों के सभी मतदाताओं से किया संवाद

# डीएम हापुड़ के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देने घर-घर पहुंचे धौलाना तहसीलदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** जिलाधिकारी हापुड़ अभिषेक पांडेय के निर्देशन में धौलाना

- पीए सिस्टम से लोगों को बताया एसआईआर का महत्व
- तहसीलदार ने बूथों पर जाकर परखा बीएलओ का कार्य, शिफ्टेड, डेड और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची तैयार करने के दिये निर्देश

तहसील क्षेत्र में में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को और गति देने के लिए मंगलवार को धौलाना तहसीलदार सहित तीन ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा कराने के लिए जागरुक किया। इस दौरान धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार ने क्षेत्र के कई बूथों पर जाकरण बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की और गली-गली भ्रमण कर मतदाताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पीए सिस्टम के माध्यम से मतदाताओं से संवाद किया, फार्म भरकर जमा करने की अपील की ओर फार्म भरने में आ रही कठिनाईयों का समाधान कराते हुए कुछ फार्म मौके पर भी भरवाए। उन्होंने घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से बात की, माता, बहने व बुजुर्गों को एसआईआर का महत्व समझाया और अपील की कि वे अपने साथ-साथ आस पड़ोस के मतदाताओं को भी जागरुक करें। उन्होंने पोलिंग बूथों पर एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देश दिये कि मृत, शिफ्टिड व डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन कर उन्हें अलग कर ले । इससे आपका काम आसान हो जाएगा। और प्रत्येक फॉर्म पर कारण लिखते हुए साइन कर जमा करा दे। तहसील स्तर पर उसका अपडेट भी लेते रहे इसके साथ ही तहसीलदार ने लोगों से अपील की वे आगे आए और राष्ट्रीय कार्यक्रम सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दे । वही धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद भी लोगो को जागरूक कर रहे थे।



# पिलखुवा में एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा को स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के देहरादून में सम्पन्न राष्ट्रीय अधिवेशन में पिलखुया की क्षमा शर्मा को सत्र 2026 के लिए दोबारा राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व मिलने पर जनपदवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। वहीं क्षमा शर्मा का पिलखुवा पहुंचने पर उनका लोगों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी है।
भाजपा के वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक शर्मा बंदूक वालों ने बताया कि यह क्षेत्र के लिए गौरव के क्षण हैं। नई घोषणा के बाद जब क्षमा शर्मा पिलखुवा पहुंचीं तो युवाओं और परिषद के कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। क्षमा शमां ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। उन्होंने सभी कार्यकताओं, समर्थकों और परिषद नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे छात्राओं से जुड़े मुद्दों, कैम्पस गतिविधियों को लेकर संघर्षरत रहेंगी। क्षमा शर्मा लंबे समय से छात्र राजनीति से जुड़ी रही हैं और विभिन्न स्तरों पर अनेक जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। क्षमा शमां राणा डिग्री कालेज में संयुक्त सचिव के रूप में सक्रिय रहीं। इसके बाद उन्हें नगर छात्रा प्रमुख और विभाग छात्रा प्रमुख का दायित्व मिला। परिषद में उनकी कार्यशैली और सक्रियता को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। आगे चलकर वे प्रदेश सहमंत्री और प्रदेश मंत्री मेरठ प्रांत भी रहीं। संगठन में लगातार किए गए कार्य और छात्राओं के बीच उनकी पकड़ को देखते हुए परिषद ने उन्हें एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# मजदूरों की मुश्किलें



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का एक स्थायी दावा होता है कि वह जो भी काम कर रही है वह सबसे बड़ा काम है या ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ। तभी छह साल पहले 2019 में भारतीय संसद से पास चार श्रम कानूनों को लागू करते हुए ऐसा ही दावा किया गया है। हैरानी की बात है कि अनेक मीडिया समूह भी अपने संपादकीय में इन कानूनों को इसी रूप में पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में किसी भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया सबसे बड़ा आर्थिक सुधार है। ध्यान रहे अब तक 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की ओर से लागू किए गए उदारीकरण के फैसले को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता रहा है। अब उसकी जगह श्रम कानूनों को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या यह सबसे बड़ा कथित आर्थिक सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को वैसे ही बदल पाएगा, जैसे 1991 के आर्थिक सुधारों ने बदला था? और क्या इससे श्रमिकों की हालत में कोई गुणात्मक परिवर्तन आएगा? इसकी संभावना कम है। बुनियादी रूप से ये चारों कानून कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। इनकी जो एकमात्र बड़ी खासियत दिखाई दे रही है वह ये है कि पहले से मौजूद 29 केंद्रीय कानूनों को इन चार कानूनों में समेटा गया है। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि पहले इन 29 कानूनों की वजह से उद्योग व कारोबारी समूहों को इनके अनुपालन में समस्या आती थी तो दूसरी ओर श्रमिकों के लिए जरूरी लाभ उपलब्ध कराना मुश्किल होता था। लेकिन असली सवाल तो यह है कि इससे मजदूरों को कैसे फायदा होगा? इस सवाल पर विचार से पहले चारों कानूनों के बारे में संक्षेप में जानना जरूरी है। ये चार कानून वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता हैं। पहला कानून यानी वेतन संहिता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी मजदूरों को एक निश्चित वेतन मिले, वेतन समय पर मिले और वह उचित हो। पहले वेतन, भत्ता, पेंशन, बोनस आदि के लिए अलग अलग कानून थे, जिससे परेशानी होती थी। इसमें एक खास बात यह है कि महिलाओं को पुरुषों के समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान किया गया है। हालांकि उचित और समय पर वेतन मिलना कैसे सुनिश्चित होगा यह कानून लागू होने के बाद पता चलेगा। दूसरा कानून औद्योगिक संबंध संहिता हैं, जिसके तहत कर्मचारी और कंपनी के संबंधों की व्याख्या की गई है और साथ ही दोनों के बीच विवाद के त्वरित निपटान की व्यवस्था भी बनाई गई है। इसमें हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के नियम भी शामिल किए गए हैं और सबसे ज्यादा विरोध इसी नियम का हो रहा है। तीसरा कानून सामाजिक सुरक्षा संहिता का है, जिसमें असंगठित मजदूरों, ऐप आधारित सेवाओं में काम करने वाले लोग, जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जा रहा है उनके लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इस कानून में कहा गया है कि कंपनियां इनके लिए सामाजिक सुरक्षा फंड बनाएंगी। इस कानून के जरिए स्वास्थ्य, बीमा और मातृत्व सुविधा जैसे लाभों को हासिल करना आसान बनाया जाएगा। चौथा और अंतिम कानून व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता है, जिसमें कर्मचारियों, मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रावधान है साथ ही कार्यस्थल पर होने वाली परेशानियों को दूर करके उसे बेहतर बनाने के उपाय भी किए गए हैं। पहले से मौजूद 13 कानूनों मिला कर इसे बनाया गया है। इसमें महिलाओं के रात में काम करने का प्रावधान भी किया गया है। दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर व उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा।

# भारत में नियति का आख्यान?



जुनैद मलिक अत्तारी

होमबाउंड बॉलीबुड के फिल्मी पैटर्न को तोड़ती हुई फिल्म है। इस फिल्म के नायक (चाहें तो मुख्य पात्र कहें) चंदन बाल्मीकि और शोएब मलिक दो व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि समकालीन भारतीय समाज में दलितों-मुसलमानों के प्रतिनिधिक चरित्र हैं। कोई व्यक्ति या कोई खलनायक इनकी जिंदगी के सपने, गरिमा, आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों को नहीं रौंदता हैं, इनसे इनका किसी और के जैसा ही इंसान होने का हक नहीं छीनता है, पूरा का पूरा सिस्टम रौंदता है, कुचलता है। दलित समुदाय का चंदन बाल्मीकि तो सैंकड़ों वर्षों से -एक विशेष व्यवस्था, संस्कृति, जीवन-मूल्यों, आदर्शों और मनोविज्ञान की पग-पग मार झेलता ही रहा है, शोएब भी नए राष्ट्र के पैरोकारों के निजाम में चंदन की नियति को पहुंच गया है। कुछ मामलों में चंदन से भी बदतर स्थिति में भी।चंदन फिल्म में एक-दो बार शोएब को बहुसंख्यक नाम देकर पिटाई-अपमान से बचाने की कोशिश करता है। हां, एक-दो बार वह खुद को मुस्लिम के रूप में प्रस्तुत करके शोएब के साथ मार भी खाता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि शोएब के प्रति पहले दुराग्रह-पूर्वाग्रह नहीं थे, पर नए निजाम ने उसे खाद-पानी देकर एक बीज को पूरा का पूरा बरगद का पेड़ बना दिया है।वैसे तो इस देश में चंदन बाल्मीकि और शोएब मलिक होना ही किसी इंसान की नियति तय करने के लिए आज काफी है, इसके साथ ही दोनों का मेहनत-मजूरी करने वाले मां-बाप का बेटा होना, रही-सही कसर पूरी कर देता है। फिल्मकार नीरज को भारतीय समाज के इस सच का पूरी तरह अहसास है कि यदि आप बाल्मीकि हैं, मुस्लिम हैं, उसके मजदूर वर्गीय स्थिति के हैं, तो आपके लिए देश में ज्यादातर रास्ते बंद हैं। आपकी उड़ान की हर कोशिश को, अपनी जातीय-धार्मिक और वर्गीय वंचना से निकलने के हर प्रयास को नाकाम बना देने के लिए पूरा का पूरा सिस्टम मौजूद है। फिर आप चाहे कितने ही काबिल और होनहार क्यों न हों। सामाजिक-धार्मिक तौर पर निम्न स्थिति के साथ वर्गीय निम्न स्थिति जब जुड़ जाती है, तब इस देश में स्थिति कितनी भयावह हो जाती है, यह चंदन-शोएब की कोशिशों और नाकामयाबियों से समझा जा सकता है, जिसकी अत्यंत यथार्थपरक प्रस्तुति यह फिल्म करती है।चंदन-शोएब का घर आस-पास है। वैसे भी इस देश के शहरों में दलित-मुस्लिम मुहल्ले और आवास आसपास ही अक्सर होते हैं। विशेषकर गरीब और निम्न मध्यवर्गी बड़े हिस्से की। चंदन बहुसंख्यक समाज के श्रेणीक्रम में जहां खड़ा है, वहां की बू का शिकार होकर शोएब से घृणा करने का कोई संस्कार नहीं पाया है या उसके पास इसकी कोई वजह नहीं हैं। शोएब भी बहुसंख्यकवाद के बू के शिकार किसी लड़के या परिवार से शायद ही घना दोस्ताना रिश्ता बना पाए, खासकर आज के दौर में। दोनों के बीच घनी दोस्ती है। साथ ही पढ़ते हैं, अक्सर साथ ही रहते हैं, साथ ही खेलते हैं, एक-दूसरे के घर खाते-पीते हैं। दोनों के मां-पिता और बहन एक दूसरे की मां-पिता और बहन जैसे ही हैं। दोनों के सपने भी एक ही हैंझ पुलिस में भर्ती होना। पुलिस में भर्ती होकर दोनों अपनी और अपने परिवार की दो बुनियादी समस्याएं हल करना चाहते हैं। पहली आर्थिक। चंदन की मां, पिता, बहन और खुद चंदन की सबसे बड़ी इच्छा है कि उनका एक पक्का मकान हो, यही सबसे बड़ा सपना है। पिता खटते हैं, बहन पढ़ाई छोड़कर स्कूल में दाई का काम करती है। बच्चों के हगीस साफ करती है। लेकिन पिता-बहन की कमाई से इतना नहीं जुट पाता कि वे अपने लिए पक्का मकान बना सकें। सारा कुछ चंदन और उसके भविष्य पर निर्भर है। शोएब का सबसे बड़ा ख्वाब पिता के पैर का आपरेशन करना है, ताकि वे चल सकें।दोनों इंटर पास हैं। पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। फार्म भर रहे हैं। परीक्षा दे रहे हैं। पहले परीक्षा नहीं होती, परीक्षाएं कभी होती हैं, तो रिजल्ट नहीं आता। लेकिन दोनों एक अन्य बड़े कारण से पुलिस में भर्ती होना चाहते हैं। वह कारण यह कि उन्हें लगता है कि यदि वे पुलिस बन जाएंगे, तो दलित होने और मुस्लिम होने के चलते होने वाले रोज-रोज के अपमान और संघर्ष से मुक्ति मिल जाएगी। उनका आत्मसम्मान और व्यक्तिगत गरिमा वापस मिल जाएगी। चंदन कई बार एससी कैटेगरी में नहीं सामान्य कैटेगरी में फार्म भरता है ताकि वहां पुलिस में भी उसे दलित होने के चलते अपमानित न होना पड़े या किया जाए। अलग-अलग कारणों से दोनों पुलिस में भर्ती नहीं हो पाते। चंदन के अंतिम तौर पर भर्ती होने की जब सूचना आती है, तब तक उसकी मौत हो चुकी है। शोएब के




पास एक विकल्प अरब देशों में जाने का है, लेकिन वह मां-बाप का अकेला बेटा है, वह उन्हें और अपने परिवेश को छोड़कर जाना नहीं चाहता है। चंदन अंत मे गुजरात मजदूरी करने जाता है। बाद में शोएब भी उसके पास ही आ जाता है। अंत में दोनों की नियति उन्हे फैक्ट्री में मजदूर बना देती है। दोनों अपने-अपने मजदूर परिवार को हाड़-तोड़ मेहनत-मजूदरी से बाहर निकालना चाहते हैं, खुद भी निकलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें मजदूर ही बने रहना पड़ता है।दोनों के सपने कुछ उड़ान भरते है, तभी कोविड काल शुरू हो जाता है। सपने अधूरे ही दम तोड़ देते हैं। चंदन 1200 किलोमीटर की घर-वापसी की यात्रा में दम तोड़ देता है, शोएब की बाहों में। उसे बचाने की शोएब मलिक की सारी कोशिशें नाकामयाब हो जाती है। फिल्म कोविड काल की मजदूरों पर पड़ी मार, पुलिसिया दमन और सिस्टम की निर्ममता का भी जीता-जागता चित्र प्रस्तुत करती है। इस पूरी प्रक्रिया में चंदन और शोएब के गहन मानवीय रिश्ते (दोस्ती) को फिल्म इस तरह सामने लाती है कि दर्शकों के मन में इंसानी भाव भीतर तक भर जाते है। चंदन का शोएब की बाहों में दम तोड़ने का दृश्य, चंदन मर रहा है या शोएब, इसके बीच के अंतर को मिटा देता है।शोएब पुलिस भर्ती में असफल घोषित होने के बाद एक प्राइवेट फर्म में चपरासी का काम करता है। वहां अपनी योग्यता साबित करके सेल्समैन बन जाता है। उसकी जिंदगी उड़ान लेने की ओर बढ़ती है, सपने पूरा होने की ओर बढ़ते हैं। पर एक दिन जब उसी फर्म के लोग भारत-पाकिस्तान का क्रिकेट मैच देखने के लिए एक जगह जुटते हैं, पार्टी करते हैं। शोएब मैच के दौरान भारतीय टीम के सपोर्ट में सहज ही उत्साहित हो रहा है, तालियां बजा रहा है, लेकिन उसके ऑफिस के वरिष्ठ सहकर्मी भारत की जीत के उल्लास और विजयी भाव को जाहिर करने के लिए अकारण शोएब को धर्म के आधार पर निशाना बनाते हैं, उसे पाकिस्तानी टीम का समर्थक घोषित करते हैं, उसके खान-पान की खिल्ली उड़ाते हैं। उसकी मां के बनाए मूंग के हलवे को धर्म से जोड़कर गंदे इशारे करते हैं। स्थिति शोएब के लिए असहनीय हो जाती है और वह नौकरी छोड़ देता है। हालांकि यह ऑफिस में पहली घटना नहीं थी, लेकिन धर्म-पहचान आधारित छोटे-छोटे अपमानों को वह टालता रहता था। लेकिन किसी भी व्यक्ति की अपमान सहने की कोई न कोई तो सीमा होती ही है, उस दिन शोएब के लिए वह हद पार हो जाती है। ऐसा नहीं कि उस ऑफिस में कुछ एक अच्छे बहुसंख्यक समाज के लोग नहीं है? हैं । लेकिन बहुत ही कम। उनकी आवाज उतनी मुखर नहीं है, जितनी धर्म-पहचान के आधार अपमानित करने वालों की है।ऐसा नहीं है कि इस फिल्म में सिर्फ त्रासदी ही त्रासदी है, खुशियों के पल नही हैं, प्यार के पल नहीं हैं, जीवन कभी ऐसा नहीं होता है। हर स्थिति में इंसान खुश होने का रास्ता ढूंढ़ ही लेता है, अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश तो करता ही है। पढ़ाई और पुलिस भर्ती की तैयारी के दौरान चंदन-शोएब पूरी उम्मीद से भरे हैं, उन्हें अपनी मेहनत और तैयारी पर भरोसा है कि वे पुलिस में भर्ती जरूर हो जाएंगे। इस पढ़ाई, तैयारी और सपने देखने के दौरान वे खुशियों से उछलते हैं, कुलाचें भरते हैं। परिवार की गरीबी दूर हो जाएगी, घर बन जाएगा, पिता का आपरेशन हो जाएगा, पुलिस में भर्ती होते ही चंदन दलित होने और शोएब मलिक होने के अपमान से छुट्टी मिल जाएगी। बस कुछ दिनों की बात है। यह सब सोचकर उनके दिल उमंग-उत्साह से भरे हुए हैं। बुरे दिन कुछ दिनों की बात है, यह उन्हें गहरी दिलासा दिलाता है।इस सपने के टूटने के बाद अपनी नियति मान जब वे गुजरात में मजदूरी करने लगते हैं, जिंदगी की गाड़ी आगे बढ़ती है, पैसे घर भेजने लगते हैं। चंदन के घर के निर्माण का काम शुरू हो जाता है। पूरा घर खुश है। शोएब मलिक भी पैसा जुटाकर और कर्ज लेकर पिता के आपरेशन के पैसे जुटाता है, आपरेशन हो जाता है। खुशी का एक नया दौर आता है। सभी युवा मजदूर गुजरात में अभावों के बीच भी मौज-मस्ती का कोई न कोई रास्ता निकाल लेते हैं। वह शोएब मलिक के घर से आए अचार की छीना-छपटी ही क्यों न हो।फिल्म में एक नायिका भी है, यदि उसे नायिका कहना चाहें। सुधा भारती नाम है। चंदन बाल्मीकि और उसके बीच प्यार की एक डोर बंधी हैं। चंदन की जिंदगी में सुधा का प्यार उमस भरी गर्मी में एक ठंडी बहार के जैसा है, लेकिन चंदन की जिंदगी और सुधा की जिंदगी में मुम्बईया फिल्मों के प्रेमी जोड़े की तरह सिर्फ उछल-कूद, आह-उह, देवदास-पारो की तरह गम में डूबे रहने का वक्त नहीं हैं। परिवार, मां-बाप-बहन की रोटी, आवास और एक सम्मानजनक रोजगार माउंट एवरेस्ट की तरह सामने खड़ा है, जिसकी चढ़ाई की कोशिश में ही सारा दम निकल जाता है।

## राजनीति का मुझे चरम सुख चाहिये

राजनीति का मुझे चरम सुख चाहिये,
झंडू हृदय सम्राट कैसे बना जाता है,
गूढ़ रहस्य प्रभु मुझे बतलाइये ।

दर दर भटका हूँ मंदिर मस्जिद गुरु द्वारे,
सत्ता का सोम रस मुझे चखवाइये ।
एश्योरेंस से काम नही चलने वाला है अब,
थ्रॉन मुझे लाइफ टाइम गारंटी वाला चाहिये ।

साम दाम दंड भेद का बना दो मुझे देव,
ढीठता चालाकी मुझे महामानव वाली चाहिये ।

अंध भक्त बन जाये जिस पे फिरा दूँ हाथ,
फौज मुझे मेरी रक्तबीजों वाली चाहिये ।

पत्रकार सारे ही समझें परमेश्वर मझे ही अपना,
मेरे प्रति प्रेम उनका रोज छपना चाहिये ।

माइक से फोड़ दे एंकर सर विरोधियों का,
टीवी स्टूडियो में विरोधी रोज पिटना चाहिये ।

कॉरपोरेट देशभक्तों से मित्रता प्रगाढ़ रहे ,
डॉलर में मित्रों का विकास होना चाहिये ।

जनता तो भोली है पाँच किलो राशन बहुत,
मेरे स्विट्जरलैंड में बैंक्स होने चाहिये ।

महंगाई शिक्षा रोजगार भ्रष्टाचार,स्वास्थ आदि किसी का ना इन पर ध्यान होना चाहिये,
मरे बूढ़ा बच्चा स्त्री या किसान या जवान,
छवि मेरी सब से महान होनी चाहिये ।

जितनी बता दूँ सीटें उतनी आ जायें वहाँ,
अध्यक्ष चुनाव आयोग मुझे महा ज्ञानेश जैसा चाहिये

न्याय से ना कोई नाता ना देखे सुने ना बोले ,
न्याय के मन्दिर में न्यायाधीश ऐसा चाहिये ।

रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया)

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने और उपयोग करने वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो



अरविंद रावल

मध्य प्रदेश सहित देशभर में पतंगबाजी के दौरान प्रतिबंधित चाइनीज, नायलॉन और सिंथेटिक धागे का चोरी-छिपे धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। हर वर्ष विभिन्न राज्य सरकारें इस जानलेवा धागे पर प्रतिबंध लगाती हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की नाक के नीचे ही यह धागा दुकानों और घरों में खुलेआम बिकता रहता है। परिणामस्वरूप हर साल सैकड़ों लोग और अनगिनत पक्षी इसकी धार का शिकार हो जाते हैं। हाल ही में इंदौर में एक मासूम बालक की गर्दन प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से कटने से हुई दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को विचलित कर दिया। ऐसी घटनाएं केवल हादसे नहीं, बल्कि लापरवाही की पराकाष्ठा और कानून व्यवस्था की विफलता का प्रमाण हैं। अब समय आ गया है कि सरकार और समाज दोनों इस बढ़ती समस्या पर गंभीरता से विमर्श करें।

प्रतिबंधित धागे के कारण होने वाली मौतों को मात्र हादसा मानने के बजाय हत्या के दायरे में लाया जाना चाहिए। जो दुकानदार चाइनीज मांझा बेचते हैं और जो लोग इसका उपयोग करके दूसरों की जान को खतरे में डालते हैं, उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो। साथ ही जिस क्षेत्र में इस तरह की घटना घटित होती है, वहाँ के जिम्मेदार एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। जब तक प्रशासनिक स्तर पर सख्ती नहीं होगी, तब तक इन घटनाओं में कमी आना मुश्किल है। आज चाइनीज मांझा शहरों से निकलकर गांवों तक पहुँच चुका है। समाज के सभ्य कहलाने वाले कई दुकानदार इस प्रतिबंधित धागे को अधिक कीमत पर चोरीझछिपे बेचते हैं। वे और खरीदार दोनों भलीभाँति जानते हैं कि यह मांझा जानलेवा है, इसके बावजूद पतंग काटने की प्रतिस्पर्धा के शौक में वे दूसरों के जीवन को खतरे में डालते हैं। राज्य सरकारों को चाहिए कि पटाखों की तरह ही पतंग के धागे बेचने वालों का लाइसेंस जारी किया जाए। शहर-शहर, गाँव-गाँव में प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर नजर रखने के लिए तलाशी अभियान चलाए जाएँ। साथ ही व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आकर ऐसे दुकानदारों और उपयोगकताओं की शिकायत दर्ज करानी चाहिए। जब समाज और प्रशासन दोनों मिलकर सख्ती करेंगे, तभी इन जानलेवा घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। देश का बेकॉल पतंग महोत्सव हमारी सांस्कृतिक पहचान है। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़े, लोग त्योहार का आनंद लें—यह हमारी परंपरा है। लेकिन आनंद के इस उत्सव में यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा शौक किसी निर्दोष के लिए शोक न बन जाए। सावधान रहकर, सुरक्षित धागे का उपयोग कर ही हम त्योहार की खूबसूरती और लोगों की जान—दोनों की रक्षा कर सकते हैं।

**जब समाज और प्रशासन दोनों मिलकर सख्ती करेंगे, तभी इन जानलेवा घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। देश का बेकॉल पतंग महोत्सव हमारी सांस्कृतिक पहचान है। आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़े, लोग त्योहार का आनंद लें—यह हमारी परंपरा है**

## बुधवार का राशिफल

**मेष** – गृह क्लेश से परेशान रहेंगे, घर में रोग, दवा पर अधिक व्यय हो सकता है, पारिवारिक केस में कोर्ट खर्चा बांध सकती है, नींद ठीक से नहीं आयेगी। भाग्य प्रतिशत-48

**वृषभ** – जीवन साथी की ओर से तनाव मिलेगा, बाहर से कोई मिल रहे कार्य में मुश्किल बढ़ेगी, पैतृक सम्पत्ति को लेकर मुश्किलें बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-47

**मिथुन** – पैसे कमाने के लिए पुरजोर प्रयास करेंगे, सरकारी महकमे से कोई काम पड़ेगा, प्रेम समबन्ध में व्यक्ति अच्छा मिलेगा, तरल व काले रंग के पदार्थों से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-63

**कर्क** – शारीरिक क्षमता पर असर पड़ेगा, निराशा जनक बातें और सोच हावी रहेगी, व्यवसाय करना है तो उसमें अपना स्वभाव मजबूत रखें, हाथों की मेहनत बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-49

**सिंह** – भक्ति और उपकार करने में हिचकेंगे नहीं, सामाजिक छवि का भी ध्यान रखेंगे, खनन, प्रोपर्टी, वकालत, लाईजनींग कार्य से आय बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-67

**कन्या** – मित्रों का सर्किल बढ़ेगा, उनसे लाभ भी होगा, हवाई यात्रा कर सकते हैं, जो भी करेंगे उसमें अपना पूरा ध्यान देंगे, दवा का सेवन देख कर करें, मदिरापान नॉनवेज ना लें। भाग्य प्रतिशत-56

**तुला** – ऑफिस में पहचान मिलेगी, आर्थिक उन्नति सम्भव हैं, किसी परीक्षा को लेकर दुविधा रहेगी, माँ से लड़ने से बचें, प्रेम समबन्ध में सीमा पार ना करें। भाग्य प्रतिशत-62

**वृश्चिक** – वैवाहिक जीवन में मुश्किल बढ़ेगी, मन में दुःख बढ़ेगा, आध्यात्मिक क्षेत्र में हैं तो प्रसिद्धि मिलेगी, प्रभावशाली लेखन करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**धनु** – जीवन साथी की शंका दूर करनी पड़ेगी, माँ का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, पुराने घर को ठीक करा सकते हैं या बेचने के लिए बात करेंगे, पुत्र संतान के करियर में मुश्किल आयेगी। भाग्य प्रतिशत-49

**मकर** – आध्यात्मिक क्षेत्र से धन लाभ होगा, एमबीए कोर्स से जॉब लग सकती है, प्रेम, वैवाहिक समबन्ध में कड़वाहट आएगी। भाग्य प्रतिशत-61

**कुंभ** – मेहनत करके धन जोड़ लेंगे, आपकी कोई बात नहीं मानी जाएगी जिससे निराश हो सकते हैं, रोग में पैसा खर्च हो सकता है, परोपकारी बने। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन** – मन पुरानी गलतियों को लेकर दुखी रहेगा, वैवाहिक जीवन में वाद विवाद की स्तिथि आयेगी, कोई व्यवसाय करने की शुरूआत करेंगे। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# विश्व विकलांग दिवस पर विशेष: दिव्यांग लोगों के बारे में बढ़ानी होगी जागरूकता



रमेश सर्राफ धमोरा

समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है। जिसे सुधारने की आवश्यकता है। विश्व विकलांग दिवस पर इस वर्ष का विषय है सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए विकलांगता समावेशी समाजों को बढ़ावा देना। विकलांग व्यक्तियों को अपने भाग्य को आकार देने और समाज में योगदान देने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के महत्व को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1992 में हर वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाने घोषणा की गयी।सरकार द्वारा देश में दिव्यांगो के लिए कई नीतियां बनायी गयी है। उन्हें सरकारी नौकरियों, अस्पताल, रेल, बस सभी जगह आरक्षण प्राप्त है। दिव्यांगो के लिए सरकार ने पेशन की योजना भी चला रखी है। लेकिन ये सभी सरकारी योजनाएं उन दिव्यांगो के लिए महज एक मजाक बनकर रह गयी हैं। जब इनके पास इन सुविधाओं को हासिल करने के लिए दिव्यांगता का प्रमाणपत्र ही नहीं है। इसको मानाने का उद्देश्य समाज के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को बढ़ावा देना और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में दिव्यांग लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। मगर आज भी लोगों को तो इस बात का भी पता ही नहीं होता है कि हमारे आस-पास कितने दिव्यांग रहतें हैं। उन्हे समाज में बराबरी का अधिकार मिल रहा है कि नहीं। किसी को इस बात की कोई फिकर नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के पास एक ह्यदिव्य क्षमताह्न है और उनके लिए ह्यविकलांगह्न शब्द की जगह दिव्यांगशब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकलांगों को दिव्यांग कहने की अपील की थी। जिसके पीछे उनका तर्क था कि शरीर के किसी अंग से लाचार व्यक्तियों में ईश्वर प्रदत्त कुछ खास विशेषताएं होती हैं। विकलांग शब्द उन्हे हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर देश के लोगों ने विकलांगो को दिव्यांग तो कहना शुरू कर दिया लेकिन लोगों का उनके प्रति नजरिया आज भी नहीं बदल पाया है। आज भी समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगों को दयनीय दृष्टि से ही देखा जाता है। भले ही देश में अनेको दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हो मगर लोगों का उनके प्रति वहीं पुराना नजरिया बरकरार है।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण मिलेंगे जो बताते है कि सही राह मिल जाये तो अभाव एक विशेषता बनकर सबको चमत्कृत कर देती है। भारत में दिव्यांगो की मदद के लिए बहुत सी सरकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन इतने वर्षो बाद भी देश में आज तक आधे दिव्यांगो को ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र मुहैया कराया जा सका है। ऐसे में दिव्यांगो के लिए सरकारी सुविधाएं हासिल करना महज मजाक बनकर रह गया हैं। दुनिया में बहुत से ऐसे दिव्यांग हुए हैं जिन्होंने अपने साहस संकल्प और उत्साह से विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अपना नाम लिखवाया है। शक्तिशाली शासक तैमूर लंग हाथ और पैर से शक्तिहीन था। मेवाड़ के राणा सांगा तो बचपन में ही एक आंख गवाने तथा युद्ध में एक हाथ एक पैर तथा 80 घावों के बावजूद कई युद्धों में विजेता रहे थे। सिख राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख बचपन से ही खराब थी। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुधा चंद्रन के दाई टांग नहीं थी। फिल्मी गीतकार कृष्ण चंद्र डे तथा संगीतकार रविंद्र जैन देख नहीं सकते थे। पूर्व क्रिकेटर अंजन भट्टाचार्य मूकबधिर थे। वर्ल्ड पैरा चैम्पियनशिप खेलों में झुंझुनू जिले के दिव्यांग खिलाड़ी संदीप कुमार व जयपुर के सुन्दर गुर्जर ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के पांचवें दौर का पहला चरण 2019-20 में आयोजित किया गया था। एनएफएचएस जनसंख्या, परिवार नियोजन, बाल और मातृ स्वास्थ्य, पोषण, वयस्क स्वास्थ्य और घरेलू हिंसा से संबंधित प्रमुख संकेतकों पर अनुमान प्रदान करता है। एनएफएचएस-5 सर्वेक्षण से एकत्र किए गए द्वितीयक डेटा के भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद प्रकाशन के विश्लेषण के अनुसार भारत में विकलांग लोगों की कुल व्यापकता जनसंख्या का 4.52 प्रतिशत है। भारत विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक पक्ष है। यह डेटा दर्शाता है कि भारत में लगभग 6 करोड़ 32 लाख 80 हजार लोग किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ जीवन यापन करते हैं। लोकोमोटर (गतिशील) विकलांगता सभी विकलांगताओं में सबसे आम है, इसके बाद मानसिक और वाक (बोलने से संबंधित) विकलांगताएँ हैं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि भारत में दिव्यांग आज भी अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व स्तर पर 15 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की विकलांगता के साथ रहती है। जबकि उसमें से 80 प्रतिशत से अधिक लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। जबकि भारत में 140 करोड़ से अधिक लोग है। इस आबादी का 2.2 प्रतिशत से अधिक लोग किसी न किसी रूप में गंभीर मानसिक या शारीरिक विकलांगता से पीड़ित हैं। आज के प्रगतिशील युग में जहाँ सभी लोगों के एकीकरण और समावेशन पर सतत विकास के प्रवेश द्वार के रूप में जोर दिया जाता है। भारत में विकलांग लोगों को वगीर्कृत करने वाले मानदंडों की सूची को 2016 में नया रूप दिया गया था। 2016 के आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम पर आधारित संशोधित परिभाषा में एसिड हमलों से संबंधित शारीरिक विकृति और चोटों को विकलांगता के रूप में मान्यता देना भी शामिल है। जो इन पीड़ितों को विभिन्न प्रकार की सरकारी सहायता और समर्थन का हकदार बनाता है । भारत में आज भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र हासिल करना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को मायूस होना पड़ता है। हालांकि सरकारी दावे कहते हैं कि इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया गया है, लेकिन हकीकत इससे काफी दूर नजर आती है। दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जारी करने के सरकार ने जो मापदण्ड बनाये हैं। अधिकांश सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक उनके अनुसार दिव्यांगो को दिव्यांग होने का प्रमाण पत्र जारी ही नहीं करते है। जिसके चलते दिव्यांग व्यक्ति सरकारी सुविधायें पाने से वचिंत रह जाते हैं। देश में दिव्यांगो को दी जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सिमटी हुई हैं। अन्य देशों की तुलना में हमारे यहां दिव्यांगो को एक चौथाई सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है। केन्द्र सरकार ने देशभर के दिव्यांग युवाओं को केन्द्र सरकार में सीधी भर्ती वाली सेवाओं के मामले में दृष्टि बाधित, बधिर और चलने-फिरने में दिव्यांगता या सेरेब्रल पल्सी के शिकार लोगों को उम्र में 10 साल की छूट देकर एक सकारात्मक कदम उठाया है। दिव्यांगता शारीरिक अथवा मानसिक हो सकती है किन्तु सबसे बड़ी दिव्यांगता हमारे समाज की उस सोच में है जो दिव्यांग जनों से हीन भाव रखती है। जिसके कारण एक असक्षम व्यक्ति असहज महसूस करता है। अब दिव्यांग लोगों के प्रति अपनी सोच को बदलने का समय आ गया है। दिव्यांगो को समाज की मुख्यधारा में तभी शामिल किया जा सकता है जब समाज इन्हें अपना हिस्सा समझे। इसके लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है। हाल के वर्षों में दिव्यांगो के प्रति सरकार की कोशिशों में तेजी आयी है। दिव्यांगो को कुछ न्यूनतम सुविधाएं देने के लिए प्रयास हो रहे हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सरकार पर सवाल उठते रहे हैं।

# पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले ने तीन शातिर अभियुक्त किए गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** महुआखेड़ा पुलिस और साइबर सेल टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन साइबरठगों को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों को थाना क्षेत्र महुआखेड़ा से पकड़ागया। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेसवार्ता में एसपी क्राइम ममता कुरील ने तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारकिए गए अभियुक्तों की पहचान धनदेश पुत्र ठाकुर दास (निवासी सुवकरा, थाना जवां,अलीगढ़), साहिक पुत्र अवरार (निवासी सुमेरा दरियापुर, थाना जवां, अलीगढ़)और अफजाल अहमद पुत्र अय्यूब (निवासी आमलपुर सुबकरा, थाना जवां, अलीगढ़) के रूपमें हुई है। ये सभी बीएनएस, 66(डी) आईटी एक्ट और 42(3म) दूरसंचार अधिनियम केतहत वांछित थे। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त 05 मोबाइल



फोन, 05 आधारकार्ड, 04 एक्टिव जियो सिम, 05 एक्टिव एयरटेल सिम, 18 बीएसएनएल ब्लैंक सिम, 10 एयरटेलब्लॉक सिम, बैंक ऑफ बड़ौदा की 01 पासबुक व चेकबुक, पीएनबी बैंक की 01 पासबुक, 26 नई सिम, 1010 रुपये नकद, 01 रजिस्टर और 02 मोटरसाइकिल (एक बुलेट और एक राइडर)बरामद की हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जोगेंद्र सिंह और उपनिरीक्षक राहुल चौधरी सहित पुलिस टीम शामिल रही।

# विकासभवन के लेखाधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक उर्मिला कुमारी को दी गई विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** विकास भवन में कार्यरत सहायक लेखाधिकारी डॉ ए के पांडे एवं वरिष्ठ सहायकउर्मिला कुमारी के सेवानिवृत्त होने पर गांधी सभागार में भावभीनी विदाई दीगई। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी कृषि विभाग रामवीरसिंह ने की एवं कार्यक्रम का संचालन विकास भवन एवं ग्राम विकास पेंशनर एसोसिएशन केअध्यक्ष राजेश गौड़ ने किया।कार्यक्रमका शुभारंभ आनंद वर्धन ने सरस्वती वंदना के साथ किया। चंद्र प्रकाश चंदेल नेविदाई गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षा संघ केअध्यक्ष मुकेश सिंह, संरक्षक राधेश्याम शर्मा एवं ओमप्रकाश ने अपने वक्तव्य मेंदोनों सेवानिवृत्त साथियों के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके





व्यवहार कोसराहा। कार्यक्रम में विकास भवन के साथ बेसिक शिक्षा से काफी संख्या में लेखाकारोंने भाग लिया। उपस्थित साथियों ने दोनों को पुष्प मालाओं से स्वागतकिया और भेंट स्वरूप मूर्ति, शॉल, सूटकेसएवं कंबल आदि भेंट किये। ग्राम विकास लेखा कर्मचारी संघ की ओर से भगवान रामका दरबार भेंट किया एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में अध्यक्ष राजेश गौड़, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी रमेश चंद्र, बृजभूषण शर्मा, देवदत्त, वीरेंद्र सिंह, रामखिलाड़ी, रित्वी शर्मा, प्रीति सिंह, सनी सिंह, मदनपाल सिंह, चंद्र प्रकाश चंदेल, आनंदवर्धन, संजय कुमार, अनुग्रह शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, उर्मिला देवी के परिवार सेसुधारानी, सत्येंद्र सिंह ,पिंकी, रश्मि देवी, अर्जुन, हरेंद्र, राजेश, जफर, धर्मेंद्रसिंह, कविता शर्मा, शशि शेखर सिंह, नरेश कुमार एवं नितिन जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अतरौली के एमवी इंटर कॉलेज की छात्रा सुरभि वार्ष्णेय पुत्री नवीन वार्ष्णेय का चमन शतरंज प्रतियोगिता में नेशनल लेवल के लिए हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** एमवी इंटर कॉलेज की छात्रा सुरभि वार्ष्णेय पुत्री नवीन वार्ष्णेय का चमन शतरंज प्रतियोगिता में नेशनल लेवल के लिए हुआ है इस प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर 10 छात्रों का चयन हुआ है जिसमें के एम वी की छात्र है तथा कक्षा 10 में विद्यालय की छात्रा है कुमारी सुरभि को जिलाधिकारी ने आशीर्वाद दिया है एवं जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक महोदया ने ने भी अपना आशीर्वाद प्रदान किया नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में



विजई होने के लिए सुरभि वार्ष्णेय को आशीर्वाद प्रदान किया आज विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक उत्सव पर्व समारोह आयोजित करके कुमारी सुरभि को अयोध्या रवाना किया वहां से छात्र अन्य छात्राओं के साथ बेंगलुरु आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होंगी विद्यालय के प्रधानाचार्य सभी शिक्षकों ने अपने आशीर्वाद से कुमारी सुरभि को विद्यालय से रवाना किया उनके साथ इस प्रतियोगिता में श्री रोबिन सिंह प्रतिभागी के साथ रहेंगे।

# भारतीय किसान यूनियन की पंचायत छर्रा ब्लाक के टिनशेड में ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत छर्रा ब्लाक के टिनशेड में ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई संचालन कालीचरण शर्मा ने किया जिसमें किसानों मजदूरों से अपने भले को संगठित होने का आह्वान किया पंचायत के बाद में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित समस्या पत्र खंड विकास अधिकारी गगीरी के प्रतिनिधि श्री दीपक कुमार शर्मा बड़े बाबू को दिया गया जिसमें कहा गया है जंगली जानवरों जैसे वनरोज नीलगाय हिरन जंगली सूअरों बंदरों द्वारा सभी फसलों को भारी हानि पहुंचायी जा रही है फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों मजदूरों द्वारा कंटीले तार झटका मशीन ब्लेड तार कहीं कहीं बिजली का भी





प्रयोग किया जा रहा है इन वैकल्पिक उपायों से किसी भी मानव या जंगली जानवर आवारा गाय साडो की मृत्यु होती है तो मृत्यु की पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन तथा वन विभाग की होगी किसान पूरी तरह से निर्दोष है अन्यथा सरकारी खर्च पर सभी किसानों मजदूरों की फसलों की सुरक्षा हेतु तारों की फैंसिंग करायी जाय या फसलों की क्षतिपूर्ति हेतु एक लाख रुपए प्रति एक-ड़ की दर से क्षतिपूर्ति हर किसान मजदूर को दी जाय सभी किसानों मजदूरों से स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने का आह्वान किया समस्या पत्र देने वालों में भाकियू के पूर्व जिला महासचिव चौधरी नवाब सिंह मोहनलाल थान सिंह अमरसिंह लखमी सिंह रक्षपाल सिंह सूरज पाल सिंह अखिलेश शर्मा सुभाष चन्द्र सीताराम बाबूसिंह लक्ष्मन सिंह लखमी सिंह विजयपाल सिंह शयौवीर सिंह वीरेंद्र सिंह बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे ।

# अतरौली में एक सिविल बाबू एवं एक आंसूलिपिक की नियुक्ति के बारे में निवेदन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** अतरौली में एडीजे कोर्ट के संचालन एवं थाना छर्रा क्षेत्र की पूर्ण पत्रावलियां अतरौली में लाने के साथ अतरौली पाली मुकीमपुर,बरला, दादौ,गंगीरी के समस्त बातों में की सुनवाई का क्षेत्र का अतरौली को प्रदान करने एवं उक्त सभी थानों के सत्र सुपुर्द मामले अतरौली में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों को प्रदान करने के साथ-साथ अतरौली में एक सिविल बाबू एवं एक आंसूलिपिक की नियुक्ति के बारे में निवेदन किया जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय ने आज तत्काल रूप से एक सिविल बाबू और एक आंसू लिपिक की नियुक्ति के लिए आदेश निर्गत





करने की बात कहि और उपरोक्त एवं थानों के संबंधिकरण के संदर्भ में कार्यालय में उपलब्ध पत्रावली एवं विचाराधीन पत्रावलियों की संदर्भ में विचार विमर्श कर जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

आज जिलाधिकारी से भी उक्त प्रकरण में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट के संचालन में ज्ञापन के साथ विस्तृत वार्ता हुई साथ ही अतरौली में कृषि विश्वविद्यालय बनाने के लिए भी एक ज्ञापन दिया गया, श्रीमान जिलाधिकारी महोदय ने आज ही पीडब्ल्यूडी की कुटेशन को शासन और न्याय विभाग के लिए प्रेषित कर दिया है जल्द ही न्याय विभाग से संस्तुति होने पर एडीजे कोर्ट का संचालन हो जाएगा।

जनपद न्यायाधीश महोदय ने भी इस संदर्भ में शीघ्र होने पर आश्वासन दिया है।

# नगरआयुक्त ने किया सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने सुखमा कंपनी को आवंटित वार्ड 53 में सफाई व्यवस्थाका निरीक्षण व सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का भी भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण में नगर आयुक्त को वार्ड में सफाईव्यवस्था सही नहीं मिलने पर सुखमा कंपनी के जोनल हेड सुरेन्द कुमार और सुपरवाइजरअविनिश को भविष्य में सुधार की नसीहत दी। निरीक्षक के दौरान जगह-जगहकचरा पड़े होने व कूड़े के पॉइंट नहीं उठाने पर नगर आयुक्त ने अर्बन कंपनी के ऊपर 100000रुपए का जुमार्ना लगाया साथ ही नगर आयुक्त ने अर्बन कम्पनी के जोनल हेड मोनू दीवानको कार्य में सुधार के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त ने इस वार्ड के समस्तखाली प्लॉट को 10 दिसंबर तक साफ



कराए जाने के निर्देश संबंधित स्वच्छता निरीक्षकयोगेंद्र यादव को दिए। निरीक्षण में सुखमा कंपनी के वार्डों में सफाई व्यवस्थाको प्रभावी बनाने के लिए नगर आयुक्त ने जल्द कंपनी को 5 ट्रॉली 15 टेंपो पर 30 हाथगाड़ी देने का आश्वासन दिया। नगर आयुक्त ने सुखमा कंपनी को तत्काल अपने सभीड्राइवर और सफाई कर्मचारियों को आई कार्ड, एप्रिन व आवश्यक सफाई उपकरण वितरितकरने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने इस वार्ड में सुखमा कंपनी के सफाई कर्मचारियोंकी उपस्थिति को चेक किया 26 सफाई कर्मचारियों में से 5 सफाई कर्मचारी अनुपस्थितमिले मौके पर नगर आयुक्त में सुपरवाइजर व सर्किल हेड को लगातार अनुपस्थित रहनेवाले सफाई कर्मचारी और नोटिस देने के बाद भी कार्य में सुधार नहीं लेन वाले सफाई कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा इस वार्ड में सफाई व्यवस्था मेंधीरे-धीरे सुधार दिखाई दे रहा है सुखमा के वार्ड में जल्द सफाई व्यवस्थाको प्रभावी बनाने की दृष्टिगत नगर निगम द्वारा 5 ट्रॉली 15 टेंपो व 30 हाथ गाड़ी उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही साथ लंबे समय से अनुपस्थित व नोटिस के बावजूद सफाईमें सुधार नहीं लाने वाले सुखमा के सफाई कर्मचारियों को सेवा से पृथक करने कीकार्रवाई की जाएगी।

# डीएम से मिले फिल्म अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** पैतृक संपत्ति बेचने को लेकर फिल्म अभिनेता अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह ने अलीगढ़डीएम संजीव रंजन से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार को फिल्म अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह ने सुबहअपनी मां और दो भाइयों के साथ एसएसपी से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र देकर शिकायतमें कहा कि उनकी संपत्ति को बेचने की कोशिश की जा रही है। वह पैतृक संपत्ति कोसाजिश का शिकार नहीं होने देंगे। इसके लिए वह कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। बॉलीवुड अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह के परिवार मेंपैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो गया है। अभिनेता ने जलालपुर पैतृक संपत्ति कोबेचने का आरोप लगाया। साथ





ही जिलाधिकारी संजीव रंजन मुलाकात कर शिकायत दर्जकराई। चंद्रचूड़ जलालपुर रियासत से ताल्कुल रखते हैं और उनके पिता कैप्टन बल्देवसिंह देहरादून में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सहपाठी रहे हैं। साथ हीविधायक भी रहे। फिल्म अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह ने मंगलवार कोसुबह अपनी मां और दो भाइयों के अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन से मुलाकातकर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत में कहा कि उनकी संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने कीकोशिश की जा रही है। इसके बाद जलालपुर हवेली पर चंद्रचूड़ सिंह ने मीडिया कोबताया कि उनके अभिनेता ने कहा कि ऐसे परिश्रमी और ईमानदार पिता की विरासत कोवह किसी भी साजिश का शिकार नहीं होने देंगे, उनकी मां कृष्णा कुमारी देवीके पिता ओडिशा के महाराज थे। इसलिए उनका यहां बार-बार आना-जाना लगारहता है। जड़ों से वह जुड़े हुए हैं और पैतृक संपत्ति को साजिश का शिकार नहींहोने देंगे। इसके लिए वह कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/



गांव/कस्बा/स्कूल/ कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/ बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

**घोषणा** एएमयू और इसके मल्लापुरम, मुर्शिदाबाद और किशनगंजकेंद्रों में 28 दिसम्बर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक (दोनों दिनों को मिलकर)अवकाश रहेगा

# अमुवि सहित संबंधित केंद्रों और स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वसास सत्र 2025-2026 के लिए विश्वविद्यालय, इसकेअंतर्गत आने वाले सभी केंद्रों और एएमयू स्कूलों के शीतकालीन अवकाश कीघोषणा कर दी गई है।एएमयू और इसके मल्लापुरम, मुर्शिदाबाद और किशनगंजकेंद्रों में 28 दिसम्बर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक (दोनों दिनों को मिलकर)अवकाश रहेगा। एएमयू स्कूल इस सामान्य कैलेंडर में शामिल नहीं हैं और उनके लिएअलग कार्यक्रम की घोषणा की गयी है। फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, फैकल्टी ऑफ यूनानीमेडिसिन, पैरा मेडिकल कॉलेज और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए अलग-अलग अवकाशअवधि स्वीकृत की गयी है। फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के शिक्षकों के लिए यह अवकाश दोहिस्सों में, 1 से 10 जनवरी और 11 से 20 जनवरी 2026 तक रहेगा। एमबीबीएस, बीडीएस,डिप्लोमा/बी.एससी. पैरामेडिकल तथा बी.एससी. नर्सिंग के छात्रों को अपने-अपनेबैच के अनुसार 1 से 25 जनवरी के बीच 10 दिन का अवकाश मिलेगा। फैकल्टी ऑफ यूनानी मेडिसिन के शिक्षकों केलिए भी दो चरणों में, 1 से 10 और 11 से 20 जनवरी तक अवकाश रहेगा, जबकिप्री-तिब्ब और बीयूएमएस छात्रों का अवकाश 4 से 17 जनवरी 2026 तक रहेगा। एएमयूस्कूलों (सेल्फ-फाइनेंस योजना के अंतर्गत क्लास 11 को छोड़कर) के शिक्षणकर्मचारियों के लिए अवकाश 26 दिसम्बर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक स्वीकृत किया गया है। वहीं क्लास 11 के सेल्फ-फाइनेंस शिक्षकों के लिए अवकाश 1 से 14 जनवरी 2026 तकरहेगा। अमुविएनएसएस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकताकार्यक्रम आयोजित अलीगढ़।अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) इकाई द्वारा प्रोजेक्टउम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन और रोड ऐंड ट्रैफिक ऑफिस, अलीगढ़ के सहयोग सेसड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को सड़क सुरक्षानियमों, सुरक्षित आदतों और जिम्मेदार व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर विजय पालसिंह, प्रोजेक्ट उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष आदिल जौहर, उपाध्यक्ष एडवोकेट नदीमअंजुम, सोच एनजीओ से सरताज आलम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर विनय शुक्ला और हेडकांस्टेबल दीपचंद उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या,यातायात उल्लंघन के सामान्य कारणों और नियमों के कड़े पालन की आवश्यकता परजोर दिया। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट और डिफेंसिव ड्राइविंग के महत्व कोरेखांकित किया।

एनएसएस एएमयू के समन्वयक डॉ मोहम्मद मोहसिन खान ने छात्रों सेशपथ दिलाई और कहा कि जागरूकता कार्यक्रम युवाओं में सुरक्षित व्यवहार विकसित करनेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सैनिकों के कल्याणार्थ करें दिल खोलकर दान

**अलीगढ़।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, विंग कमाण्डर जितेन्द्र कुमार चौहान नेबताया है कि 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पूरे देश में हमारे वीरसैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिन उन जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने केअवसर हैं जो सीमाओं पर तैनात रहकर हमारे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।झण्डा दिवस पर नागरिक स्वेच्छा से आर्थिक योगदान देकर शहीदों के परिवारों,विकलांग सैनिकों और पूर्व सैनिकों के कल्याण में सहयोग करते हैं। यह केवल एकऔपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना का प्रतीकहै।

इस दिन हम सभी को सैनिकों के साहस, त्याग और समर्पण को नमन करना चाहिए।श्रीचौहान ने जिले के सम्मानित अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य नागरिकों से अपीलकरते हुए कहा कि वह सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर दिल खोलकर दान करें।

# हादसों में पांच लोगों की गई जान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सडक हादसों में पांच लोगों की दर्दनांकमृत्यु हो गई, पुलिस सभी शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम कराने के उपरांतपरिजनों को सौंप दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने सारसौलनिवासी 30 वर्षीय सत्येन्द्र कुमार पुत्र देवेन्द्र सिंह करसुआ स्थित एक होटल में कार्यकरता था। गतरात को वह बाइक द्वारा अपने घर वापस आ रहा था, तभी उसे अज्ञात वाहन नेरौंद डाला जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं टप्पल क्षेत्र के गांव कुराना निवासी 16 वर्षीयसेमू पुत्र महेश अपने गांव निवासी संगम मंगलवार की सुबह दौड के लिए निकला था,तभी दोनों को कुराना के पास ही सडक पर अज्ञात वाहन ने रौंद डाला और टक्करमारने के बाद चालक फरार हो गये। इस घटना में सेमू की घटना स्थल पर मौत होगई, जबकि संगम को घायल अवस्था में कैलाश हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। सडक हादसे में ही दिल्ली करावल नगर निवासी 23 वर्षीयसंदीप पुत्र श्याम सिंह परिवार के साथ अलीगढ़ सासनीगेट एक शादी समारोह से शामिलहोने के बाद सोमवार की सांय टैंपू से परिवार के साथ वापस जा रहा था कि तभी छतारीके पास मैक्स के चालक टैंपू को रौंद डाला और फरार हो गया। बताते हैं कि इस घटनासंदीप समेत टैंपू चालक की मौत हो गई। और अन्य घायल हो गये।

वहीं दूसरी ओर अतरौली क्षेत्र के गांव ककेथलनिवासी 45 वर्षीय पवन सिंह बाल्मीकी पुत्र रामजीलाल जो अलीगढ़ दीवानी के गेट नं02 शौचालय पर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। मंगलवार को उसका शव शौचालय केअन्दर कमरे पडा मिला। पुलिस ने शौचालय का दरवाजा तोडकर शव को अंतिम परीक्षणहेतु पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक शराब पीने का आदि था।

# माँ बाप की खिदमत करने वालो से अल्लाह और रसूल रजी रहते है : मौलाना समर अब्बास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** मौहल्ला हुसैन खॉं सराय स्थित इमाम बाडे मे मरहूम साजिद असगर के सोयम के मौके पर मजलिस का आयोजन किया गया मजलिस को मौलाना समर अब्बास ने खिताब करते हुए कहा कि मॉं बाप की खिदमत करने वालो से अल्लाह और रसूल रजी रहते है मौलाना ने कहा अल्लाह की इबादत करने के बाद अगर मॉं बाप की खिदमत नही की तो अल्लाहा की बारगाहा मे इबादत काबिले काबूल नही होती मौलाना ने कहा कि अल्लाहा की इबादत के साथ साथ मॉं बाप की खिदमत करे जिससे बारगाहे इलाही मे इबादत कबूल हो सके मजलिस मे मरसिया ख्वानी जहानत हुसैन और उनके साथियो ने की मजलिस मे मशहूर शायर नजीर बांकरी कैफी संभली पैकर संभली अली सादिक अली मौहम्मद शमशीर संभली जावेद डॉ अदनान मौलाना रजककद्दर नैय्यर अब्बास आदि लोग शामिल रहे।



## बबराला में लूट की झूठी सूचना देने के कारण दो गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुन्नौर।** बबराला थानाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व मे कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु थाना बबराला पुलिस टीम द्वारा दो युवकों विनोद पुत्र बांकेलाल व यतेन्द्र पुत्र रुपकिशोर निवासीगण ग्राम गंगागढ थाना रामघाट जिला बुलन्दशहर के द्वारा डायल 112 को लूट की झूठी सूचना दी कि मेरा टेम्पो रामकुमार पुत्र किशोरी नि० केवलपुर तिपेडा नामक व्यक्ति द्वारा छीन लिया गया है जांच के दौरान पाया गया कि रामकुमार पुत्र किशोरी नि०केवलपुर तिपेडा के नाम का व्यक्ति विनोद का समधी है रामकुमार के बेटे की शादी 27 नबंवर 2025 को सूचना देने वाले विनोद की पुत्री के साथ शादी हुई थी शादी वाले दिन ही विनोद व इसके समधी रामकुमार के बीच वैचारिक मतभेद हो गये थे इसी के मद्देनगर सूचना देने वाले विनोद व इसके भतीजे यतेन्द्र द्वारा अपने समधी रामकुमार पर दबाव बनाने की नियत से टेम्पू छीनने का झूठा आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी गयी। झूठी सूचना के आधार पर संज्ञेय अपराध की रोकथाम हेतु उक्त दोनो को 01दिसम्बर.2025 को अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस किया गया अभियुक्तगणो को न्यायालय उपजिलाधिकारी गुन्नौर के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना,



स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# मुकेश कुमार दीक्षित शिवांश गाजियाबाद में हुए सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** आरडी काव्य कुल संस्था दिल्ली की ओर से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह सैनेटियन पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में आयोजित किया गया कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए हुए बड़े-बड़े कवियों ने अपना अपना काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

चंदौसी के कवि, अध्यापक और दिव्य गंगा मिशन सेवा साहित्यिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार दीक्षित 'शिवांश' को संस्था द्वारा हिंदी उत्कृष्ट साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में उन्हें अंगवस्त्र,स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त दिव्य गंगा मिशन के उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, राष्ट्रीय संयोजक अतुल कुमार शर्मा,संभल के जिला अध्यक्ष दिनेश पाल सिंह दिलकश व अन्य कवि कवियित्रियों को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सतीश चौधरी, संस्था के अध्यक्ष डॉ. रंजीत शर्मा 'रंग' जी, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष और दूर-दूर से आए हुए बड़े-बड़े कवि और कवयित्रियाँ कार्यक्रम में मौजूद रहीं कार्यक्रम का संचालन प्रमोद विषधर ने किया।



# ओ लेवल एवं सीसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को सूचित करते हुए बताया कि जो एक वर्षीय ओ लेवल एवं तीन माह का सीसीसी कम्प्यूटर का निःशुल्क कोर्स करने के इच्छुक हों तथा निर्धारित योग्यता व शर्ते पूर्ण करते हों, वह कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0-118 विकास भवन, बदायूँ में सम्पर्क करके विभाग की वेवसाईट backwardwelfare.up.nic.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर द्वितीय चरण की संशोधित समय सारिणी के अनुसार 04 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक अपना ऑनलाइन आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त करके आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं हाईस्कूल तथा इण्टर की मार्कशीट की छायाप्रति लगाकर आवेदन पत्र 04 दिसम्बर 2025 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0-118 विकास भवन, बदायूँ में जमा करा दें।

उन्होंने निर्धारित नियम व शर्तों के बारे में बताया कि इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से आय सीमा अधिकतम एक लाख रुपए वार्षिक होनी चाहिए। ओ लेवल एवं सीसी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। आवेदक की उम्र 35 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न लेता हो। आवेदक पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हो।

# दो दिन बचे हैं लेकिन वक़्फ के उम्मीद पोर्टल पर इंद्राज नहीं हो पा रहा है,जिस की वजह से वक़्फ मुतावल्ली परेशान है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** वक़्फ सम्पत्तियों के उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने की आखिरी तारीख समाप्त होने में दो दिन बचे हैं लेकिन वक़्फ के उम्मीद पोर्टल पर इंद्राज नहीं हो पा रहा है। दो- दो दिन वेबसाइट नहीं चल रही है जिस की वजह से वक़्फ मुतावल्ली परेशान हैं कभी कभी रात के दो तीन बजे वेब साइट चंद मिनटों के लिए चलती है कभी पूरे -पूरे दिन वेबसाइट नहीं चलती है जिले के सैंकड़ों वक़्फ ऐसे हैं जो दर्ज हैं लेकिन उन का कोई न मुतावल्ली है और न कोई जिम्मेदार है ऐसे सम्पतियों का क्या होगा ?कोई बताने वाला नहीं है उधर जिन सम्पतियों के मुतावल्ली मौजूद हैं और सभी कागजात भीं उपलब्ध हैं उनका इंद्राज वेबसाइट पर नहीं हो पा रहा है जिस को लेकर लोगों में भय है कि यदि इंद्राज नहीं हुआ तो क्या होगा। औकाफ के मुतावल्ली कागजों के थैले लेकर दिन रात एक कैफे से दूसरे कैफे के चक्कर लगा रहे है कि शायद कामयाबी मिल जाए ,परन्तु कोई रास्ता नजर नहीं आरहा है। मंगलवार को बहुत से मुतवल्लियों ने उत्तर प्रदेश वक़्फ बोर्ड सुन्नी /शिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारीयों ,केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरण रिजुजू ,प्रधान मंत्री भारत सरकार तथा उम्मीद पोर्टल की सपोर्ट आई डी समेत वक़्फ ट्रिब्यूनल को अपनी शिकायत भेजी है जिस में कहा गया है कि उम्मीद पोर्टल की वेबसाइट विगत दस दिनों से नहीं चल रही है जिस के कारण सम्पतियों का इंद्राज नहीं हो पा रहा है उधर सुप्रीम कोर्ट ने भी तारिख बढ़ाने से इंकार कर दिया जिस से गंभीर संकट पैदा होने की प्रबल संभावना है जबकि वक़्फ अधिनियम 2025 की धारा 3(बी) के अनुसार, सभी वक्फ मुतवल्लियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे 5 दिसंबर 2025 से पूर्व वक्फ से संबंधित सभी आँकड़े उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करें।इस के अंतर्गत वक्फ संस्थाओं को उनके मौजूदा वक्फ डाटा के अपलोड तथा नए पंजीकरण की प्रक्रिया कर रही है। डाटा अपलोड करते समय अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।मुख्य शिकायत पोर्टल की धीमी गति और बार-बार बंद हो जाने की है।जिस से बहुत समय नष्ट हो रहा है ,उम्मीद पोर्टल विगत दस दिन बिल्कुल काम नहीं कर रहा है।एक ही वक्फ की प्रविष्टि अपलोड करने में कई घंटे और कभी कभी तो दिन लग रहे हैं।परिणामस्वरूप सैकड़ों वक्फ संस्थाएँ अपनी बारी के लिए प्रतीक्षा कर रही हैं।इस व्यवस्था से सैंकड़ों सम्पतियाँ दर्ज होने से रह जायेगीं , जिस के लिए मुतवल्लियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इस लिए इस व्यवस्था में अविलम्ब परिवर्तन की आवश्यकता है ताकि सभी औकाफ का समय रहते इंद्राज हो सके इस देरी के लिए मुतवल्लियों को उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए।लोगों ने मांग की है कि मंत्री अल्पसंख्यक अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए इस प्रक्रिया के लिए एक महीने का समय बढ़ाने आदेश करें ताकि सभी औकाफ दर्ज हो सकें।




# केक काटकर मनाया जुबिलेंट का 43 वां स्थापना दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला।** जुबिलेंट का 43 वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने जुबिलेंट को सफलता की बुलंदियों तक ले जाने के लिए टीम की प्रशंसा की। विभिन्न विभागों की टीम के साथ ही कंपनी में 10,15,20,25,30 एवं 35 वर्ष से सेवाएं दे रहे 120 कार्मिकों को परिजनों समेत सम्मानित भी किया गया। मंगलवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित जुबिलेंट डे का शुभारंभ कारपोरेट आफिस से आए प्रबंधक निदेशक दीपक जैन, सीओओ विजय श्रीवास्तव, जैकपॉल के सीईओ जगत शर्मा, एचआर हेड विनीता कॉल, अमरीश दीक्षित, अमित जोशी, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा, जैकपॉल के यूनिट हेड देवेंद्र बंसल एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित आदि ने दीप प्रज्जवलित करके किया। सीईओ दीपक जैन एवं सीओओ विजय श्रीवास्तव ने कहा कि गजरौला यूनिट जुबिलेंट का मदर प्लांट है जो कि कुशल प्रबंधन के चलते शीर्ष स्थान बनाए हुए है। उन्होंने इसके लिए टीम वर्क की प्रशंसा की। जुबिलेंट के साइट हेड विनोद झा एवं जैकपॉल के साइट हेड देवेंद्र बंसल ने कंपनी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कारपोरेट आफिस से आए शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में विशाल केक भी काटा गया। संचालन ऋषिपाल सिंह परमार एवं पुनीत तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रतीक माहेश्वरी, प्रताप महापात्रा, नवीन गुप्ता, सुनील ए सिंह, वीरेंद्र सिंह नेगी, दिलीप पांडेय, अनुपम सिंह, आशु वर्मा, कपिल जोशी, सुनील तिवारी, अजय गुप्ता, एनके तोमर, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।







# सर्दी बढ़ते ही गर्म कपड़ों की खरीदारी तेज,बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बढ़ती ठंड के चलते शहर के बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार को नगर के मुख्य बाजार, बड़ा बाजार, स्टेशन रोड स्थित रेडीमेड प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की खासा भीड़ देखी गई। दुकानदारों के अनुसार पिछले दोझतीन दिनों में गर्म कपड़ों की मांग दोगुनी हो गई है।



दुकानों पर स्वेटर, जैकेट, मफलर, टोपी, ग्लव्स और थर्मल्स की बिक्री तेज हो गई है। महिलाएं विशेष रूप से बच्चों के लिए नए डिजाइनों के स्वेटर और हुडी की खरीदारी करती दिखीं। युवाओं में ट्रेंडी जैकेट और फैंसी स्वेटशर्ट का क्रेज बना हुआ है। बढ़ती ठंड का असर यह रहा कि शाम होते-होते बाजारों में पैर रखने की जगह तक नहीं बची। दुकानदारों का कहना है कि इस बार सर्दी देर से पड़ रही है उसके बाद भी बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। वहीं, ग्राहकों का कहना है कि तापमान में गिरावट के चलते गर्म कपड़े लेना अब जरूरी हो गया है। सर्दी का असर गहराने के साथ ही बाजारों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है।

# लूटकांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि 25 नवम्बर 2025 को थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्रान्तर्गत लूट की एक गंभीर वारदात हुई थी। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सर्विलांस, एसओजी और थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस की संयुक्त टीम ने लगातार तकनीकी व मैदानी प्रयास करते हुए मामले का खुलासा किया और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के अनावरण में सर्विलांस टीम के प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह, एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक मोहित चौधरी तथा थानाध्यक्ष रायसत्ती बोबिन्द्र कुमार की अहम भूमिका रही। टीम की तत्परता, तकनीकी दक्षता और प्रभावी कार्रवाई को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तीनों अधिकारियों को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



# बिजली चोरी के मामले में जमानत के लिए एंटी पावर थेप्ट के थाना प्रभारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** बिजली चोरी के एक मामले में जमानत के लिए पांच हजार की रिश्वत मांगने वाले एंटी पावर थेफ्ट (बिजली चोरी रोधी) थाने के प्रभारी निरीक्षक को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। बरेली की एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार को यह कार्रवाई की।

बरेली के भमोरा थाने के आलमपुर जाफराबाद निवासी सुभाष शर्मा पर बिजली चोरी से संबंधित एक मुकदमा दर्ज है। बताया जाता है कि बिजली चोरी रोधी थाने का प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार यादव सुभाष तथा उनके पिता रामौतार की जमानत की कार्रवाई करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। सुभाष ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की तो टीम प्रभारी निरीक्षण को ट्रैप करने में लग गई। मंगलवार को ट्रैप टीम प्रभारी जितेंद्र सिंह ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ अरुण कुमार को सुभाष से पांच हजार रुपये लेते रंगेहाथ पकड़ लिया।



अरुण कुमार को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कोतवाली, बरेली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**कोई रिश्वत मांगे तो इन नंबरों पर करें शिकायत**

सरकारी विभागों में यदि आपसे भी कोई रिश्वत की मांग करता है तो आप भी एंटी करप्शन टीम को इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ 9454405475 या प्रभारी निरीक्षक के नंबर 9454401653 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आयोजन

## अमरोहा के निर्देशन में एक जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया

# प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक जागरूकता उत्पन्न होती है : डा.ढिल्लो

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** नगर के ए के के इंटर कालिज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब द्वारा जिलाधिकारी अमरोहा के निर्देशन में एक जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के 58 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 118 मॉडल प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विज्ञान को प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों शिक्षक विधायक बरेली मुरादाबाद स्नातक खंड, तथा विशिष्ट अतिथि डॉ0 प्रवेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद अमरोहा ने चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया ।प्रथम चयनित को 5000 द्वितीय चयनित को 3000 तृतीय चयनित को 2000 तथा 1000 के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।प्रथम चयनित लविश कुमार राणा सिंह मेमोरियल सिख इंटर कॉलेज अमरोहा,द्वितीय चयनित साजन (राजन),श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज धनोरा,तृतीय चयनित आदिति सिंह ए0 एस0 एम0 एकेडमी अमरोहा।सांत्वना पुरस्कार, कु0 वाशुदेव,राणा सिंह मेमोरियल सिख इंटर कॉलेज अमरोहा,सांत्वना पुरस्कार = कु0 वनशिका,राणा सिंह मेमोरियल सिख इंटर कॉलेज अमरोहा,इसके अतिरिक्त 10 प्रतिभागी,अलिश पनेरु, हिंशान्त चौधरी, सुशांत कुमार, मोहम्मद अलसैफ, कु0 उरूज, मोहम्मद हुमाम, हनु दिवाकर, एजाज उल हक, राज बहादुर, और नौवय वर्मा मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए।




मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ0 हरि सिंह ढिल्लों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक जागरूकता उत्पन्न होती है । सभी छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते रहना चाहिए, यदि जीवन में सफल होना है तो विज्ञान का सदुपयोग करना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं में विज्ञान की उत्सुकता से ही वैज्ञानिक विचार उत्पन्न होते है,जिससे आगे चलकर यही छात्र वैज्ञानिक बनते हैं.प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी ने कहा कि हमें अपनी सोच वैज्ञानिक रखनी चाहिए तभी हम अपने जीवन में सफल हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौधरी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 जी0 पी0 सिंह, स्नेह लता, प्रतिभा यादव, सी0 पी0 सिंह,चारु शर्मा, सतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद, सह समन्वयक राकेश कुमार, ममता यादव, फाखिर गजाली, अरशद फारुकी, शाहजेब खान, आदि उपस्थित रहे। विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक शाने हैदर ने अंत में सभी का आभार प्रकट किया और बताया कि जनपद से चयनित 15 छात्र छात्राएं दिसंबर माह के अंत में मुरादाबाद में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे।

# कोहरे के बहाने ट्रेनें बंद करने पर व्यापार मंडल भड़का, काली पट्टी बांधकर स्टेशन पर प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** मंगलवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोहरे के बहाने ट्रेनें बंद किए जाने पर कड़ा विरोध जताया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के उच्चाधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने आरोप लगाया कि चंदौसी स्टेशन की लगातार अनदेखी की जा रही है। सुविधाओं के नाम पर शून्य व्यवस्था होने के साथ-साथ चुनिंदा ट्रेनों का ही संचालन हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की मसीहा कही जाने वाली एकमात्र दिल्ली जाने वाली ट्रेन तक को बंद कर दिया गया है।

उन्होंने सवाल उठाया कि कोहरा क्या केवल उन्हीं ट्रेनों के लिए होता है जो वाया चंदौसी होकर गुजरती हैं? पहले से ही गिनी-चुनी ट्रेनों का संचालन हो रहा है और उसमें भी कोहरे का बहाना बनाकर ट्रेनों को बंद करना न्यायहित में नहीं है। यह व्यापारियों और आम जनता का गला घोंटने जैसा कदम है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यही उपेक्षा जारी रही तो वह दिन दूर नहीं जब चंदौसी रेलवे स्टेशन ह्यसफेद हाथीह्न बनकर रह जाएगा।प्रदर्शन में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, ऋतिक वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, सद्दाम राजा कुरैशी, रितिक ठाकुर, जयवीर माथुर, अभिषेक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# ट्रेडिंग के नाम पर 65 लाख की साइबर ठगी का खुलासा कर थाना साइबर क्राइम ने एक शातिर ठग किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए .तोमर)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेडिंग के नाम पर 65 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा दिया और 65 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली।मामले की जांच में जुटी साइबर क्राइम पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और जांच के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये की अवैध धनराशि भी पाई गई है।आरोपी के खिलाफ कुल 17 शिकायतें दर्ज पाई गई हैं।गिरफ्तार अभियुक्त नसीबदीन पुत्र किताब सिंह, निवासी हासी जनपद हिसार हरियाणा हैं।अभियुक्त को गिरफ्तार कर साइबर ठगी का खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुल्तान सिंह,निरीक्षक प्रदीप कुमार,उपनिरीक्षक गौरव चौहान,मुख्य आरक्षी आकाश चौधरी,आरक्षी राहुल कुमार शामिल रहे।

# स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर,सीएमओ डॉ.सुनील तेवतिया ने सेवाओं की गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए .तोमर)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने मंगलवार को जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मरीज सेवाओं, स्वच्छता,दवा उपलब्धता और रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया।उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. तेवतिया ने सबसे पहले ब्लॉक मोरना के चौरावाला स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व उप-स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया,जहाँ टीकाकरण,मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ,दवा वितरण और स्वच्छता की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी रजिस्टर व डिजिटल रिकॉर्ड को अद्यतन रखने के



निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने सदर ब्लॉक के जटमुझेडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।यहाँ ओपीडी,प्रसूति कक्ष,लैब व टीकाकरण सेवाओं के साथ-साथ दवा भंडारण व परिसर की स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। सीएमओ ने स्टाफ को रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत सभी सेवाएँ निर्धारित मानकों अनुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाना विभाग की प्राथमिकता है और नियमित निरीक्षण व सुधारात्मक कार्रवाई के माध्यम से बेहतर, सुरक्षित व सुगम स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

# मानवता की मिशाल पेश कर पुलिस ने गरीब परिवार की बेटी का कराया सम्मानपूर्वक विवाह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस ने समाज सेवा और मानवता का अनोखा उदाहरण पेश करते हुए नई मंडी थाना क्षेत्र की एक गरीब परिवार की बेटी का विवाह अपनी देखरेख में सम्पन्न कराया।आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की मदद के लिए पुलिस ने आगे बढ़कर विवाह की सभी व्यवस्थाओं-स्थल, सजावट, भोजन,कन्यादान और उपहार तक की पूरी जिम्मेदारी उठाई।यह पहल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई जिन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है बल्कि जरूरतमंदों की सहायता कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी हमारी जिम्मेदारी है। पूरी पुलिस टीम ने विवाह कार्यक्रम की



तैयारियों से लेकर मेहमानों के स्वागत और सभी रीतियों के शांतिपूर्ण आयोजन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस के सहयोग से विवाह अत्यंत गरिमा और सम्मान के साथ सम्पन्न हो सका।इस कदम ने न सिर्फ जरूरतमंद परिवार को बड़ा सहारा दिया बल्कि जनपदवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और अपनत्व भी मजबूत किया। मुजफ्फरनगर पुलिस की यह पहल मानवता और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश देती है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने छात्राओं को एसआइआर फार्म की जानकारी देकर किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए .तोमर)।** भागवंती





सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने छात्राओं को एसआइआर फार्म से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई।विद्यालय के प्रबंधक शोभित सिंह व कोषाध्यक्ष राज सिंह ने पगड़ी पहनाकर मंत्री का स्वागत किया।मंत्री ने विद्यालय की प्रार्थना,वंदना और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज में संस्कारी और सशक्त नागरिक तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।उन्होंने छात्राओं को एसआइआर फार्म की प्रक्रिया, उपयोगिता और उससे होने वाले लाभ के बारे में सरल तरीके से समझाते हुए उन्हें सतर्क और भविष्य के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन सीमा सिंह ने किया।

# स्ट्रोक उपचार में आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस नई क्रांति लाते हुए मैनेजमेंट और रिकवरी में बन रहा है मरीजों की नई उम्मीद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए .तोमर)।** स्ट्रोक दुनिया भर में मृत्यु और परमानेंट डिसेबिलिटी के प्रमुख कारणों में से एक है जो हर साल लाखों लोगों को प्रभावित करता है।तेज और सही डायग्नोसिस इसके उपचार में सबसे महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हर सेकंड की देरी मस्तिष्क की कीमती सेल्स को नुकसान पहुंचा सकती है। अब तक स्ट्रोक के इलाज में डाक्टर की विशेषज्ञता के साथ-साथ CT स्कैन और MRI जैसी इमेजिंग टेक्नोलॉजी का सहारा लिया जाता रहा है। लेकिन आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (AI) की तेज प्रगति ने स्ट्रोक मैनेजमेंट को एक नया और उन्नत आयाम दे दिया है।अक अब डायग्नोसिस से लेकर ट्रीटमेंट प्लानिंग और रिकवरी तक,हर चरण को तेज,सटीक और ज्यादा प्रभावी बना रहा है। स्ट्रोक की शुरूआती और सटीक पहचान इसके बेहतर इलाज की नींव है। AI आधारित डायग्नोस्टिक प्लेटफॉर्म अब ब्रेन स्कैन को रियल-टाइम में विश्लेषित कर इंटरप्रिटेशन का समय बहुत कम कर देते हैं। बड़े डेटा सेट की मदद से अकयह तुरंत पहचान सकता है कि स्ट्रोक इस्केमिक है (जिसमें ब्लड क्लॉट से ब्लॉक हो जाती है) या हेमरेजिक (जिसमें दिमाग में ब्लीडिंग होती है)। चूंकि दोनों का उपचार बिल्कुल अलग होता है इसलिए तेज और सही अंतर करना बेहद जरूरी है।बत्रा हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर नई दिल्ली के न्यूरोलॉजी एवं इंटरवेंशनल न्यूरो रेडियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी ड्ा बिप्लब दास ने बताया किएडवांस्ड अक इमेजिंग टूल्स रेडियोलॉजिस्ट और न्यूरोलॉजिस्ट को ब्लॉकेज,सूक्ष्म हेमरेज और ब्रेन डैमेज की सीमा पहचानने में मदद करते हैं जिससे डाक्टर थ्रोम्बोलिसिस या मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी जैसे जीवनरक्षक उपचारों को तेजी से शुरू कर पाते हैं।अक की भूमिका सिर्फ डायग्नोसिस तक सीमित नहीं है बल्कि यह पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट स्ट्रैटेजीज में भी क्रांति ला रहा है।मशीन लर्निंग मॉडल हजारों मरीजों के डेटा पर आधारित होते हैं और यह



**फिर भी यह स्पष्ट है कि अक अब सिर्फ एक सहायक तकनीक नहीं बल्कि आधुनिक स्ट्रोक मैनेजमेंट का मुख्य आधार बनता जा रहा है।तेज डायग्नोसिस,व्यक्तिगत उपचार,दूरदराज तक पहुंच वाला टेलीकेयर और उन्नत रिहैबिलिटेशन अकहर चरण को बेहतर बना रहा है। आने वाले समय में स्ट्रोक का नतीजा समय या स्थान नहीं बल्कि स्मार्ट टेक्नोलॉजी के उपयोग से तय होगा**

बता सकते हैं कि किस मरीज के लिए कौन-सा उपचार सबसे प्रभावी रहेगा।उम्र,मेडिकल हिस्ट्री,स्ट्रोक की गंभीरता और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के आधार पर अक डॉक्टरों को सबसे सुरक्षित और बेहतर विकल्प चुनने में सहायता करता है।इस्केमिक स्ट्रोक में अक तुरंत बता सकता है कि कौन-से मरीज क्लॉट घोलने वाली दवाओं या सर्जिकल क्लॉट रिमूवल के लिए उपयुक्त हैं।वहीं हेमरेजिक स्ट्रोक में अक ब्लीडिंग पैटर्न का अनुमान लगाकर सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाता है, जिससे जटिलताओं में कमी आती है और रिकवरी बेहतर होती है।जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है वहां अक आधारित टेलीमेडिसिन बड़ी भूमिका निभा रहा है।क्लाउड बेस्ड प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप्स के जरिए दूरदराज के अस्पताल अब स्ट्रोक विशेषज्ञों से रियल-टाइम में सलाह ले सकते हैं। AI आधारित ट्रायेज सिस्टम एम्बुलेंस से ही मरीज की जानकारी अस्पताल तक पहुंचा देता है जिससे डोर-टू-नीडल टाइम काफी कम हो जाता है और इससे बचाव और रिकवरी की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।डाङ्घ बिप्लब दास ने आगे बताया कि स्ट्रोक के बाद की लंबी रिकवरी को भी अक बदल रहा है।अक युक्त वियरेबल डिवाइस चलते-फिरते समय मरीज की मांसपेशियों और मूवमेंट को मॉनिटर करते हैं और रियल-टाइम फीडबैक देते हैं जिससे फिजियोथेरेपी अधिक प्रभावी होती है।भाषा और स्मृति संबंधी समस्याओं में अक आधारित वर्चुअल असिस्टेंट और चैटबॉट मरीजों को इंटरएक्टिव थेरेपी प्रदान कर रहे हैं।भविष्यवाणी करने वाले अक मॉडल डॉक्टरों को दुबारा स्ट्रोक और पोस्ट-स्ट्रोक डिप्रेशन जैसी जटिलताओं का पूर्व अनुमान लगाने में मदद करते हैं।भविष्य में अकऔर भी उन्नत होगा जीन और बायोमार्कर डेटा के आधार पर स्ट्रोक के जोखिम का पहले से अनुमान अक संचालित रोबोटिक सर्जरी और अत्यंत सटीक न्यूरोवस्कुलर प्रक्रियाएं स्वास्थ्य सेवाओं को नए स्तर पर ले जाएंगी।हालांकि डेटा प्राइवेसी,मॉडल की विश्वसनीयता और सभी समुदायों तक समान पहुंच जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं।फिर भी यह स्पष्ट है कि अक अब सिर्फ एक सहायक तकनीक नहीं बल्कि आधुनिक स्ट्रोक मैनेजमेंट का मुख्य आधार बनता जा रहा है।तेज डायग्नोसिस,व्यक्तिगत उपचार,दूरदराज तक पहुंच वाला टेलीकेयर और उन्नत रिहैबिलिटेशन अकहर चरण को बेहतर बना रहा है। आने वाले समय में स्ट्रोक का नतीजा समय या स्थान नहीं बल्कि स्मार्ट टेक्नोलॉजी के उपयोग से तय होगा। अकन केवल जीवन बचा रहा है बल्कि मरीजों को फिर से स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम भी बना रहा है।

# पुरकाजी नगर पंचायत ने पंचायत क्षेत्र के बाहर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में लगवाए सीसीटीवी कैमरे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** पुरकाजीनगरझ पंचायत द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य किया

**राजकीय इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा केंद्र बनने का रास्ता हुआ साफ**

गया है।चेयरमैन जहीर फारूकी ने मंगलवार को कॉलेज पहुंचकर परिसर का निरीक्षण किया। नगर पंचायत की ओर से कॉलेज में लगभग 50 हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं जिनका लाइव फुटेज प्रधानाचार्या प्रीति चौधरी के कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से देखा जा सकेगा। कैमरे कॉलेज की हर कक्षा में आगे-पीछे, लाइब्रेरी, गैलरी,हॉल,मुख्य द्वार और साइकिल स्टैंड सहित पूरे परिसर में लगाए गए हैं। चेयरमैन ने निरीक्षण के दौरान कैमरा लगाने वाली टीम को कुछ अतिरिक्त स्थानों पर भी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए। चेयरमैन जहीर फारूकी ने बताया कि अब तक कॉलेज में बोर्ड परीक्षा का सेंटर नहीं लग पाता था लेकिन सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से लगाए गए इन कैमरों से अब सेंटर मिलने की संभावना मजबूत हो गई है।उन्होंने कहा कि भले ही यह कॉलेज नगर पंचायत की सीमा से बाहर है लेकिन छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह कार्य जनहित और शिक्षाहित में किया गया है।निरीक्षण के दौरान निखिल गोयल,वंश अग्रवाल, आलम मेंबर आदि मौजूद रहे।ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी कॉलेज के



विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।उनके द्वारा स्थानीय जनता के सहयोग से करीब साढ़े तीन लाख रुपये का फर्नीचर उपलब्ध कराकर कॉलेज को सुचारू रूप से शुरू करवाया गया था। इसके अतिरिक्त वे अपने स्तर से दो कंप्यूटर भी प्रदान कर चुके हैं, जिससे विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षा सुविधाएँ मिल सकें।नगर पंचायत पुरकाजी की इन पहलों से राजकीय इंटर कॉलेज अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो चुका है और जल्द ही यहां बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के लिए 15 परीक्षा केंद्रों के कक्ष निरीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ. एम.ए.तोमर)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 6 दिसंबर 2025 को



प्रस्तावित सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत जिला पंचायत सभागार में 15 परीक्षा केंद्रों के कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने की।एडीएम ने आयोग के निर्देशों के अनुसार कक्ष निरीक्षकों को उनके महत्वपूर्ण दायित्वों की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को केवल एडमिट कार्ड के होलोग्राम की जांच के बाद ही बैठाया जाए।प्रश्नपत्र और ओएमआर क्रम संख्या के आधार पर सही क्रम में उपलब्ध कराएं।दोनों क्रमांक एक जैसे हों यह सुनिश्चित करें।परीक्षा के बाद ओएमआर की तीन प्रतियों में से दो प्रतियां प्राप्त करें और नीली प्रति अभ्यर्थी को दें।प्रशिक्षण तीन बैच में हुआ, जिसमें प्रत्येक बैच में पाँच विद्यालयों के निरीक्षकों ने भाग लिया।जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी निरीक्षकों को पूर्ण निष्पक्षता और सुचिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# आईटीआई मुजफ्फरनगर में 3 दिसंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 200 तकनीशियनों की होगी भर्ती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ़्फ़रनगर में आगामी 03 दिसंबर 2025 (बुधवार) को पुरुष अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।यह कैंपस प्लेसमेंट प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगा जिसमें प्रसिद्ध कंपनी श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स गाजियाबाद द्वारा 200 तकनीशियन पदों के लिए चयन किया जाएगा।योग्यता के अनुसार 12वीं पास या आईटीआई पास अभ्यर्थी इस भर्ती में हिस्सा ले सकते हैं। निर्धारित आयु सीमा 18 से 30 वर्ष रहेगी।चयनित अभ्यर्थियों को 14 हजार 500 रुपये सीटीसी वेतन प्रदान किया जाएगा।नौकरी की लोकेशन गाज़ियाबाद रहेगी। इसके अतिरिक्त ओवरटाइम तथा अन्य सुविधाएं कंपनी के नियमानुसार दी जाएंगी। संस्थान ने पात्र अभ्यर्थियों से समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# एसआइआर को लेकर लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्रों को किया गया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डॉ.एम.ए.तोमर)।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने छात्रों को निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए बीएलओ घर-घर जाकर एसआईआर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं।इन फॉर्म को सही तरीके से भरकर,नवीनतम फोटो लगाकर बीएलओ को जमा कराना आवश्यक है।साथ ही यह सुविधा ऑनलाइन भी उपलब्ध है जहां मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपनी जानकारी भरकर फॉर्म सबमिट कर सकते हैं। यह डिजिटल



व्यवस्था मतदाता सूची को अधिक सटीक और व्यापक बनाने में मदद करेगी ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोट डालने से वंचित न रहे।राज्य मंत्री ने छात्रों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों में आए फॉर्म भरने में सहयोग करें और मोहल्ले के अन्य लोगों को भी इस अभियान के लिए जागरूक करें।प्रधानाचार्य डाङ्घ अखिलेश कुमार शर्मा ने भी बच्चों और शिक्षकों से एसआईआर फॉर्म के प्रति जागरूकता फैलाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार ने किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा,प्रबंधक बाल बहादुर,न्यू बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद सिंघल, प्रबंधक ललित महेश्वरी,सदस्य प्रमोद कुमार तिवारी सहित सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## आयोजन

## सुभारती लॉ कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम...

# संविधान दिवस पर मारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चन्द्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) के निर्देशन तथा संकायाध्यक्षा एवं प्रधानाचार्या प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई के संरक्षण में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में निदेशक राजेश चन्द्रा ने कहा कि नशीली दवाओं की लत विशेष रूप से युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप अपराध दर में वृद्धि, तनावपूर्ण संबंध और अनेक सामाजिक समस्याएँ जन्म लेती हैं। उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार का यह दायित्व है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण लगाए। यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संकायाध्यक्षा प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई ने कहा कि आनुवंशिक कारक, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ, उपेक्षा तथा बिगड़ा हुआ पारिवारिक वातावरण नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशा मुक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिलाया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेम चन्द्रा, डॉ. आफरीन अलमास, शालिनी गोयल, एना सिसोदिया, सोनल जैन, मुस्कान, अरशद आलम, आशुतोष देशवाल, अनुराग सहित शिक्षक एवं छात्रझछात्राएँ उपस्थित रहे।



उसी क्रम में सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रृंखला में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका निर्देशन निदेशक श्री राजेश चन्द्रा एवं संरक्षण प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आफरीन अलमास ने किया। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय, संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास) एवं निदेशक (अनुसंधान), स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय रहे। उन्होंने संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों पर सार्थक विचार व्यक्त किए। अपने विस्तृत संबोधन में उन्होंने 1833 के ब्रिटिश प्रशासनिक ढांचे, 1935 के भारत सरकार अधिनियम को प्रथम व्यापक संवैधानिक दस्तावेज के रूप में, तथा उसके अंतर्गत स्वतंत्रता, समानता, न्याय एवं अधिकारों की स्थापना के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम ने भारतीय प्रांतों को आंशिक स्वायत्तता तो दी, परंतु रक्षा, विदेश नीति, वीटो शक्ति जैसी प्रमुख शक्तियाँ ब्रिटिश शासन के पास ही रहीं, जिसके कारण स्वतंत्रता की माँग और तेज हुई। उन्होंने संवैधानिक ढांचे में निहित विचार-विमर्श, दूरदर्शिता और भारतीय संविधान निमार्ताओं द्वारा मौजूदा परिस्थितियों का विवेकपूर्ण विश्लेषण कर लिए गए निर्णयों पर प्रकाश डाला। बीएएलएलबी चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी ओम ठाकुर द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया और सभा को संविधान के प्रति निष्ठावान बने रहने की शपथ दिलाई गई।

# राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा रैन बसेरा, अलाव तथा कम्बल वितरण की हो रही है रियल टाइम मॉनिटरिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त डा0 हृषिकेश भास्कर याशोद ने वीसी के माध्यम से मंगलवार को प्रदेश के समस्त जनपदों के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के साथ प्रदेश के जनपदों में हो रहे राहत

## रैन बसेरों तथा अलाव की जिओ-टैंगिग एवं पोर्टल पर 24 घंटे में फीडिंग करने के निर्देश

एवं आपदा प्रबंधन कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कम्बल क्रय, अलाव, रैनबसेरों की अद्यतन स्थिति जानी तथा शीतलहर से आमजन को सुरक्षित रखने के सभी आवश्यक प्रबंध अविलम्ब करने के निर्देश दिये।

डा0 हृषिकेश भास्कर याशोद ने शीतलहर से बचाव के लिए समस्त जनपदों में कंबल क्रय, अलाव तथा रैन बसेरों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए इससे संबंधित सूचनाओं को राहत आयुक्त कार्यालय के पोर्टल पर फीड कराने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया गया कि 40 जनपदों द्वारा रैन बसेरों हेतु कुल 278 स्थलों को चिन्हित कर लिया गया, शेष 35 जनपदों में रैन बसेरों के लिए स्थलों का चिन्हांकन, जिओ-टैंगिंग एवं पोर्टल पर फीडिंग की कार्यवाही अभी तक पूर्ण नहीं हुयी है। 42 जनपदों में अलाव जलाने हेतु 1517 स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। 33 जनपदों में अलाव जलाने हेतु स्थलों का चिन्हांकन तथा जिओ-टैंगिग एवं पोर्टल पर फीडिंग की कार्यवाही लम्बित होने पर राहत आयुक्त द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए 24 घंटे के अंदर स्थलों का चिन्हांकन करते हुए पोर्टल पर फीड कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल द्वारा कम्बल वितरण, रैन बसेरों तथा अलाव की रियल टाइम मॉनीटरिंग के लिए




राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा एक एप विकसित किया गया है। जिसमें प्रत्येक दशा में डेटा अपलोड किया जाना आवश्यक है। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

राहत आयुक्त ने प्रत्येक रैन बसेरा में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, पेयजल, अलाव, कंबल तथा ठण्ड से बचने का पूरा प्रबंध करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों में पुरूष व महिलाओं के रूकने की अलग-अलग व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों के पास शौचालय अवश्य हो इसके साथ ही साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से रैन बसेरों की जांच का निर्देश दिया।

राहत आयुक्त ने फसल क्षति के सापेक्ष राहत वितरण की समीक्षा में गाजीपुर, महोबा, मिजार्पुर, उन्नाव, झांसी, बलिया, मथुरा, मुजफ्फरनगर, चंदौली, हरदोई, जालौन, आगरा,अमरोहा में राहत राशि की देयता लम्बित होने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में समय से राहत राशि वितरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फसलक्षति पर प्रत्येक दशा में किसानों को 24 घंटे के अन्दर राहत राशि दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी जनपद में अगर बजट का अभाव है तो वह बजट लेने हेतु तत्काल अपनी डिमांड भेज दें। विभिन्न आपदाओं से जनहानि के लम्बित प्रकरणों में समय से राहत राशि का वितरण न करने पर बहराइच, हरदोई, सोनभद्र, प्रयागराज, उन्नाव, कासगंज, अमेठी, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर तथा कुशीनगर के संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल राहत राशि वितरित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार विभिन्न आपदाओं से हुए मकान क्षति, पशुहानि तथा घायलों को तत्काल राहत राशि निर्गत करने के निर्देश दिए।

# 14 नए "राजकीय विद्यालयों को बना दिया परीक्षा केंद्र" इन केदो पर "सुविधाओं का अभाव "

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए जिले में 114 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया है। इनमें से 14 राजकीय विद्यालय ऐसे हैं, जहां सीसीटीवी कैमरे से लेकर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। परीक्षा केंद्रों की सूची आवंटन सहित माध्यमिक शिक्षा परिषद की बेबसाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध करा दी गई है। इस संबंध में परीक्षा केंद्रों व आवंटन के संबंध में आपत्तियां चार दिसंबर तक मांगी गई हैं। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बोर्ड की ओर से सेंटरों का निर्धारण किया गया है। इसमें 14 नए राजकीय विद्यालय हैं, जिन्हें सेंटर बनाया गया है। इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं और न पर्याप्त मात्रा में बैठने की सुविधा है।

# हार्ट अटैक के मरीजों को मिलेगी "जीवन रक्षक इंजेक्शन" की सुविधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को लेकर शासन ने नई पहल की है। मुरादाबाद के मंडलीय जिला अस्पताल में जल्द ही हार्ट अटैक के मरीजों को जीवन रक्षक इंजेक्शन निशुल्क लगेगा। इस इंजेक्शन को लगाने के लिए डॉक्टर और स्टाफ को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। अब तक हार्ट अटैक के मरीजों को निजी अस्पताल या मेरठ-दिल्ली की दौड़ लगानी पड़ती है। निजी अस्पताल में यह इंजेक्शन 40 हजार रुपये में लगता है। व्यवस्था शुरू होने के बाद जिला अस्पताल में यह इंजेक्शन निःशुल्क लगेगा। हार्ट अटैक के बढ़ते मामले को लेकर सरकार गंभीर है। अब जिला अस्पताल आने वाले हार्ट अटैक के मरीजों को प्राथमिक उपचार के तौर पर जीवन रक्षक इंजेक्शन देने की योजना तैयार की जा रही है। इससे मरीज को तुरंत राहत मिलेगी। इसके बाद ही हायर सेंटर रेफर किया जाएगा। अभी तक इमरजेंसी पहुंचते ही मरीज को रेफर कर दिया जाता है।सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इस इंजेक्शन को सरकारी अस्पताल में लगाने की सुविधा जल्द शुरू होगी। इंजेक्शन लगवाने के लिए जिला अस्पताल में विशेष आपातकालीन केंद्र स्थापित किया जाएगा। आपातकालीन केंद्र पर हार्टअटैक के मरीजों को इंजेक्शन निःशुल्क लगेगा।

# कुन्दरकी में ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** मंगलवार को भी ट्रैफिक पुलिस ने थाने के सामने ओर जीरो प्वॉइंट के पास अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की है जिसमें कई बैट्री ऑटो और ई रिक्शा के विरुद्ध नियम विरुद्ध अभियान चलाकर वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की थी। सवारियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। यात्री दूसरे वाहनों से अपने गंतव्य को पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शीश करने के कार्यवाही से वाहन स्वामियों में खलबली मच गई।



गौरतलब है कि बीती शनिवार को समय करीब सवा तीन बजे मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के रामगंगा पुल के पास स्थित जीरो प्वॉइंट पर बैट्री ऑटो में मेरठ डिपो की बस द्वारा टक्कर मारने से हादसे में बैट्री ऑटो चालक और महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार दूसरे दिन भी हाइवे पर नियम विरुद्ध चल रहे बैट्री ऑटो और ई रिक्शाओं को सीज करने की कार्रवाई की गई।

# अवैध शस्त्र मामले में आरोपी रमेश यादव दोषी,न्यायालय ने सुनाई सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत संभल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना हयातनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप अवैध शस्त्र मामले में आरोपी रमेश यादव पुत्र आशाराम, निवासी ओटो की मढ़ैया, थाना हयातनगर, को न्यायालय जेएम-1 संभल ने दोषी करार दिया है। माननीय न्यायालय ने अभियुक्त रमेश यादव को जेल में बिताई गई अवधि (1 दिन) के कारावास तथा 1500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा सुनिश्चित कराने में एपीओ संतोष यादव, कोर्ट पैरोकार कांस्टेबल विजय सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर नफीस अहमद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उत्तर प्रदेशीय "प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय" आपात बैठक: एसआईआर कार्य में लगे शिक्षकों पर विभागीय और प्रशासनिक दबाव न बनाए: डॉ.नीरज शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मंगलवार को जिला स्तरीय आपात बैठक शिक्षक भवन दांग परिसर कोर्ट रोड मुरादाबाद में सम्पन्न हुई।बैठक में विकास क्षेत्र भगतपुर के कम्पोजिट विद्यालय जाहिदपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार द्वारा एस आई आर कार्य की अधिकता के कारण व अधिकारीयों के द्वारा अत्यधिक दवाब डाले जाने के कारण आत्मघाती कदम उठाकर आत्महत्या करने पर संगठन द्वारा शोक प्रकट किया गया। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मृतक शिक्षक के परिवार को निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिक की भांति उचित आर्थिक सहयोग प्रदान करने, आश्रित को अविलम्ब अनुकंपा नियुक्ति, बी एल ओ (एस आई आर) कार्य में लगे शिक्षकों पर विभागीय और प्रशासनिक दबाव न बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया।




बैठक में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ कपिल सिरोही, प्रदीप शर्मा, चंचल सरोज, उपेंद्र सिंह, मुकेश आनंद, सुमित सिंह,हिमांशु वशिष्ट,आलोक मलिक, सुख स्वरूप गुप्ता, कुलवीर, ऐकांश, अनुपम नाथ, डॉ हरनंदन, गंगा सरन, चन्द्र किरण आदि शिक्षक उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा व संचालन जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# दिल्ली पुलिस ने 5 दिसंबर की रैली की अनुमति की निरस्त: टीईटी के विरोध में "शिक्षक सांसदों को देंगे ज्ञापन"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बेसिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद दस राज्यों के संगठन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) ने दिल्ली में रैली ही करने का निर्णय लिया है। इसके लिए संसद सत्र के बाद फिर से अनुमति ली जाएगी। इस बीच 5 से 7 दिसंबर तक शिक्षक क्षेत्रीय सांसदों को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे।टीएफआई व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अलग-अलग बैठकों में दिल्ली पुलिस द्वारा पांच दिसंबर की रैली की अनुमति निरस्त किए जाने के बाद की रणनीति तय की गई। टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने आज "बुलन्द संदेश" को बताया सभी राज्यों के शिक्षक संगठन दिल्ली में सीमित संख्या में नहीं, बल्कि शिक्षकों की बड़ी रैली ही करेंगे। रैली की तिथि दिल्ली पुलिस की अनुमति के बाद घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में तय हुआ कि सांसदों को दिए जाने वाले ज्ञापनों में आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर इसको लागू न करने की मांग की जाएगी। सांसदों से संसद में इस मुद्दे को उठाने का आग्रह किया जाएगा ताकि लाखों शिक्षकों का हित सुरक्षित हो सके। संगठन ने पहले 21 नवंबर और फिर दिल्ली पुलिस के कहने पर 5 दिसंबर को रामलीला मैदान में रैली की घोषणा की थी। पर, हाल ही में दिल्ली पुलिस ने 5 दिसंबर की रैली की अनुमति निरस्त कर दी है।



# कांठ सहित नौ "सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लिवर, किडनी 40 प्रमुख जांचें निःशुल्क कराई जा सकेंगी" सीएचसी पर सेईलैक्ट्रा मशीन" लगेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब जिले के सभी नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर लिवर, किडनी सहित कुल 40 प्रमुख जांचें निःशुल्क कराई जा सकेंगी।




शासन ने इस योजना के तहत एक कंपनी के साथ अनुबंध किया है, जिसके माध्यम से जिले के सभी सीएचसी पर अत्याधुनिक जांच मशीनें और रेजेंट पहुंचाई जा रही हैं। इंस्टॉलेशन के बाद जल्द इस सुविधा का लाभ मिलने लगेगा। डॉ. अमित सक्सेना ने बताया कि अब तक लिवर, किडनी, ईसीजी और अन्य जांच के लिए मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां तीन से चार हजार रुपये तक का खर्च आता है जो अब जिला अस्पताल में ही मिलेगा। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि सीएचसी पर सेईलैक्ट्रा मशीन लगेगी, जिसमें एक बार में 45 सैंपल लगाए जा सकते हैं।

# अमरोहा के सम्पूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा उक्त अवसरों पर अराजक तत्वों द्वारा अपनी गतिविधियों के कारण जनपद में धरा-144 लागू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** अपर जिला अधिकारी गरिमा सिंह ने जनपद में धरा -144 परिवर्तित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लगाने का आदेश जारी किया हैं जो 15 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। उन्हों ने बताया कि जनपद अमरोहा में वर्तमान समय में चौ० चरण सिंह का जन्म दिवस, क्रिसमस ईव, किसमस-डे, नववर्ष दिवस, गुरुगोविन्द सिंह जयन्ती, हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन अजमेरी गरीब नवाज रह० का उर्स, हजरत अली का जन्म दिवस, मकर संक्रान्ति तथा इस अवधि में जनपद अमरोहा में आयोजित होने वाली अन्य परीक्षायें एवं विभिन्न धार्मिक/राजनैतिक संगवनों द्वारा अपने-अपने कार्यकम प्रस्तावित किये जा सकते है। इस अवसर पर कतिपय अराजक तत्वों द्वारा अपनी गतिविधियों से जनसुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित किये जाने के प्रयास की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस कारण से जनपद अमरोहा के सम्पूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा उक्त अवसरों पर अराजक तत्वों द्वारा अपनी गतिविधियों के कारण शाति व्यवस्था प्रभावित किए जाने के प्रयासों पर नियंत्रण स्थापित किए जाने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखवाये जाने के निमित्त आदेश अन्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा का आदेश पारित किया गया हैअपने आदेश में उन्हों ने कहा है कि मैं गरिमा सिंह अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) अमरोहा, भारतीय सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 दण्ड के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकार का उपयोग करते हुए सम्पूर्ण जनपद अमरोहा में निम्नांकित निषेधाज्ञा पारित करती हूँ जिस के तहत किसी भी स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्ति बिना अनुमति के एकत्रित न होंगे। यह प्रतिबन्ध पारिवारिक सदस्यों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों एवं शासकीय कार्यों से सम्बन्धित आयोजन आदि पर लागू नहीं होगा, कोई व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह किसी घर की छत पर या घर के अन्दर अथवा सड़क अथवा सड़क के किनारे या गली में अथवा उसके किनारे अथवा किसी भी स्थान पर ईंट पत्थर या ईंट के टुकड़े या ऐसी सामग्री, जिससे चोट पहुँचायी जा सके, न तो एकत्र करेगा और न ही किसी दूसरे से करायेगा और न ही किसी को ऐसा करने के लिये प्रेरित करेगा।



# कस्तूरबा गांधी "बालिका विद्यालय की 6043 छात्राएं पहली बार देंगी " बोर्ड परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाओं को निशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में प्रवेश दिया जाता है। अभी तक छठीं से 8वीं तक चल रहे केजीबीवी को अब 12वीं क्लास तक अपग्रेड किया जा रहा है। इसी क्रम में इस साल 6043 छात्राएं पहली बार यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगी।प्रदेश में 746 केजीबीवी का संचालन किया जा रहा है। यहां पर लगभग 88 हजार छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं। वहीं शिक्षा मंत्रालय की ओर से सभी केजीबीवी को अपग्रेड कर 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई शुरू कराई जा रही है। इसके तहत इन केजीबीवी में छात्रावास, डारमेट्री, गणित व विज्ञान की लैब, अतिरिक्त क्लास रूम आदि का निर्माण कराया जा रहा है।इसके लिए 60 फीसदी बजट केंद्र और 40 फीसदी प्रदेश सरकार दे रही है। इस क्रम में अब तक प्रदेश के 409 केजीबीवी अपग्रेड हो चुके हैं। पिछले साल से यहां पर 9वीं व 11वीं में प्रवेश भी शुरू करा दिया गया है। इतना ही नहीं पहली बार केजीबीवी की 6043 छात्राएं बोर्ड परीक्षा में भी शामिल होंगी। इसमें 5404 छात्राएं 10वीं और 639 छात्राएं 12वीं की परीक्षा में शामिल हो रही हैं।अन्य केजीबीवी को भी 12वीं तक अपग्रेड करने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें




कुछ केजीबीवी को अपग्रेड करने में कुछ जिलों में आ रही दिक्कतों को देखते हुए यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जहां पर वर्तमान केजीबीवी में विस्तार की संभावना नहीं है, वहां पर पास के राजकीय इंटर कॉलेज में छात्रावास का निर्माण कराकर छात्राओं को इंटर तक की पढ़ाई कराई जाए। इससे इस क्षेत्र की छात्राएं भी उच्च शिक्षा के लिए तैयार हो सकेंगी।समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह के मुताबिक केजीबीवी में हॉस्टल, अतिरिक्त टॉयलेट ब्लॉक आदि सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं। इसके साथ ही छात्राओं के लिए वॉशिंग मशीन, गीजर, ओपेन जिम की भी सुविधा दी जा रही है।सुरक्षा बेहतर करने के लिए सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जा रही है। कहा, छात्राओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल व सुविधाएं देने के साथ-साथ उनके बहुमुखी विकास के लिए खेलकूद को भी बढ़ावा दे रहे हैं। उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# भारत विकास परिषद रामपुर शाखा का "रजत जयंती समारोह" 7 दिसंबर को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा, रामपुर के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयन्ती समारोह 7 दिसंबर को होगा' प्रातः 9:30 बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं दीप प्रज्वलन प्रातः 10:30 बजे, सहभोज दोपहर 2:30 बजे :उत्सव पैलेस कोसी मन्दिर मार्ग, रामपुर मैं होगा। यह जानकारी मंगलवार को जगन्नाथ चावला (क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण) ने देते बताया कि वन्देमातरम एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम अतिथि स्वागत एंव रजत किरण स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पुष्कर मिश्र स्थापक आश्रम परम्परा निदेशक-रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय,



गजेंद्र सिंह सन्धू राष्ट्रीय समन्वयक भारत विकास परिषद्, सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग, (उ०प्र० सरकार), डॉ. नितिन दालभसदस्य राष्ट्रीय गतिविधि सेवा, नरेन्द्र कुमार अरोरा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव,अजय कुमार विश्नोई क्षेत्रीय संयोजक-सम्पर्क, कविता खुराना क्षेत्रीय संयोजिका महिला सहभागिता आदि मौजूद रहेंगे।

# राज्य स्तरीय "विज्ञान और टीएलएम प्रदर्शनी"12 दिसंबर को आगरा में होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** समग्र शिक्षा के तहत इस बार राज्य स्तरीय विज्ञान और शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) प्रदर्शनी आगरा में होगी। राजकीय इंटर कॉलेज शाहगंज आगरा में 12 दिसंबर को होने वाली इस प्रदर्शनी की जिम्मेदारी संयुक्त निदेशक आगरा मंडल को दी गई है। समग्र शिक्षा के संयुक्त निदेशक विवेक नौटियाल ने बताया कि राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी और प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विद्यालयों के चयनित छात्रों के 16 सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का चयन किया जाएगा। पहले विजेता को 31 हजार, दूसरे को 21 व तीसरे को 11 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। चौथे से आठवें तक के विजेताओं को 500-500 रुपये बतौर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से 12वीं के शिक्षकों के टीएलएम का मूल्यांकन होगा। इसमें हर विषय के एक-एक सर्वश्रेष्ठ टीएलएम चुना जाएग और शिक्षकों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के लिए बजट स्वीकृत कर संयुक्त निदेशक आगरा मंडल को इसके व्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन के एक दिन पहले प्रतियोगियों के आने आदि की व्यवस्था करनी होगी।




**अंधेर गर्दी**

## रीबोर के नाम पर प्रधान लगा रहे नए हैंड पाइप

# 2024-25 की आईडी पर 25-26 में भी मनरेगा योजना में काम शुरू होने के 2 दिन बाद ही बंद हो गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राजधानी के विकासखंड मलिहाबाद में तैनात तकनीकी सहायक पंचायतों में लगातार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर अंधेर गर्दी मचा रखे हैं। ग्राम पंचायत सहिलामऊ में ग्राम प्रधान द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2024- 25 में मनरेगा योजना अंतर्गत पूर्व कब्रिस्तान से जैनुद्दीन की बाग तक चक मार्ग पर 23 दिन तक काम कराया गया था और अब उसी पुरानी आईडी पर 25- 26 में भी दोबारा 21 नवंबर को काम शुरू कराया गया और इस बात की भनक लगते ही दूसरे दिन ही काम बंद कर दिया गया। अब सवाल उठता है कि इस साल दोबारा उसी स्थान पर काम क्यों शुरू कराया गया इसके लिए कौन दोषी है इस बात की जांच की जानी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। इसी पंचायत में सचिव और प्रधान की मिलीभगत से रीबोर के नाम पर अभी हाल ही में तीन नए हैंड पाइप लगवाए गए हैं । यहां यह बताना जरूरी है कि प्रधान और सचिव की मिली भगत से अपने खास लोगों को लाभ पहुंचाने की नीयत से प्रधानों द्वारा नए हैंड पाइप लगवाए जा रहे हैं। अगर हैंड पाइप रीबोर किए गए हैं तो उनका पुराना सामान और बोरिंग कहां गायब हो गई। जिन तीन स्थानों पर हैंड पाइप लगाए गए हैं उनमें से एक व्यक्ति ने बताया कि वहां पुराना कोई हैंड पाइप नहीं लगा था इसलिए प्रधान जी ने नया हैंड पाइप लगवाया है। इन तीन हाथ पाइपों के लिए एक बार में ही 75000 निकाले जा चुके हैं । इससे पूर्व में भी यहां कई हैंड पाइप रीबोर के नाम पर लगाए जा चुके हैं। जिले के संबंधित अधिकारियों को इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे जनता का भरोसा बना रहे और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को पालीता न लग सके।







# जमीन के विवाद को लेकर संघर्ष एक घायल चार पर रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के बिस्कुट फैक्ट्री चौराहे के पास एक मकान पर भूमि के विवाद को सुलझाने को लेकर पंचायत बैठी। पंचायत में एक गांव के दोनों पक्षों में विवाद होने लगा और संघर्ष हो गया मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष की ओर से एक घायल हो गया।

कुन्दरकी थाना क्षेत्र के बिस्कुट फैक्ट्री चौराहे पर स्थित एक मकान पर मैनाठेर थाना क्षेत्र के इमरतपुर ऊधों गांव के दो पक्षों का भूमि के विवाद को सुलझाने के पंचायत बैठी। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। पीड़ित पक्ष मौहम्मद रिजवान का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे तथा उसके चाचा राहिल पुत्र जुम्मा को शाम चार बजे एक राय होकर गाली गलौज करते हुए हमें मारा पीटा है और जान से मारने की भी धमकी दी। मारपीट की वजह से राहिल हसन के सिर में चोट आयी। पुलिस ने घायल राहिल हसन का मेडिकल परीक्षण कुन्दरकी सीएचसी में कराया और पीड़ित पक्ष मौहम्मद रिजवान की शिकायत के आधार पर मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर ऊधों निवासी शाने आलम,भोलू, बाबू और सरताज के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# पलक तिवारी ने स्ट्रैप-लैस गाउन में ढाया कहर,तस्वीरें देख उड़े फैंस के होश!

टीवी क्वीन श्वेता तिवारी की बेटी और इंटरनेट सेंसेशन पलक तिवारी एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं. अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में पलक ने ऐसा दिलकश अंदाज दिखाया है कि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे. गोल्डन स्ट्रैपलेस गाउन में उनका ग्लैमरस लुक अब हर जगह छाया हुआ है।

25 साल की पलक तिवारी हमेशा अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस फैशन सेंस के लिए चर्चा में रहती हैं. इस बार उन्होंने अपना एक ऐसा फोटोशूट शेयर किया है, जिसे देखकर फैंस के होश उड़ गए. गोल्डन शिमरी गाउन में पलक का यह नया अवतार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल तस्वीरों में पलक एक स्ट्रैपलेस गोल्डन शिमरी गाउन पहने नजर आ रही हैं. गाउन का अपर पार्ट बॉडी-फिटेड है, जिस पर गोल्डन स्टोन्स की बारीक कारीगरी की गई है. ये स्टोन्स आउटफिट में एक रॉयल ग्लो एड कर रहे हैं. गाउन के लोअर पार्ट में थोड़ी स्पेसिंग के साथ स्टोन्स लगाए गए हैं और नीचे का फैब्रिक फ्लोई रखा गया है. लूज फिनिश और ट्रेल के साथ इस ड्रेस में एक ड्रामेटिक और स्टाइलिश टच भी देखा जा सकता है।

पलक ने अलग-अलग पोज देते हुए अपने इस परफेक्टली टोंड फिगर को खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया है. हर फोटो में उनकी कॉन्फिडेंस और ग्लैमरस अपील साफ झलकती नजर आ रही है. जो फैंस का दिल चुरा रही है।

पलक ने अपने इस ग्लैमरस लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए सटल मेकअप चुना. न्यूड शेड्स, ग्लॉसी लिप्स और ग्लोइंग बेस के साथ उनका मेकअप बिल्कुल परफेक्ट दिख रहा है. हेयरस्टाइल की बात करें तो उन्होंने खुले बालों को चुनकर अपने लुक को और नैचुरल व एलिगेंट बनाया है.

ज्वेलरी में उन्होंने मिनिमल एक्सेसरीज का इस्तेमाल किया है, सिर्फ एक स्टेटमेंट नेकपीस और ईयरिंग्स के साथ उन्होंने पूरे लुक को ग्रेसफुल फिनिश दिया. जिसमें उनकी ड्रेस का ग्रेस खुलकर सामने आ रहा है। जैसे ही पलक ने ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, फैंस ने उनपर प्यार लुटाना शुरू कर दिया. कमेंट सेक्शन में लोग उन्हें गॉर्जियस , स्टनिंग , क्वीन और सो ब्यूटीफुल कहकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। बहरहाल, पलक तिवारी एक बार फिर साबित कर चुकी हैं कि फैशन और स्टाइल के मामले में वो किसी से कम नहीं हैं. चाहे वेस्टर्न गाउन हो या इंडियन आउटफिट, उनका हर लुक इंटरनेट पर छा जाता है।

# रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी फिल्म होगी धुरंधर? बाहर आई ये जानकारी

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर अपनी रिलीज के करीब पहुंच रही है। फिल्म के टीजर और पोस्टर रिलीज किए जा चुके हैं, जिसे लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म से जुड़ा ताजा अपडेट आया है, जो लोगों के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा सकता है। बताया जाता है कि धुरंधर के जरिए रणवीर अपने करियर का सबसे बड़ा रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में।



रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर की अवधि कथित 3 घंटे से ज्यादा होगी। इस बारे में बात करते हुए सूत्र ने कहा, धुरंधर की अंतिम अवधि 3 घंटे से ज्यादा है। यह लगभग 3 घंटे 5 मिनट की है। आदित्य धर, जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज द्वारा तय की गई अंतिम अवधि अगले 10 दिनों में पता चल जाएगी। अगर ऐसा होता है तो पहली बार रणवीर अपने करियर की सबसे लंबी फिल्म से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। रणवीर की पिछली फिल्मों की अवधि पर नजर डालें तो दिल धड़कने दो 2 घंटे 51 मिनट लंबी थी।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की अवधि 2 घंटे 48 मिनट थी। इसके अलावा 83 और पद्मावत की अवधि 2 घंटे 43 मिनट थी। वहीं किल दिल की अवधि 1 घंटा 57 मिनट थी। बता दें कि धुरंधर में संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और अक्षय खन्ना भी हैं। यह फिल्म 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज हो रही है।

# बैड बॉय कार्तिक से नागा शौर्य का नया लव ट्रैक 'अंधमैना फिगारु नुव्वा हुआ जारी रिलीज

नागा शौर्य की आगामी फिल्म बैड बॉय कार्तिक के रोमांटिक गाने अंधामैना फिगारु नुव्वा का लिरिकल वीडियो रिलीज हो गया है। हैरिस जयराज द्वारा रचित इस गाने में श्रीधर सेना और प्रिया जर्सन ने अपनी भावपूर्ण आवाज दी है और कृष्ण कंठ ने इसके बोल लिखे हैं। राम देसिन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक व्यावसायिक एक्शन एंटरटेनर होने का वादा करती है जिसमें जबरदस्त ड्रामा और कॉमेडी का मिश्रण है।



नागा शौर्य इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, उनके साथ विधि, समुथिरकानी, नरेश वीके, साईकुमार, माइम गोपी, श्रीदेवी विजयकुमार, वेनेला किशोर और ब्रह्माजी भी हैं। टीजर में नागा शौर्य का रौद्र और आक्रामक किरदार दिखाया गया है, जो उनके विशालकाय अवतार का संकेत देता है। समुथिरकानी ने वरधा रेड्डी की भूमिका निभाई है, जो कहानी में गहराई जोड़ते हैं। इस फिल्म में एक बेहतरीन तकनीकी टीम है, जिसमें रसूल एलोर द्वारा छायांकन, कोटागिरी वेंकटेश्वर राव द्वारा संपादन और रमनजनेयुलु द्वारा कला निर्देशन शामिल है। इस परियोजना के साथ तेलुगु सिनेमा में हैरिस जयराज की वापसी ने खूब सुर्खियाँ बटोरी हैं, और फिल्म के विविध कलाकार और क्रू एक संपूर्ण मनोरंजन का वादा करते हैं।

इस फिल्म में सुप्रीम सुंदर और पृथ्वी द्वारा कोरियोग्राफ किए गए जबरदस्त एक्शन दृश्यों के साथ-साथ राजू सुंदरम, शोबी मास्टर, विजय पोलंकी और सिरीश द्वारा निर्देशित मनमोहक नृत्य गीत भी शामिल हैं। गीतों के बोल चंद्र बोस, रामजोगय्या शास्त्री, कसारला श्याम और कृष्णकांत ने लिखे हैं।

# अभिनय की दुनिया एक अलग जिंदगी जीने की आजादी देती है: निमरत कौर

ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर जब भी कोई नया सीजन रिलीज होता है, तो दर्शक सबसे पहले यह देखना चाहते हैं कि उनके पसंदीदा किरदारों के साथ क्या नया हुआ है और कौन से नए किरदार कहानी में जुड़ रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में रिलीज हुई द फैमिली मैन सीजन 3 ने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान खींचा है। तीसरे सीजन में एक नया किरदार मीरा दर्शकों के लिए खासा दिलचस्प साबित हुआ। इस किरदार को अभिनेत्री निमरत कौर ने निभाया। इस किरदार को लेकर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। निमरत कौर ने कहा, मीरा का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत शानदार अनुभव रहा। इस रोल ने मुझे महिला सशक्तीकरण



की भावना महसूस करने का मौका दिया। यह किरदार न केवल कहानी में अहम है, बल्कि यह दशार्ता है कि एक महिला अपने तरीके से किसी भी चुनौती का सामना कर सकती है, चाहे वह पुरुषों की दुनिया में काम कर रही हो या फिर नेतृत्व की भूमिका में हो।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसके सभी लेखक पुरुष ही थे, जिन्होंने महिला सशक्तीकरण के अलग पहलुओं को दिखाया। जब महिला का ऐसा किरदार पुरुष लेखकों द्वारा लिखा जाता है, तो उसे निभाना बहुत रोचक अनुभव होता है। इस किरदार ने मुझे खुद पर भरोसा करने और आत्म-विश्वासी बनने की प्रेरणा दी। कई बार मैं खुद को देखती थीं और सोचती कि यह किरदार जिस तरह आत्म-विश्वासी है, मैं असल जिंदगी में उसकी तरह शायद ही बन पाऊं। निमरत ने कहा, अभिनय की दुनिया में मुझे जो आजादी मिलती है, वह असल जिंदगी में शायद संभव नहीं है। जब मैं किसी किरदार को निभाती हूं, तो उसे अपने असली जीवन के अनुभवों और सोच से अलग रखकर पूरी तरह से जी सकती हूं। यही अभिनय की खूबसूरती है कि वह हमें अपनी सीमाओं से परे जाकर किसी और के अनुभव को महसूस करने की आजादी देता है। द फैमिली मैन 3 में निमरत कौर का किरदार खलनायिका मीरा के रूप में सामने आया है। इस शो का निर्देशन राज और डीके ने किया है और इसमें मनोज बाजपेयी, प्रियमणि और जयदीप अहलावत जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। तीसरा सीजन 21 नवंबर को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुआ, जिसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# वजन घटाने की कोशिश करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही? जानिए इसके छिपे कारण

कई लोग वजन घटाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं, फिर भी उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता है। इसका कारण यह है कि कई ऐसे छिपे कारण होते हैं, जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इन कारणों को नजरअंदाज करने से वजन घटाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे छिपे कारणों के बारे में बताते हैं, जो वजन घटाने में बाधा डाल सकते हैं।

**थायराइड की समस्या**

थायराइड की समस्या एक ऐसी स्थिति है, जिसमें थायराइड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में जरूरी हार्मोन का उत्पादन नहीं कर पाती है। इससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण शरीर की ऊर्जा का स्तर भी कम हो जाता है, जिससे वजन कम करना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति में थकान, उदासी और शरीर का तापमान कम होना जैसे लक्षण भी हो सकते हैं। अगर आपको थायराइड की समस्या है तो डॉक्टर से संपर्क करें।



**लंबे समय तक तनाव**

अगर आप किसी समस्या को लेकर काफी समय से तनाव में हैं तो यह भी वजन घटाने में रुकावट डाल सकता है। लंबे समय तक तनाव में रहने से शरीर में एक विशेष हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो वजन बढ़ाने का कारण बन सकता है। इसके अतिरिक्त इस हार्मोन के बढ़े स्तर से भूख भी बढ़ती है और आप ज्यादा खाने लगते हैं। इसलिए तनाव को दूर करने के लिए ध्यान, योग आदि का अभ्यास करें।

**इंसुलिन की समस्या**

इंसुलिन की समस्या एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर इस हार्मोन का प्रभाव सही तरीके से नहीं ले पाता है। इससे ब्लड शुगर का स्तर बढ़ जाता है, जो वजन बढ़ाने का कारण बन सकता है। इस स्थिति में मधुमेह का खतरा भी बढ़ जाता है। इंसुलिन की समस्या से बचने के लिए शरीर की इस हार्मोन के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाने वाले आहारों को अपनी डाइट में शामिल करें। इसके अतिरिक्त नियमित तौर पर एक्सरसाइज करें।

**आंतों का खराब स्वास्थ्य**


आंतों का स्वास्थ्य भी वजन कम करने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। खराब आंत स्वास्थ्य से शरीर में सूजन बढ़ सकती है, जो वजन बढ़ाने का कारण बन सकती है। इसके अतिरिक्त खराब आंत स्वास्थ्य से पाचन क्रिया भी प्रभावित होती है, जिससे वजन कम करना मुश्किल हो जाता है। आंतों के स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए ऐसे खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करें, जो आंतों के लिए फायदेमंद हों।

**नींद की कमी**

नींद की कमी भी वजन घटाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। इसके कारण भूख को नियंत्रित करने वाले हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे भूख बढ़ जाती है और आप ज्यादा खाने लगते हैं। साथ ही नींद की कमी से शरीर की ऊर्जा का स्तर भी कम हो जाता है, जिससे वजन कम करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लें।

# ठंड की वजह से बंद हो गए हैं कान तो इन तरीकों से पाएं राहत

सर्दी में नाक के साथ कान भी बंद हो जाते हैं। इसके कारण ठीक से सुनाई नहीं देता और बहुत परेशानी होती है। यह समस्या कई कारणों से उत्पन्न हो सकती है, जैसे कि कान में ज्यादा गंदगी होना या बलगम जमा हो जाना। वैसे तो यह समस्या कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है, लेकिन कई लोगों को हफ्तों तक आराम नहीं मिलता। अगर सर्दी में आपके कान भी बंद हो गए हैं तो ये घरेलू नुस्खे अपनाएं।



**लार निगलें या जम्हाई लें**

अगर आपके कान अचानक बंद हो गए हैं तो अपना मुंह बंद करके अपनी लार को निगलें। ऐसा करने से कानों पर दबाव पड़ेगा और कान खुल जाएंगे। इसके अलावा आप अपना मुंह खोलकर जम्हाई लेने की कोशिश भी कर सकती हैं। ऐसा बार-बार करने से आपको मिनटों में ही राहत मिल जाएगी। इन गतिविधियों से यूस्टेशियन ट्यूब को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं, जिससे कान बंद नहीं रहते हैं।

**भाप लें**

जिस तरह नाक बंद होने पर भाप लेने से आराम मिलता है, वैसे ही कान बंद होने पर भी यह उपाय मददगार साबित हो सकता है। जिन लोगों के कान बलगम या जुखाम की वजह से बंद हो जाते हैं, उन्हें यह उपाय अपनाना चाहिए। गर्म हवा नाक के मार्ग और यूस्टेशियन नलिकाओं में बलगम को पिघलाने में मदद करेगी, जिससे वह आसानी से निकल जाएगा। इसके बाद आपके कान खुल जाएंगे और आपको सिरदर्द भी महसूस नहीं होगा।

**गर्म कपड़े से सिकाई करें**

अगर आपके कान कई दिनों से बंद हैं तो आप गर्म कपड़े से उनकी सिकाई कर सकते हैं। ऐसा करने से उन पर पड़ने वाला दबाव कम होगा और बलगम आसानी से निकल जाएगा। गर्मी कान की नली के अंदर मौजूद तरल पदार्थ की गति को तेज करते हुए उन्हें खोल देगी। इसके लिए एक साफ कपड़े को गर्म पानी से भिगोएं और उसे निचोड़ भी दें। अब इस कपड़े को कान पर कई बार 10 मिनट तक रखें।

**कान में गर्म पानी डालें**

आप बंद कानों को खोलने के लिए उनमें गर्म पानी भी डाल सकते हैं। यह उपाय उन लोगों के लिए बढ़िया रहेगा, जिनके कानों में वैक्स यानि गंदगी भरी है। इसके लिए एक ट्यूब को कान पर लगाएं और उसके सहारे गुनगुना पानी उनमें डालें। इसके बाद जिस कान में आपने पानी डाला है, उसे नीचे की ओर झुकाएं। इसके बाद पानी को कान से बाहर निकल जाने दें, जिसके साथ गंदगी भी निकल जाएगी।

**च्युइंग गम चबाएं**

च्युइंग गम चबाने जैसी साधारण गतिविधि भी बंद कानों को खोलने में मदद कर सकती है। इसके दौरान जबड़े बार-बार हिलते हैं और बार-बार निगलना भी पड़ता है। इससे यूस्टेशियन नलियों को खोलने में मदद मिलती है और कानों पर हल्का दबाव पड़ता है। इससे कान खुल जाते हैं और असुविधा भी नहीं होती है। यह तरीका उन लोगों के लिए अच्छा है, जिनके कान हवाई यात्रा के दौरान बन हो जाते हैं।

# आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में एम.डी.एस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिये पी.जी. डे बडे धूमधाम से मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी एम.डी.एस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिये पी.जी. डे का आयोजन बड़े धुम-धाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में सभी एम.डी.एस पाठ्यक्रम के 120 से अधिक छात्रों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सामने द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रुप डांस, डुएट डांस, सोलो डांस, डुएट सिंगिंग, सोलो सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, पोएट्री एवं फैशन शो जैसे कलचर्रल कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के एम.डी.एस के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।






इस अवसर की शोभा आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्डा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की गरिमामयी उपस्थिति ने बढायी। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ0 देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ डीन्स, सभी विभागों के एच.ओ.डी तथा दंत चिकित्सक उपस्थित रहें। अंत में प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा द्वारा सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान संस्थान में एक उच्च स्तर की ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखा गया।
इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# खानकाहे बरकातिया के सज्जादानशीन को हाफिजे मिललत का अवार्ड मिलने पर हुआ इस्तकबाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**एटा (एम.ए.खान)।** जामिया अशर्फियां अरेबिक यूनिवर्सिटी मुबारकपुर की जानिब से दरगाह शरीफ खानकाहे बरकातिया दरगाह शरीफ मारहरा के सज्जादा नशीन सैय्यद नजीब हैदर को हाफिजे मिललत का अवार्ड मिलने के उपरांत जगह जगह स्वागत जारी है। सुन्नी मुसलमानों का ये सबसे बड़ा अवार्ड समझा जाता है। इसी क्रम में आज दरगाह शरीफ कैंपस में फैजाने बरकात कमेटी की जानिब से सैय्यद नजीब हैदर को गुलपोशी करऔर साफा बांध कर शानदार इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर एक जलसे को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन परवेज जुबैरी ने कहा कि नजीब मियां हर किसी के सुख दुख में शामिल रहते हैं गरीबों की मदद भी करते हैं। वो बहुत सादा जिंदगी बसर करते हैं। मुफ्ती असलम नबील अजहरी ने कहा कि नजीब मियां को इस्लामी जगत में बड़े इजतो एहतराम के साथ देखा जाता है उनकी दीनी और मिललती काबिले तारीफ हैं। फैजाने बरकात कमेटी के सेक्रेटरी और जलसे की निजामत कर रहे राहत हुसैन ऐडवोकेट ने अवार्ड मिलने पर सैय्यद नजीब हैदर को मुबारकबाद देते हुए कहा कि आप को इतने बड़े अवार्ड से सम्मानित किया जाना हमारे कस्बे के लिए बड़े फक्र की बात है इस मौके पर बड़ी तादाद में जामिया एहसानुल बरकात के उस्तादे कराम फैजाने बरकात कमेटी के पदाधिकारी और शहर के सम्मानित आवाम मौजूद थे।



# नंबर-1 टेक्निकल ट्रेनिंग विंग,एएमसी सेंटर और कॉलेज लखनऊ में अग्निवीरों का अटेस्टेशन परेड आयोजित की जायेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** नंबर-1 टेक्निकल ट्रेनिंग विंग, एएमसी सेंटर और कॉलेज, लखनऊ में अग्निवीरों (क्लर्क, स्टोरकीपर टेक्निकल, ड्राइवर मोटर व्हीकल और एम्बुलेंस असिस्टेंट) की एक शानदार अटेस्टेशन परेड हुई परेड का रिव्यू ब्रिगेडियर विक्रम सिंह ग्रेवाल, कमांडर, नंबर-1 टेक्निकल ट्रेनिंग विंग ने किया, जिससे अग्निवीरों की कड़ी ट्रेनिंग पूरी हुई और उन्हें आर्मी मेडिकल कोर में ऑफिशियली शामिल किया गया। यह परेड 'अग्निपथ स्कीम' के तहत हर अग्निवीर में पक्के इरादे के साथ डाले गए अनुशासन, सेवा और समर्पण के आदर्शों को दर्शाती है नए अटेस्टेड अग्निवीर इंडियन आर्मी मेडिकल कोर की समृद्ध परंपराओं को बनाए रखने और गर्व के साथ देश की सेवा करने के लिए तैयार हैं। उनका कमिटमेंट, डिसिप्लिन और स्किल आर्मी मेडिकल कोर को फोर्स को बेमिसाल सपोर्ट देने के अपने मिशन में मजबूत करेगा। सीनियर ऑफिसर्स, ट्रेनिंग स्टाफ ने परेड और शपथ समारोह देखा। रिक्रूट्स के सैनिक बनने का जश्न मनाया और उन्हें ड्यूटी, सम्मान और बिना स्वार्थ के सेवा के मूल्यों को बनाए रखने के लिए बधाई दी।



# भाषा विश्वविद्यालय: टर्म एंड परीक्षा में दो शिफ्टों में 1,782 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आज आयोजित टर्म एंड परीक्षाओं में कुल 1,782 विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज की। प्रथम पाली में 894 विद्यार्थी तथा द्वितीय पाली में 888 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षा व्यवस्था शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संचालित हुई। परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और व्यवस्था की निगरानी के लिए डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. विवेक बाजपेयी और मोहम्मद शारिक ने सभी परीक्षा-कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



कुलपति ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर संपूर्ण तैयारियों का मूल्यांकन किया और परीक्षा की पारदर्शी एवं अनुशासित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण उपरांत परीक्षा नियंत्रक श्री विकास ने कहा कि परीक्षाओं को नकलविहीन, अनुशासित और पारदर्शी वातावरण में आयोजित करना विश्वविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग से आज की परीक्षा पूरी शुचिता के साथ सम्पन्न हुई।

## पर्यटन सम्वर्ग में नई नियमावली लागू, सीधी भर्ती व पदोन्नति दोनों माध्यमों से भरे जाएंगे पद

# पर्यटन सेवा नियमावली 2025 प्रख्यापित,योगी सरकार ने किए बड़े सुधार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन विभाग में संरचनात्मक सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशो के अनुरूप, पर्यटन विभाग में व्यापक संरचनात्मक सुधार करते हुए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली-2025 का प्रख्यापन किया गया है। नई नियमावली के लागू होने से पूर्व के सभी नियम, आदेश तथा दिशा-निर्देश अवक्रमित हो गए हैं।

**नई नियमावली से भर्ती प्रक्रिया हुई सुदृढ़**

नई प्रख्यापित नियमावली के तहत पर्यटन अधीनस्थ सेवा सम्वर्ग में प्रकाशन अधिकारी, अपर जिला पर्यटन अधिकारी तथा पर्यटन सूचना अधिकारी के पद अब सीधी भर्ती तथा पदोन्नति दोनों माध्यमों से भरे जाएंगे। विभाग के अनुसार, प्रकाशन अधिकारी के पदों के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, जबकि पर्यटन सूचना अधिकारी के पदों की भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा की जाएगी। नई व्यवस्था से चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व प्रतिस्पर्धात्मक होने की उम्मीद है।



**सेवा संरचना में व्यापक प्रावधान**

नई नियमावली में नियुक्ति, सेवा शर्तों, पदोन्नति, अर्हता तथा वरिष्ठता सहित अन्य प्रशासनिक प्रावधानों का भी समावेश किया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन, अमृत अभिजात ने कहा कि यह नियमावली पर्यटन विभाग में एक समन्वित, सक्षम व आधुनिक सेवा संरचना सुनिश्चित करेगी। राज्य सरकार का मानना है कि इन सुधारों से प्रदेश में पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी और प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होगी।

# प्रत्यक्ष कर संबंधी शोधकार्य पर राहुल गुप्ता को पीएचडी की उपाधि मिली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष कर पर शोध भारत में प्रत्यक्ष करों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर विश्लेषणात्मक अध्ययन मे संबंधित नियमों और भारत की अर्थव्यवस्था में उनकी उपयोगिता पर किये गये महत्वपूर्ण शोधकार्य के लिये राहुल गुप्ता को पीएचडी उपाधि प्रदान की गयी है।सत्य साईं विश्वविद्यालय में प्रोफेसर गजराज सिंह के दिशानिर्देशन में संबंधित शोधकार्य को पूरा करने वाले राहुल गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि उनकी यह रिसर्च आर्थिक शोधार्थियों और अर्थव्यवस्था पर कार्य करने वाले विशेषज्ञों के लिये बहुत उपयोगी साबित होगी। भारत में प्रत्यक्ष करों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर विश्लेषणात्मक अध्ययन।



# संचार साथी ऐप पर विरोध को लेकर किरेन रिजिजू बोले-हर मुद्दे को हथियार मत बनाइए

**नई दिल्ली ।** संचार साथी ऐप को लेकर शुरू हुए विवाद के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधा और हर बात को मुद्दा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार कई मोर्चों पर चर्चा करने के लिए तैयार है, इसके बावजूद विपक्ष जानबूझकर लगातार नए मुद्दे उठाकर संसद की कार्यवाही को बाधित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हर मुद्दे को हथियार नहीं बनाना चाहिए।
संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन रिजिजू ने प्रेस से कहा, विपक्ष को मुद्दे खोजने, हर मुद्दे को हथियार बनाने और सिर्फ हंगामा करने की जरूरत नहीं है। शीतकालीन सत्र की कार्य-सूची निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने कहा, हम विपक्ष द्वारा उठाए गए कई मुद्दों पर विचार करेंगे, चर्चा के बिंदु पहले तय कर लिए गए हैं। हर मुद्दा अपनी जगह महत्वपूर्ण है। लेकिन हर मुद्दे को हथियार बनाना और संसद को चलने न देना सही नहीं है।
दूरसंचार विभाग ने फोन निमार्ताओं और आयातकों को 90 दिनों के भीतर संचार साथी ऐप को प्रीलोड करने और सॉफ्टवेयर अपडेट से इसे पहले से बिक्री चैनलों में मौजूद उपकरणों तक पहुंचाने का आदेश दिया है।
यह ऐप उपयोगकर्ताओ को धोखाधड़ी वाली कॉल, खोए हुए डिवाइस और आईएमईआई से संबंधित दुरुपयोग की रिपोर्ट करने में सक्षम बनाता है। इसी ऐप को लेकर विपक्ष का विरोध शुरू हो गया है। विपक्ष ऐप को जासूसी ऐप बता रहा है।



# बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद चुनाव को लेकर खतौली में प्रदीप मलिक ने किया चुनावी जनसंपर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर/खतौली (डॉ. एम.ए. तोमर)।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद चुनाव को लेकर प्रदेश भर में सरगर्मी तेज है।लगभग ढाई लाख अधिवक्ता मतदाताओं वाले इस चुनाव में प्रत्याशी व्यापक स्तर पर संपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व महासचिव एवं यूपी बार काउंसिल के सदस्य पद के प्रत्याशी प्रदीप कुमार मलिक एडवोकेट ने मंगलवार को खतौली तहसील पहुंचकर अधिवक्ताओं के चैंबरों में डोर टू डोर संपर्क कर प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की। इसके उपरांत अधिवक्ता संघ सभागार में आमसभा आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष नसीर हैदर काजमी ने तथा संचालन महामंत्री प्रदीप कुमार एडवोकेट ने किया।प्रदीप मलिक ने कहा कि अधिवक्ता हितों की रक्षा व एकता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने आश्वासन दिया कि जीतने पर अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने,रजिस्ट्रेशन व सीओपी से जुड़ी समस्याओं को सरल बनाने,नए अधिवक्ताओं को पाँच हजार मासिक सहयोग दिलाने तथा बार-बेंच समन्वय मजबूत करने पर विशेष कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि हाल के समय में प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच पैदा हुए टकराव को रोकने तथा सौहार्द बनाए रखने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।महामंत्री प्रदीप कुमार ने खतौली के सभी अधिवक्ताओं की ओर से उन्हें पूर्ण सहयोग,वोट और समर्थन का आश्वासन दिया।ज्ञात हो कि बार काउंसिल ऑफ यूपी के सामान्य निर्वाचन 2025-26 हेतु 333 प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो चुकी है। चुनाव चार चरणों में 16 से 31 जनवरी 2026 तक होंगे। मतदान स्थल पर प्रचार सामग्री,बैनर,पोस्टर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना व किसी भी प्रकार का प्रचार पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।
बैठक में वसी अंसारी, सरदार जितेंद्र सिंह,जितेंद्र त्यागी, रामचंद्र सैनी,सचिन आर्य, राजगृही यादव, राजवीर सिंह,सुभाष चंद्र,अमित त्यागी, योगेश खारी,मोहम्मद अरशद, शाजेब इकबाल,अभिषेक गोयल, अंकित बालियान, देवेंद्र पंवार,संत कुमार अहलावत, अनुज तोमर,नितिन जावला समेत अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**अधिवक्ता हित सर्वोपरि : प्रदीप मलिक**




## मुलाकात

## पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

# केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री से सांसद ने की मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरन रिजिजू से मंगलवार को सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने उनके कार्यालय में मुलाकात की।
सांसद ने किरन रिजिजू को एक आधिकारिक पत्र सौंपा। जिसमें उम्मीद पोर्टल पर वक्फ डेटा अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया। क्योंकि अभी भी कई मस्जिदों, कब्रिस्तानों और अन्य वक्फ संपत्तियों का डेटा अपलोड होना शेष है, और पोर्टल में आ रहीं तकनीकी समस्याओं के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किरन रिजिजू ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



# शिक्षकों पर हुई एफआईआर ली जाए वापस: अटेवा संभल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुन्नौर (मौहम्मद अब्बास)।** अटेवा का देश व्यापी आह्वान 25 नवम्बर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली तथा टेट अनिवार्यता समाप्ति के विरोध में धरना कर रहे चार साथियों पर अनुमति से अधिक संख्या का हवाला देकर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में प्राथमिकी वापस करने के लिए एफआईआर की प्रति जलाकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच संभल की शाखा जुनावई में विरोध दर्ज किया गया। विरोध दर्ज करने वालों में मंजीत मोहन (जिला कोषाध्यक्ष अटेवा संभल) सुधीर कुमार त्यागी संदीप कुमार सुरेश चंद्र रामवीर सिंह दीपक कुमार शरद यादव अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267